सुप्रभात
रांची, गुरुवार
15.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, तृतीया, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 299 | 12



रेड कार्पेट पर उर्वशी रौतेला का जलवा

## न्यूज डायरी

### यूपीएससी के अध्यक्ष बने पूर्व रक्षा सचिव अजय कुमार

**नयी दिल्ली।** पूर्व रक्षा सचिव अजय कुमार को संघ लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने मंगलवार यह जानकारी दी।

### जेएनयू ने तुर्की यूनिवर्सिटी से तोड़ा समझौता

**नयी दिल्ली।** जेएनयू ने तुर्की के इनोनू विश्वविद्यालय के साथ किया गया शैक्षणिक समझौता समाप्त कर दिया है। यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों के आधार पर लिया गया है।

### सीसीएल के सेफ्टी अफसर 10 हजार घूस लेते गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड में सीबीआई की टीम ने बुधवार को रामगढ़ स्थित सीसीएल के सिरका कोलियरी में छापेमारी कर सीसीएल के सेफ्टी अफसर राजेंद्र प्रसाद को 10 हजार रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ़्तार किया। कोलियरी के जगदीश तांती के कर्मचारी ने सीबीआई को लिखित शिकायत की थी।

### सरकारी स्कूलों में 22 से 4 जून तक गर्मी की छुट्टी

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों की घोषणा कर दी है। ये छुट्टियां 22 मई से शुरू होकर 4 जून तक चलेंगी। विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि मौसम की स्थिति गंभीर होने पर स्थानीय उपायुक्त के आदेश पर स्कूलों की छुट्टियां आगे बढ़ायी जा सकती है। उसकी भरपायी रविवार या अन्य छुट्टी वाले दिन स्कूल खोलकर की जाएगी, ताकि सिलेबस समय पर पूरा हो सके।

### बिना वीजा भारत में हो रही घुसपैठ : बजरंग बागड़ा

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री बजरंग बागड़ा ने कहा कि देश के अंदर विदेशी बिना वीजा के घुसपैठ कर रहे हैं। राज्य सरकार और केंद्र सरकार इनको चिन्हित कर कार्रवाई करे तथा उनको इस देश से वापस भेजे। विदेशी को देश में आने के लिए वीजा कानून बना हुआ है। उसका पालन सख्ती से हो। उन्होंने झारखंड में लैंड जिहाद पर कहा कि जिहादी कानून का गलत प्रयोग कर जमीन पर कब्जा कर रहे हैं।

### सर्वोच्च कमांडर ने सेना की वीरता को सराहा

**नयी दिल्ली।** तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की वीरता, समर्पण और सफलता की सराहना की। सीडीएस जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में उनसे मुलाकात कर ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी। जनरल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह तथा नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने राष्ट्रपति को पाकिस्तान और आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई की जानकारी दी।

## गला सूखा तो भारत से लगायी रहम की गुहार


# पत्र लिखकर सिंधु के पानी के लिए गिड़गिड़ाया पाकिस्तान

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान ने सिंधु जल समझौते को बहाल करने के लिए फिर से भारत से गुहार लगायी है। पाकिस्तान के जल संसाधन मंत्रालय ने भारत के जल शक्ति मंत्रालय को औपचारिक पत्र लिखकर गुहार लगायी है कि सिंधु जल समझौते को स्थगित करने के फैसले पर पुनर्विचार करें। पड़ोसी देश के जल संसाधन मंत्रालय के सचिव सैय्यद अली मुर्तुजा ने चिट्ठी लिखकर यह अनुरोध किया है। पाकिस्तान का कहना है कि अगर भारत ने सिंधु जल संधि को बहाल नहीं किया तो पाकिस्तान में जल संकट बड़ा रूप ले सकता है।

**भारत ने नहीं सुनी पाक की गुहार**

भारत सरकार ने पाकिस्तान की अपील को ठुकरा दिया है। सूत्रों के अनुसार, भारत ने पाकिस्तान की



किसी भी दलील पर कोई हमदर्दी नहीं दिखायी है।

बता दें कि पीएम मोदी ने दो दिन पहले ही राष्ट्र के नाम संबोधन में साफ कहा था कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते। उनके इस बयान ने यह साफ कर दिया कि भारत सरकार का रुख पूरी तरह से सख्त है। अब भारत आतंकवाद, बातचीत, व्यापार और पानी के मसलों को एक साथ नहीं चलने देगा। पाकिस्तान ने दुनिया के कई देशों के सामने हाथ जोड़कर अपील की। उसे कहीं से कोई राहत नहीं मिली। अंत में अब वह भारत से ही सिंधू जल संधि को बहाल करने की गुहार लगाने लगा है। पाकिस्तान की तरफ से ये चिट्ठी तब आयी है, जब एक दिन पहले ही विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया था कि ये संधि स्थगित रहेगी।

**पहले आतंकवाद को पालना बंद करे :** केंद्र सरकार ने तब तक इस संधि को स्थगित रखने का फैसला किया है, जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को अपना समर्थन देना बंद नहीं कर देता।

**भारत खुद इस्तेमाल करेगा पानी :** भारत सरकार अब सिंधु, झेलम और चिनाब नदियों के पानी का अपने लिए उपयोग करने की योजना पर काम कर रही है। इन योजनाओं के जरिए भारत कृषि, बिजली और घरेलू जल आपूर्ति के लिए इस पानी का इस्तेमाल करेगा, जो पहले पाकिस्तान को मिलता था।

## भारत में यूनिसेफ की प्रतिनिधि सिन्थिया मेककेफरी सीएम से मिलीं

# बच्चों के समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : हेमंत सोरेन

**प्रतिबद्धता**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को आवासीय कार्यालय में यूनिसेफ की भारत में प्रतिनिधि सिन्थिया मेककेफरी ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने झारखंड में बच्चों के समग्र विकास के लिए यूनिसेफ द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यों एवं गतिविधियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। उन्होंने बाल अधिकारों के संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य और उनके व्यक्तित्व के विकास के लिए बेहतर माहौल बनाने के लिए राज्य सरकार के संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने यूनिसेफ के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

**हर क्षेत्र में बच्चों को आगे बढ़ने का किया जा रहा प्रयास**



मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बच्चों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे राज्य के बच्चे हर क्षेत्र में कैसे आगे बढ़ें, इसके लिए कई योजनाएं चलायी जा रही है। जब तक बच्चे स्वस्थ और सुरक्षित नहीं रहेंगे, तब तक उनके विकास की बात नहीं हो सकती है। यही वजह है कि हमारी सरकार बच्चों में कुपोषण और कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने के लिए हर स्तर पर काम कर रही है। सीएम ने कहा कि बच्चों के समग्र विकास के लिए यूनिसेफ को सरकार की ओर से पूरा सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से इस राज्य के बच्चों को बेहतर जीवन देने का प्रयास किया जायेगा। इस मौके पर यूनिसेफ, झारखंड की प्रमुख कननिका मित्रा और कम्युनिकेशन स्पेशलिस्ट आस्था अलंग भी मौजूद थीं।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आयोजित समारोह में पद की दिलायी शपथ

# न्यायमूर्ति बीआर गवई बने उच्चतम न्यायालय के 52वें मुख्य न्यायाधीश

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** न्यायमूर्ति बीआर गवई ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। वह इस वर्ष 23 नवंबर तक इस पद पर रहेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में उन्हें पद की शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, शीर्ष अदालत के अन्य न्यायाधीश और कुछ पूर्व न्यायाधीश समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। इस अवसर पर न्यायमूर्ति गवई की पत्नी, मां तथा परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। शपथ ग्रहण करने के बाद




सबसे पहले उन्होंने अपनी मां के पैर छुए।

गौरतलब है कि न्यायमूर्ति खन्ना ने अपने उत्तराधिकारी के तौर पर न्यायमूर्ति गवई को मुख्य न्यायाधीश बनाने की सिफारिश केंद्र सरकार से की थी। न्यायमूर्ति गवई को 24 मई, 2019 को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 साल है।

बता दें कि न्यायमूर्ति गवई का मुख्य न्यायाधीश बनना शीर्ष अदालत के इतिहास में मील का पत्थर माना जा रहा है, क्योंकि वह पूर्व मुख्य न्यायाधीश केजी. बालकृष्णन के बाद इस पद पर पहुंचने वाले अनुसूचित जाति समुदाय से दूसरे व्यक्ति हैं। न्यायमूर्ति गवाई जाने-माने राजनीतिज्ञ, प्रमुख अंबेडकरवादी, पूर्व सांसद एवं कई राज्यों के राज्यपाल रह चुके आरएस गवई के पुत्र हैं।

### बीएसएफ जवान 22 दिनों के बाद पाक की हिरासत से हुआ मुक्त



**कोलकाता।** पाकिस्तान की हिरासत में 22 दिनों तक रहने के बाद बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार साव बुधवार सुबह स्वदेश लौट आए। जैसे ही अटारी सीमा पार कर उन्होंने भारतीय जमीन पर कदम रखा, पूरे देश ने राहत की सांस ली। इस बीच सबसे भावनात्मक क्षण वह था, जब जवान ने अपने कार्यस्थल पठानकोट से पत्नी रजनी को वीडियो कॉल किया। एक ओर चेहरे पर लंबी दाढ़ी, थकी-हारी आंखें और दूसरी ओर पत्नी की आंखों से फूट पड़ा दर्द।

हुगली जिले के पूर्णम कुमार को बुधवार सुबह 10:30 बजे अटारी-वाघा सीमा के जरिए भारत को सौंपा गया। उसके बाद उन्हें तुरंत पठानकोट भेजा गया। बीएसएफ के बंगाल स्थित अधिकारियों ने बताया कि पूर्णम की मेडिकल जांच और कुछ अन्य औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उन्हें उनके परिवार के पास भेज दिया जाएगा।

## डाकघर में शराब पीने पर तीन कर्मचारी निलंबित, एक बर्खास्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के टाटानगर पोस्ट ऑफिस में ड्यूटी के दौरान खुलेआम शराब पीने की घटना पर डाक विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए तीन कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है, जबकि एक अन्य कर्मचारी को ड्यूटी से हटा दिया गया है। इस मामले के मीडिया में उजागर होने और केंद्रीय संचार मंत्रालय की ओर से संज्ञान लेने के बाद यह कार्रवाई की गई है।

**जांच के बाद हुई कार्रवाई :** वरीय डाक अधीक्षक परमानंद कुमार के निर्देश पर एएसपी (वेस्ट) परीक्षित सेठ ने इस मामले की जांच की। जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद एलएसजी डाक सहायक नितेश कुमार, ओवरसियर अमित कुमार ठाकुर और नाइट गार्ड जितेन्द्र कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। साथ ही जीडीएस बीपीएम सूरज कुमार साहू को भी ड्यूटी से हटा दिया गया है।



**तीन मई की रात हुआ था मामला उजागर :** उक्त घटना 3 मई की रात की है, जब टाटानगर पोस्ट ऑफिस परिसर में डाक कर्मचारी कथित रूप से परिसर के भीतर खुलेआम शराब का सेवन करते हुए पाए गए। इस संबंध में एक मीडिया रिपोर्ट सामने आने के बाद विभागीय जांच के आदेश जारी किए गए थे।

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के संज्ञान में आते ही डाक विभाग ने ऐसी अनुशासनहीनता को गंभीर सेवा उल्लंघन मानते हुए स्पष्ट किया कि कार्यालय परिसर में इस प्रकार का आचरण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग ने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए शून्य सहनशीलता की नीति अपनाने की बात दोहराई है।

### सात करोड़ नकद व एक किलो सोना लूटकांड में नक्सली कुंदन पाहन बरी

**रांची।** बहुचर्चित सात करोड़ नकद के साथ एक किलो सोना लूटने से जुड़े 17 साल पुराने मामले में ट्रायल फेस कर रहा आरोपी जेल में बंद नक्सली कुंदन पाहन को अदालत ने पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। अपर न्यायायुक्त आनंद प्रकाश की अदालत ने बुधवार को उक्त मामले में फैसला सुनाया। आरोपी पर लगे आरोप को साबित करने के लिए अभियोजन पक्ष ने दो आईओ समेत 6 गवाहों को अदालत में प्रस्तुत किया था, लेकिन आरोप साबित नहीं किया जा सका। जांच अधिकारी ने अदालत के समक्ष कहा कि लूटी गईयी कोई सामग्री बरामद नहीं हो सकी है। इसका लाभ आरोपी को मिला। आईसीआईसीआई एटीएम कैश वैन लूट की घटना को अंजाम तमाड़ थाना क्षेत्र में 21 मई 2008 को दिया गया था। बता दें कि लूट की घटना तब हुई थी जब जमशेदपुर से रांची के लिए चली वैन तमाड़ के सुप्रिया ढ़ाबा के निकट रूकी। वैन के गन मैन शौच के लिए गया। उसी समय अपराधियों ने फायरिंग करके घटना को अंजाम दिया।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा की तिरंगा यात्रा



# झारखंड के अधिकारी अब इनोवा क्रिस्टा होंडा सिटी और बोलेरो पर करेंगे सवारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने कई विभागों के लिए इनोवा क्रिस्टा, होंडा सिटी और बोलेरो खरीदने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई प्रशासी पदवर्ग समिति की बैठक में इसकी अनुशंसा की गयी है। सूचना जनसंपर्क विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव व सचिव के लिए इनोवा क्रिस्टा या होंडा सिटी खरीदने की अनुशंसा की गयी है। इसके अलावा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, निदेशालय व क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए बाह्य स्रोत से कुल 38 वाहन रखे जाने की भी अनुशंसा की गयी है।

**वाणिज्य कर विभाग के लिए होंडा सिटी :** वाणिज्य कर विभाग के सचिव के लिए होंडा सिटी खरीदने की स्वीकृति दी गयी है। समिति ने अनुशंसा की है कि वर्तमान में उपयोग में लायी जा रही मारुति सियाज का सेवा काल समाप्त होने के बाद, वाहन का क्रय किया जाये। वहीं गृह विभाग ने झारखंड पुलिस के आठ टाटा सफारी पीसीआर/हाईवे पेट्रोल वाहनों के विरूद्ध आठ नये बोलेरो खरीदने की अनुशंसा की है।

## कार्टून कोना





## झारखंड में जून के पहले या दूसरे सप्ताह में पहुंचने की उम्मीद

# बंगाल की खाड़ी पहुंचा मॉनसून 27 मई को केरल में देगा दस्तक

**मौसम पूर्वानुमान**

**एजेंसी**

**तिरूवनंतपुरम।** भारतीय मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून बुधवार को बंगाल की खाड़ी पहुंच गया। यह 27 मई को केरल में दस्तक देगा। मॉनसून ने मंगलवार को निकोबार द्वीप समूह पर दस्तक दी थी। हर साल 22 मई के आसपास अंडमान में प्रवेश करने वाला मॉनसून इस साल नौ



दिन पहले आया है।

मौसम विभाग ने कहा कि अंडमान सागर के ऊपर चक्रवात जैसी स्थिति बन रही है। इससे 16 से 22 मई के बीच कम दबाव का क्षेत्र बन सकता है, जो 23 से 28 मई के बीच साइक्लोन शक्ति का रूप ले सकता है। अगर यह साइक्लोन बनता है, तो 24 से 26 मई के बीच ओड़िशा, पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के तटीय इलाकों पर असर डाल सकता है।

इधर, मौसम विभाग ने बिहार-छत्तीसगढ़ समेत 14 राज्यों में आंधी-बारिश की चेतावनी जारी की है। गुजरात, असम समेत 9 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट है। वहीं, झारखंड और उत्तर प्रदेश में एक बार फिर गर्मी बढ़ सकती है और यहां उमस की संभावना है।

**16 मई :** छत्तीसगढ़, झारखंड, ओड़िशा और पश्चिम बंगाल में तेज आंधी और बारिश का असर बना रहेगा।

**17 मई :** मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, सिक्किम और झारखंड में मौसम खराब बना रहेगा। ओड़िशा में भी गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। विभाग ने बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। संभावना है कि इन जगहों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

## रिजल्ट के बाद कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को होगा लाभ

# तनावपूर्ण समय में विद्यार्थियों के लिए हेल्पलाइन व मुफ्त परामर्श सेवा शुरू

**सीबीएसई**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षा के परिणामों के बाद छात्रों को सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से सीबीएसई ने मुफ्त में मनोवैज्ञानिक परामर्श सेवाओं के दूसरे चरण की शुरूआत की है। यह हेल्पलाइन 13 मई से शुरू हो चुकी है और 28 मई 2025 तक उपलब्ध रहेगी।

सीबीएसई ने इस तनावपूर्ण समय में छात्रों और उनके परिवारों की मानसिक लाभ सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया है। सीबीएसई परिणाम 2025 की मार्कशीट छात्र अपने रोल नंबर, एडमिट कार्ड आईडी, स्कूल कोड और जन्म तिथि जैसी लॉगिन जानकारियों के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं।

**टेली-काउंसलिंग सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक:** छात्र और अभिभावक 1800-11-8004 पर कॉल करके तनाव प्रबंधन, समय प्रबंधन और अन्य परीक्षा-संबंधित समस्याओं पर तुरंत सलाह प्राप्त कर सकते हैं। टेली-काउंसलिंग सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक भारत और विदेशों में स्थित सीबीएसई स्कूलों के 65 प्रशिक्षित विशेषज्ञ जिनमें प्राचार्य, काउंसलर और विशेष शिक्षक शामिल हैं, दूरभाष पर मार्गदर्शन देंगे। छात्र इन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए सीबीएसई वेबसाइट के काउंसलिंग अनुभाग में जा सकते हैं।

यह सराहनीय पहल ऐसे समय में की गई है जब छात्र न केवल अपने बोर्ड परिणामों पर चिंतन कर रहे हैं, बल्कि सीईयूटी, जेईई, और नीट जैसी राष्ट्रीय परीक्षाओं की तैयारी भी कर रहे हैं। सीबीएसई की यह परामर्श सेवा यह सुनिश्चित करने का प्रयास है कि छात्रों की भावनात्मक भलाई उनके शैक्षणिक सफर के अगले चरण में भी प्राथमिकता बनी रहे।

### कल्याण मंत्री ने जिला स्कूल परिसर में संचालित आकांक्षा कार्यक्रम का किया औचक निरीक्षण

# मेधावी आदिवासी छात्रों को इंजीनियरिंग और मेडिकल की तैयारी करायेगी सरकार : चमरा लिंडा

- एसटी/एससी समाज के बच्चे- बच्चियों में प्रतिभा की कमी नहीं
- जुलाई 2025 के प्रथम सप्ताह से कोचिंग की होगी शुरुआत



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कल्याण मंत्री चमरा लिण्डा ने कहा कि कल्याण विभाग 10वीं एवं 12वीं पास मेधावी आदिवासी छात्र-छात्राओं को इंजीनियरिंग और मेडिकल की तैयारी कराएगा। उक्त बातें कल्याण मंत्री श्री लिण्डा ने बुधवार को रांची के जिला स्कूल परिसर में संचालित किए जा रहे आकांक्षा कार्यक्रम का औचक निरीक्षण करने के उपरांत कही। उन्होंने कहा कि आदिवासी छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा मिलने पर वे इंजीनियरिंग, मेडिकल एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सरलता से सफल हो सकते हैं। विभाग इस निमित्त व्यापक तैयारी करेगा।

उन्होंने कहा कि जब आदिवासी समाज के विद्यार्थी क्वालिटी एजुकेशन प्राप्त करेंगे तभी हर क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे। आदिवासी समाज के बच्चे-बच्चियों में काफी प्रतिभा है, जरूरत है कि हम सभी लोग मिलकर उनकी प्रतिभा को तराशने का काम करें। हमारे एसटी/एससी समाज के विद्यार्थियों के अंदर असीम संभावनाएं दिखती हैं। कई क्षेत्रों में हमारे बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन भी किया है।

**जुलाई 2025 के प्रथम सप्ताह से निःशुल्क कोचिंग की होगी शुरुआत :** श्री लिण्डा ने कहा कि वर्तमान वर्ष से आकांक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत वैसे आदिवासी छात्र-छात्राएं जो मेधावी हैं, उनका चयन कर, उन्हें विशेष रूप से निःशुल्क कोचिंग प्रदान कर इंजीनियरिंग और मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाएगा। मंत्री चमरा लिण्डा ने कहा कि आईसीएससी एवं सीबीएसई बोर्ड के रिजल्ट आ गए हैं। राज्य के जैक बोर्ड का रिजल्ट भी आने ही वाला है, इसके बाद बच्चों से आवेदन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। प्राप्त आवेदनों में से मेधावी छात्र-छात्राओं का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जुलाई 2025 के प्रथम सप्ताह से कोचिंग प्रारंभ हो जाए, इसकी तैयारी विभाग द्वारा की जा रही है।

आकांक्षा परिसर के भ्रमण के मौके पर कल्याण विभाग के सचिव कृपानंद झा, आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा, रांची जिला के कल्याण प्रोजेक्ट डायरेक्टर संजय कुमार भगत तथा आकांक्षा कार्यक्रम के प्रभारी संयोजक वीके सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# कृषि को विज्ञान और व्यापार के नजरिए से देखने की जरूरत : शिल्पी नेहा तिर्की

- मंत्री ने कहा, सामूहिक प्रयास से ही कृषि के क्षेत्र में बड़ा बदलाव संभव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में एग्रो वैल्यू चेन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पशुपालन निदेशालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कृषि विभाग और ग्रांट थार्नटन भारत एलएलपी ने संयुक्त रूप से इस कार्यशाला को आयोजित किया। कार्यशाला में प्रगतिशील किसान और एफपीओ से जुड़े किसानों ने भाग लिया। एक दिवसीय कार्यशाला का उदघाटन कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर कहा कि कृषि को विज्ञान और व्यापार के नजरिए से देखने की जरूरत है। जब तक नजरिया नहीं बदलेगी तब तक कृषि में बदलाव संभव नहीं है। आज लोग कृषि विभाग में कुछ हलचल होने की बात खुद से स्वीकार कर रहे हैं। अब लोगों को कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी मिल रही है। राज्य के लोगों को कृषि विभाग से काफी अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले एफपीओ की चर्चा नहीं होती थी। आज एफपीओ से 3 हजार से 14 हजार तक महिला और पुरुष जुड़े हुए हैं। सामूहिक प्रयास से बहुत कुछ किया जा सकता है। कृषि के क्षेत्र में जो उत्पादन हो रहा है, उसे बाजार से कैसे जोड़ें, इस पर काम हो रहा है। व्यवस्था में हमेशा सुधार होते रहना चाहिए। इसके साथ ही नीतिगत रूप से भी आगे बढ़ने की आवश्यकता है। लाह की खेती में झारखंड सबसे आगे है पर लाह उत्पादन से जुड़े किसानों को कैसे सही मूल्य मिले, ये सुनिश्चित करना होगा।

इस मौके पर हजारीबाग के बड़कागांव के एफपीओ को 6 लाख 59 हजार का ग्रांट दिया गया। कार्यशाला में विभागीय सचिव अबू बक्कर सिद्दीख, कृषि निदेशक ताराचंद, रिशु रवि, प्रो. वी. पदमानंद और अन्य मौजूद थे।

## तिरंगा यात्रा पर सियासी घमासान, कृषि मंत्री ने बीजेपी को घेरा



रांची। झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने तिरंगा यात्रा को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि देश की भावना को राजनीति से जोड़ना सही नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर भारत की शान है, लेकिन इसका राजनीतिकरण करना उचित नहीं है। शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि जब कोई राजनीतिक पार्टी बैनर पोस्टर में ऑपरेशन सिंदूर को छपवाने लगती है और झंडा लेकर घूमने लग जाती है, तो यह उनकी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को भारतीय सेना की शान बताते हुए इसका राजनीतिक प्रचार करना बिल्कुल भी उचित नहीं है।

# सरकार गांवों के विकास को लेकर पूरी तरह गंभीर है : दीपिका पांडे सिंह

- मंत्री ने की गांवों के विकास योजनाओं की समीक्षा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह की अध्यक्षता में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की एक अहम बैठक हुई। इस बैठक में गांवों की तरक्की से जुड़ी कई बड़ी योजनाओं पर चर्चा हुई। खासतौर पर मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, सुदृढ़ीकरण योजना और ग्राम सेतु योजना की प्रगति को लेकर गहराई से समीक्षा की गयी। बैठक में जेएसएलपीएस की सीईओ कंचन सिंह भी मौजूद रहीं। उन्होंने बताया कि किस तरह जेएसएलपीएस गांव-गांव तक योजनाओं को पहुंचाने और महिलाओं के आजीविका समूहों को मजबूत करने का काम कर रहा है।

बैठक में यह बात साफ हुई कि गांवों में सड़क और पुल जैसी जरूरी सुविधाओं को जल्द से जल्द तैयार किया जायेगा, ताकि लोगों को आने-जाने में दिक्कत न हो और विकास का फायदा सीधा आम लोगों तक पहुंचे। दीपिका पांडे सिंह ने अफसरों को निर्देश दिया कि सभी योजनाएं समय पर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरी हों। उन्होंने कहा कि सरकार गांवों के विकास को लेकर पूरी तरह गंभीर है और इसके लिए हर जरूरी कदम उठाये जाएंगे।

# स्कूली शिक्षा विभाग में अफसरों के 147 पद होंगे सृजित

- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई प्रशासी पदवर्ग समिति की बैठक में की गई पद सृजन की अनुशंसा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग में कुल 147 पद सृजन करने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई प्रशासी पदवर्ग समिति की बैठक में पद सृजन की अनुशंसा की गई है। इसमें कहा गया है कि सृजित पदों के लिए झारखंड अवर शिक्षा सेवा नियमावली, 2023 द्वारा स्वीकृत पे-लेवल (वेतनमान/ ग्रड पे) अंतिमरूपेण प्रभावी होगा।

**जैक में डिप्टी सेक्रेट्री के दो पद होंगे स्वीकृत**

झारखंड अधिविद्य परिषद् (जैक) में डिप्टी सेक्रेट्री के दो पदों के सृजन की अनुशंसा की गई है। सहायक शिक्षा अधीक्षक (स्थापना एवं विधि अनुश्रवण एवं निरीक्षण) के लिए सबसे अधिक 48 पदों के सृजन की अनुशंसा की गई है।

वहीं, सहायक शिक्षा अधीक्षक (आधारभूत संरचना अनुश्रवण एवं निरीक्षण) के लिए 24, सहायक शिक्षा पदाधिकारी (स्था. एवं विधि अनुश्रवण एवं निरीक्षण) के लिए 24 और सहायक शिक्षा पदाधिकारी (आधारभूत संरचना अनुश्रवण एवं निरीक्षण) के लिए 24 पद सृजन की अनुशंसा की गई है।

# ट्राइबल एडवाइजरी कमेटी की बैठक 21 को

- बैठक में सीएनटी और पेसा सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर की जाएगी चर्चा
- बैठक में टीएसी के सदस्य और प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी की भूमिका पर भी रहेगी सबकी नजर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने 21 मई को ट्राइबल एडवाइजरी कमेटी (टीएसी) की बैठक बुलाई है। यह बैठक लगभग डेढ़ साल बाद आयोजित की जा रही है। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी, जिनमें सीएनटी, पेसा, लुगुबुरू स्थित डीवीसी का हाईडल प्रोजेक्ट और अन्य मुद्दे शामिल हैं। इस बैठक में टीएसी के सदस्य और प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी की भूमिका पर भी सबकी नजर रहेगी। उनकी उपस्थिति और राज्य सरकार के एजेंडे पर उनके रुख से काफी कुछ स्पष्ट होगा।

**पिछली बैठक के एजेंडे पर होगी चर्चा :** जानकारी के अनुसार, 21 मई को प्रोजेक्ट भवन में होने वाली बैठक में पिछली बैठक के एजेंडों पर चर्चा की जाएगी। इसमें पेसा कानून को राज्य में लागू करना, वनाधिकार अधिनियम के आदिवासी विरोधी प्रावधानों पर विचार करना और सीएनटी के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी।

**टीएसी के सदस्य और पदाधिकारी :** टीएसी के अध्यक्ष मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हैं। कल्याण मंत्री चमरा लिंडा उपाध्यक्ष हैं। इसके अलावा बाबूलाल मरांडी, आलोक सोरेन, लुईस मरांडी, संजीव सरदार, चंपाई सोरेन, सोनाराम सिंकू, जगत मांझी, दशरथ गगराई, सुदीप गुड़िया, राम सूर्या मुंडा, राजेश कच्छप, जिगा सुसारन होरो, नमन विक्सल कोंगारी और रामचंद्र सिंह विधायक के रूप में टीएसी के सदस्य और जोसाई मार्डी और नारायण उरांव मनोनीत सदस्य हैं।

## लुगुबुरू में हाईडल प्रोजेक्ट पर भी विचार

लुगुबुरू में डीवीसी द्वारा बनाए जाने वाले हाईडल प्रोजेक्ट पर भी विचार किया जाएगा। आदिवासियों के इस धार्मिक स्थल पर हाईडल प्रोजेक्ट के निर्माण का आदिवासी समाज और उससे जुड़े संगठन विरोध कर रहे हैं।

# भाजपा की तिरंगा यात्रा, देशभक्ति नहीं, राजनितिक नौटंकी है : ऋषीकेश सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** देशभक्ति का लबादा ओढ़कर भाजपा एक बार फिर अपनी पुरानी सांप्रदायिक चालों पर उतर आई है। ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर देशभर में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा दरअसल तिरंगे की आड़ में राजनीतिक नौटंकी और आगामी चुनाव को ध्रुवीकरण के जरिये जीतने की कोशिश है। भाजपा बताये, क्या तिरंगा यात्रा का मकसद वाकई देशप्रेम है या सिर्फ. ध्रुवीकरण और ओछी राजनीति का हथकंडा? जनता अब जान चुकी है जब-जब चुनाव आता है, भाजपा को तिरंगा याद आता है। तिरंगा किसी पार्टी की जागीर नहीं है। यह भारत की आत्मा है और इस आत्मा को भाजपा झूठे राष्ट्रवाद का दिखावा करके कलंकित करना चाहती है। कांग्रेस हर मंच पर भाजपा की इस तिरंगा यात्रा की आड़ में राजनीतिक नौटंकी का पर्दाफाश करेगी। देश में 26 नागरिकों की धर्म पूछ कर निर्मम हत्या कर दी गई, पूंछ के एरिया में 15 से ज्यादा सिविलियन की हत्या कर दी गई और सैकड़ों घायल हैं, 7 सेना के जवान और अधिकारी शहीद हो गए उनका राष्ट्रीय शोक मनाने की जगह भाजपा तिरंगा यात्रा के नाम पर राजनीतिक नौटंकी क्यों कर रही है।

भाजपा को यात्रा निकाल कर देश को ये बताना चाहिए कि भारत से पहले अमेरिका कैसे सीजफायर का घोषणा किया। अमेरिका का राष्ट्रपति बोल रहा है कि मैंने व्यापार का दबाव डालकर सीजफायर करवाया, क्या ये सच है। अमेरिका भारत के साथ पाकिस्तान को भी महान देश बता रहा है, जो देश आतंकवादी को पनाह देता है वो महान कैसे हो सकता है। अमेरिका कश्मीर के मुद्दे को हजारों साल का विवाद किस आधार पर कह रहा है। जबकि 76 साल पहले दोनों एक ही देश थे। अमेरिका कह रहा है कि कश्मीर के मुद्दे पर बैठ कर बात होगी, क्या भारत शिमला समझौता तोड़ने जा रहा है। इन सभी जरूरी बातों पर जवाब दे और अगर भाजपा इन सभी का जवाब नहीं बता पाती है तो देश से माफी मांगे। प्रधानमंत्री मोदी देश को बतायें कि सीजफायर की घोषणा भारत से पहले अमेरिका के राष्ट्रपति और अमेरिका के विदेश मंत्री ने क्योंऔर कैसे की।

# सांस्कृतिक पुनरुद्धार की प्रतिमूर्ति थी रानी अहिल्याबाई होलकर : बाबूलाल मरांडी

- सांसद संगीता यादव ने कहा- रानी अहिल्याबाई होलकर शक्ति से नहीं युक्ति से शासन चलाने में विश्वास करती थीं




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि जनसेवा एवं सांस्कृतिक पुनरूद्धार की प्रतिमूर्ति रानी अहिल्याबाई होलकर थीं। श्री मरांडी बुधवार को पार्टी मुख्यालय में रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर आयोजित समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कठिन चुनौतियों और विषम परिस्थितियों के बीच भी रानी अहिल्याबाई होलकर अडिग रहीं और जनसेवा में निरंतर सक्रिय रहीं। उन्होंने कहा कि बचपन से ही उनकी भगवान शिव में गहरी आस्था रही। उन्होंने अपना तीस वर्षों का शासन भगवान शिव की आज्ञा मानकर चलाया। उन्होंने कहा कि काशी विश्वनाथ मंदिर, सोमनाथ मंदिर जिसको मुगलों ने क्षति पहुंचाई थी, का पुनरुद्धार कराया। 16 करोड़ की निजी संपत्ति से उन्होंने सनातन धर्म के चारों धाम, 12 ज्योतिर्लिंगों का जीर्णोद्धार कराया। वेद विद्वानों की नियुक्ति की और शास्त्रों के मनन चिंतन की व्यवस्था की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 300 साल बाद फिर एक बार भारत का सांस्कृतिक पुनर्जागरण हो रहा है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद मजबूत हो रहा। इसे कांग्रेस पार्टी ने दबाने की हरसंभव कोशिश की। कांग्रेस पार्टी ने पाश्चात्य ज्ञान और विज्ञान को श्रेष्ठ बताने की कोशिश की। इस अवसर पर सांसद संगीता यादव ने रानी अहिल्याबाई होलकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई ने न्याय, समाज सुधार और महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किये। उन्होंने कहा कि रानी ने अपने शासन में सख्त दहेज विरोधी कानून बनाये। बिना संतान वाली विधवाओं की संपत्ति राज्य द्वारा जब्त करने की नीति समाप्त की। विधवाओं को बच्चा गोद लेने की स्वतंत्रता दी। विधवा पुनर्विवाह को नैतिक समर्थन दिया। महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिया। लड़कियों के लिये अलग विद्यालय खोले और महिला शिक्षिकाओं की नियुक्ति की। महिलाओं को युद्ध कौशल सिखाया और महिला सैन्य टुकड़ी का गठन किया। डॉ रवींद्र कुमार राय ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर शक्ति स्वरूपा मां थी। भारत की नारी शक्ति का बेहतरीन उदाहरण थीं। उन्होंने कहा कि शिव को साक्षी मानकर शासन चलाने में उन्होंने अपने पुत्र को भी दंडित करने में संकोच नहीं की। उन्होंने कहा कि भारत आज पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रानी अहिल्याबाई के स्वप्न को साकार जुटा है। पिछले एक दशक में भारत में एक नये अध्याय की शुरुआत हुई है। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर सर्व समाज की मां थीं। इस अवसर पर जन्म जयंती कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक विकास प्रीतम, सह संयोजक आरती सिंह, विधायक नीरा यादव, पूर्णिमा दास साहू, मंजू कुमारी ने भी अपने विचार रखे। मंच संचालन लवली गुप्ता और धन्यवाद ज्ञापन अर्चना सिंह ने किया। कार्यक्रम में सांसद आदित्य साहू, राकेश प्रसाद, आरती कुजूर, गणेश मिश्र, सरोज सिंह, नंद जी प्रसाद, हेमंत दास, शिवपूजन पाठक, राफिया नाज, अजय साह, योगेंद्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे।

### झामुमो ने केंद्र सरकार पर लगाया पक्षपात का आरोप, कहा

# तिरंगा यात्रा भाजपा की राजनीतिक नौटंकी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने केंद्र सरकार और भाजपा पर निशाना साधते हुये कहा कि तिरंगा यात्रा सेना के पराक्रम को छिपाने और जनता का ध्यान भटकाने के लिये आयोजित की जा रही है। श्री भट्टाचार्य बुधवार को हरमू रोड स्थित कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के सामने भारतीय सेना की वीरता को राजनीतिक कूटनीति के नीचे दबाया गया और तिरंगा यात्रा उसी पर पर्दा डालने की कोशिश है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी हमला बोला और कहा कि मणिपुर की अनदेखी करते हुये झारखंड के खनिज संसाधनों का दोहन किया जा रहा है। लेकिन राज्य को उसका उचित हिस्सा नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लोगों तक पानी पहुंचाने का काम कर रही है। लेकिन, केंद्र सरकार सहयोग नहीं कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार झारखंड और बंगाल के साथ पक्षपात कर रही है। जबकि उत्तर प्रदेश और बिहार को सरप्लस पैसा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड अपना हक लेकर रहेगा। अब याचना नहीं होगी। बल्कि एक-एक पाई के लिये आंदोलन होगा। उन्होंने जल संकट पर चिंता जताते हुये कहा कि गर्मी में जल संकट गंभीर होता जा रहा है। लेकिन केंद्र सरकार इसे टालते हुए राजनीति कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब-जब कोई अपने हक की बात करेगा। केंद्र सरकार उसका मुद्दा दबाने की कोशिश करेगी। लेकिन अब ऐसा नहीं चलेगा।

# अतरराज्यीय गिरोह के अपराधियों को जल्द से जल्द करें गिरफ्तार

- देवघर एवं जामताड़ा जिला में पीएसयू से संबंधित दर्ज कांडो की समीक्षा बैठक




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखण्ड की अध्यक्षता में पूर्व में आयोजित 23वीं ऑनशोर सिक्युरिटी कोर्डिनेशन कमिटी की समीक्षा बैठक के दौरान दिये गये निर्देशों के आलोक में बुधवार को पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में निर्देशों के अनुपालन से संबंधित अमोल विनुकांत होमकर, पुलिस महानिरीक्षक अभियान, झारखण्ड द्वारा पीएसयू से संबंधित दर्ज कांडों की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गयी।

उक्त बैठक में झारखण्ड के देवघर एवं जामताड़ा जिला में पीएसयू से संबंधित दर्ज कांड एवं लातेहार जिला में आगजनी से संबंधित कांडों की विस्तृत रूप से समीक्षा की गयी।

**पीएसयू के डिपो, टर्मिनल के आसपास स्थित ढाबा व दुकानों पर लगवायें सीसीटीवी कैमरा :** बैठक के क्रम में पुलिस महानिरीक्षक अभियान, झारखण्ड द्वारा देवघर, लातेहार एवं जामताड़ा जिलों में पीएसयू से संबंधित दर्ज कांडों के वर्तमान स्थिति के संबंध में व्यापक रूप से समीक्षा करते हुए संबंधित पुलिस अधीक्षकों को पीएसयू से संबंधित लंबित कांडों का त्वरित गति से निष्पादन करने, पीएसयू में घटना कारित करने से संबंधित आपराधिक गिरोह, नक्सली के विरुद्ध उचित धारा में कांड दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। कांडों के अनुसंधान में आधुनिक तकनीक, डेटा विश्लेषण व जमीनी स्तर पर आसूचना तंत्र का इस्तेमाल करते हुए अनुसंधान करने, सीमावर्ती राज्यों के साथ आपसी समन्वय स्थापित कर अंतरराज्यीय गिरोह के अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने, सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम वाली जगहों को चिन्हित करने के साथ पीएसयू के डिपो, टर्मिनल के आसपास स्थित ढाबा व दुकानों पर विशेष निगरानी रखने हेतु सीसीटीवी कैमरा लगवाने का निर्देश दिया गया।

इस बैठक में चन्दन कुमार झा, पुलिस उप-महानिरीक्षक, एसआईबी, अमीत रेणु, पुलिस अधीक्षक, अभियान, नाथु सिंह मीणा, पुलिस अधीक्षक, एसआईबी, पूज्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक, अपअनुवि भौतिक रूप से एवं वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, दुमका, पलामू, क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक, पलामू व पुलिस अधीक्षक, देवघर, जामताड़ा व लातेहार उपस्थित थे।

## ज्वाईंट टास्क फोर्स का गठन कर करें कठोर कार्रवाई

बैठक में पुलिस महानिरीक्षक अभियान, झारखण्ड ने संबंधित प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक को पीएसयू से संबंधित दर्ज कांडों में त्वरित एवं साकारात्मक अनुसंधान हेतु जिला स्तर पर पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में ज्वाईंट टास्क फोर्स का गठन कर दोषियों के विरुद्ध साक्ष्यानुसार कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। यह भी निर्देश दिया गया कि संबंधित पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप-महानिरीक्षक अपने क्षेत्राधिकार में जाकर नियमित रूप से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मियों के साथ संपर्क स्थापित करेंगे एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से संबंधित कांडों का पर्यवेक्षण करते हुए वांछित दिशा-निर्देश देना सुनिश्चित करेंगे।

## पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस के मामले में हुई आंशिक सुनवाई

**रांची।** ओबीसी आरक्षण सहित अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के मामले में नामजद पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर बुधवार को एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले में अभियोजन पक्ष को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। इसके लिये अदालत ने 23 मई की तारीख निर्धारित की है। रामचंद्र सहिस ने मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुये मंगलवार को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। वहीं, इसी मामले में आरोपी सुदेश महतो और सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी की डिस्चार्ज याचिका अदालत खारिज कर चुकी है। मामला आरोप गठन पर चल रहा है। घटना को लेकर ओरमांझी के तत्कालीन सीओ विजय केरकेट्टा ने लालपुर थाना में 8 सितंबर 2021 को कांड संख्या 201/2021 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री आवास घेराव को लेकर आजसू कार्यकर्ता मोरहाबादी मैदान में एकत्रित हुये। इसका नेतृत्व सुदेश महतो, चंद्र प्रकाश चौधरी, लंबोदर महतो, रामचंद्र सहिस समेत अन्य कर रहे थे। इनलोगों पर जानबुझ कर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ धक्का-मुक्की, सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप है।

## इरफान मामले में उपस्थिति की आखिरी तिथि 23 मई

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के खिलाफ दर्ज आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में अदालत ने उपस्थिति की अगली तारीख 23 मई निर्धारित की है। मामले में उपस्थिति की तारीख पूर्व से निर्धारित थी लेकिन नहीं पहुंचे। एमपी-एमएलए कोर्ट ने 24 फरवरी को मानहानि और शांति भंग करने के इरादे से अपमान करने के मामले में संज्ञान लेते समन जारी किया है। मालूम हो कि योग शिक्षिका राफिया नाज के बारे में इरफान अंसारी ने एक निजी समाचार चैनल पर उसके पहनावे को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इससे उनकी छवि धूमिल हुई और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। इसको लेकर राफिया नाज ने 19 अगस्त 2020 को सिविल कोर्ट रांची में इरफान अंसारी के खिलाफ स्त्री लज्जा भंग करने, भीड़ को हिंसा के लिए उकसाने और पहनावे को लेकर अनुचित टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुये शिकायतवाद दर्ज कराई थी। अदालत ने मानहानि और शांति भंग करने के इरादे से अपमान करने के मामले में संज्ञान लिया है। बाद में विधायक से जुड़े होने के कारण साल 2021 में यह मामला विशेष अदालत में चला गया। जहां इसकी सुनवाई जारी है।

स्पीड न्यूज



## टाटा स्टील ग्रोथ शॉप का समर कैंप शुरू

**गम्हरिया।** टाटा-आदित्यपुर काम्प्लेक्स, गम्हरिया स्थित विद्या ज्योति स्पोर्ट्स ग्राउंड में टाटा स्टील ग्रोथ शॉप एवं टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के तत्वावधान में बच्चों के लिए 16 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ हुआ। इसका शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित टिस्को मजदूर यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पाण्डेय ने किया। मौके पर सम्मानित अतिथि टीजीएस हेड (मैन्युफैक्चरिंग) पंचम प्रेमलाल टांक, यूनियन महामंत्री शिवलखन सिंह, विद्या ज्योति स्कूल के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार झा, टीजीएस एडमिन एंड इंजीनियरिंग के सिनियर मैनेजर संजय सिंह, मैनेजर स्पोर्ट्स संजय कुमार मिश्रा, कृपाल सिंह, नागेश्वर राव आदि उपस्थित थे।

## एमएस आइटीआई में लगा प्रशिक्षण शिविर





**जमशेदपुर।** बुधवार को एम एस आईटीआई के प्रांगण में सिविल डिफेंस का एक ट्रेनिंग सीवर लगाया गया जिसमें सेफ्टी, फर्स्ट ट्रेड, सीपीआर और मॉक ड्रिल के जरिए से लोगों को जागरूक किया गया सिविल डिफेंस आज एक जरूरत बन गई है। सिविल डिफेंस का काम आम नागरिक को सुरक्षा प्रदान करना और अवेयरनेस पहुंचाना है। सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन अरुण कुमार, डिप्टी वार्डन डीके मिश्रा, बड़ा बाबू सुरेश प्रसाद और मिस आईटीआई के डायरेक्टर खालिद इकबाल, काशिफ रजा खान, सैयद तारिक आलम, इरफान अहमद, इश्तियाक, अहमद साबिर हुसैन, फैयाज अहमद बहुत सारे वालंटियर स्टूडेंट टीचर गर्ल्स, बॉयज ने आज सीवर में भाग लेकर बहुत कुछ सीखने का मौका मिला।

## अर्बन कमेटी चेयरमैन ने किया भारतीय तरुण संघ का अवलोकन



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील अर्बन डेवलपमेंट कमेटी के चेयरमैन सह टाटा वर्कर्स यूनियन के सहायक सचिव अजय कुमार चौधरी ने कदमा के शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर चार स्थित भारतीय तरुण संघ का दौरा कर वहां चलाई जा रही शैक्षणिक और सामाजिक गतिविधियों के विषय में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने भारतीय तरुण संघ के द्वारा स्लम एरिया के जरूरतमंद बच्चों के लिए चलाए जा रहे आदर्श बाल मध्य एवं उच्चविद्यालय का भी अवलोकन कर जानकारी ली और टाटा स्टील फाउंडेशन के द्वारा जरूरतमंदों को दी जा रही निःशुल्क कोचिंग के उत्कृष्ट प्रदर्शन को भी सराहा।

## पेंशन लंबित, डीसी से की गयी शिकायत



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के झारखंड आंदोलनकारी सेनानियों की पेंशन राशि विगत कई माह से लंबित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ आंदोलनकारियों को पिछले छह-सात महीनों से पेंशन प्राप्त नहीं हुआ है, जिससे उन्हें गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विश्वसनीय सूत्रों से यह भी ज्ञात हुआ है कि पेंशन की राशि सामाजिक सुरक्षा विभाग में उपलब्ध है, परंतु उसका वितरण अब तक नहीं किया गया है। यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं चिंताजनक है। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष शिबू काली मैती के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल आज डीसी से मिल लंबित पेंशन का जल्द भुगतान की मांग की।

# सिंदूर खेला कर महिलाओं ने मां बाघेश्वरी देवी से लिया आशीर्वाद, मां को किया विदा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सुवर्ण वनिक समाज द्वारा बाराद्वारी स्थित समाज के भवन में आयोजित तीन दिवसीय श्री श्री मां बाघेश्वरी देवी की प्रतिमा का बुधवार की सुबह स्वर्णरेखा नदी घाट में आसछे बोछोर आबार होवे के साथ विसर्जन किया गया। इससे पूर्व समाज की महिलाओं द्वारा मां बाघेश्वरी देवी की प्रतिमा के साथ सिंदूर खेला खेला गया।

सिंदूर खेला खेल महिलाओं ने मां के शरण में परिवार की सुख समृद्धि की कामना की प्रतिमा विसर्जन को लेकर समाज के लोगों द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मौके पर समाज के प्रदेश कमेटी, जिला कमेटी व सभी शाखा कमेटी के पुरुष महिला पदाधिकारी मौजूद थे। इस मौके पर प्रदेश कमेटी के अध्यक्ष संजय पोद्दार, गोपाल दत्त, समीर दत्त, जिला अध्यक्ष रवि माझी, सचिन संजय दत्त, सनोज चंद्र, विजय चंद्र, रूही दास, विश्वजीत चंद्र, अमर चंद्र समेत विभिन्न शाखा के पदाधिकारी मौजूद थे।



सिंदूर खेला के बाद माता रानी को विदा करते श्रद्धालु।

# पूर्वी सिंहभूम जिले को 17 एमपीसी केंद्रों के निर्माण की मिली स्वीकृति

- जनजातीय समुदायों को शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, कौशल विकास, सामाजिक सुरक्षा और शासन संबंधी सेवाएं एक ही छत के नीचे होगा सुलभ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय ने प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय और मान (पीएम-जनमन) योजना के तहत पूर्वी सिंहभूम जिले में मल्टीपर्पज ट्राइबल सर्विस सेंटर (एमपीसी- बहु-उद्देश्यीय जनजातीय सेवा केंद्र) की स्थापना हेतु 17 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की है। इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य जनजातीय समुदायों को शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, कौशल विकास, सामाजिक सुरक्षा और शासन संबंधी सेवाएं एक ही छत के नीचे सुलभ कराना है। आदिवासी बहुल क्षेत्रों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इन सभी प्रस्तावित एमपीसी केंद्रों में स्थानीय जनजातीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित कर आधारभूत ढांचा विकसित किया जाएगा। प्रत्येक केंद्र में डिजिटल सुविधा, चिकित्सा सहायता, प्रशिक्षण केंद्र, ग्राम सभा हॉल, और सरकारी योजनाओं की जानकारी व लाभ देने हेतु सुविधा काउंटर उपलब्ध होंगे। परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी ने कहा कि एमपीसी जनजातीय क्षेत्रों के लिए सामाजिक और आर्थिक बदलाव का माध्यम बनेगी। प्रशासन इसकी शीघ्रता से क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगा। इससे न केवल क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा, बल्कि जनजातीय समाज की जीवनशैली में भी गुणात्मक सुधार आयेगा।

**बनने वाले बहु-उद्देश्यीय केंद्रों की सूची**

- पोटका प्रखंड : झारिया, टांगराईन
- गुड़ाबांदा प्रखंड : अर्जुनबेड़ा
- घाटशिला प्रखंड : दीघा, बासाडेरा, रामचंद्रपुर, घुटिया, दारिसाई, गुढाझोर, चेंगजोड़ा, हलुदबनी
- मुसाबनी प्रखंड: सोहदा, लवकेशरा, पाथरगोड़ा
- डुमरिया : चटनीपानी, केंदुआ, लखाईडीह

# ड्रग इंस्पेक्टर हर माह दवा दुकानों में नार्कोटिक्स दवा के विक्रय और स्टॉक का रिपोर्ट देंगे : डीसी

- कहा, ड्रग्स का अवैध व्यापार, सेवन, परिवहन की सूचना टोल फ्री नंबर 112 एवं पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 0657-2431028 पर जरूर दें

खबर मन्त्र ब्यूरो



बैठक करते डीसी अनन्य मित्तल।

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में नार्कोटिक्स समन्वय समिति (NCORD) की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, सिटी एसपी कुमार शिवाशीष समेत अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में नशीली दवाओं के खिलाफ की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गई। एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों, नशीले पदार्थों के उत्पादन, प्रसंस्करण और तस्करी की रोकथाम पर चर्चा की गयी। इसके अलावा, शहरी क्षेत्र के युवा आबादी में नशे के खिलाफ जागरूकता लाने को लेकर थाना स्तर पर सभी निजी स्कूलों के प्राचार्य के साथ कार्यशाला आयोजित करने का निर्देश दिया गया जिसमें डालसा के भी प्रतिनिधि शामिल होंगे। वहीं नशे के खिलाफ सशक्त अभियान को लेकर स्कूलों में गठित प्रहरी क्लब का भी नियमित बैठक कर स्कूली बच्चों में जागरूकता लाने को कहा।

बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ड्रग इंस्पेक्टर दवा दुकानों के माध्यम से होने वेली नार्कोटिक्स दवाओं की बिक्री एवं स्टॉक की जानकारी प्रत्येक माह प्रस्तुत करें। साथ ही दवा दुकानों में प्रतिबंधित दवाओं की सूची को डिस्पले करने का भी निदेश दिया।

मादक पदार्थों की खेती के संभावित क्षेत्रों की पहचान के लिए जिला कृषि पदाधिकारी को बीटीएम के माध्यम से जांच करने एवं प्रतिवेदित करने का निदेश दिया गया। अंतर्राज्यीय और अंतरजिला मार्गों पर तस्करी की प्रवृत्तियों के बारे में जानकारी एकत्र कर प्रभावी कार्रवाई करने की बात की गयी।

बैठक में नशीले पदार्थों की तस्करी के विरूद्ध कार्रवाई की समीक्षा में पुलिस विभाग द्वारा बताया गया कि जनवरी से अप्रैल माह तक 13 कांड एनडीपीएस एक्ट में दर्ज हुए हैं जिनमें 36 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई। साथ ही बड़ी मात्रा में गांजा, ब्राउन सुगर, कफ सीरफ, डोडा आदि बरामद किया गया है। इसके अतिरिक्त PIT NDPS के तहत तीन अभियुक्तों का प्रस्ताव गृह विभाग को भेजा गया है। रेलवे डीएसपी ने बताया कि पिछले चार माह में 87 किलो गांजा जब्त किए गए हैं।

वहीं उत्पाद विभागीय पदाधिकारी ने जानकारी दी कि पिछले वित्तीय वर्ष में कुल 769 अभियोग दर्ज किए गए जिनमें 73 लोगों को जेल भेजा गया। वहीं अवैध शराब निर्माण के विरूद्ध कार्रवाई में 18364 ली. अवैध चुलाई शराब, 345885 कि.ग्रो जावा महुआ, 4001 ली. विदेशी शराब, 671 ली. बीयर, 1140 ली. स्प्रिट, 5.62 ली देशी शराब जब्त किए गए हैं ।

बैठक में नशे के आदी व्यक्तियों और उनके परिवारजनों की नियमित काउंसिलिंग तथा पुनर्वास केंद्रों के माध्यम से नशापान से मुक्त लोगों को स्वरोजगार और सरकारी योजनाओं से जोड़ने की दिशा में संवेदनशील पहल करने की बात की गई। साथ ही जनसाधारण से अपील किया गया कि ड्रग्स के अवैध व्यापार, सेवन, परिवहन की सूचना टोल फ्री नंबर 112 एवं पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 0657-2431028 पर जरूर दें।

बैठक में डालसा सचिव धर्मेंद्र कुमार, डीसीएलआर गौतम कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव, पुलिस उपाधीक्षक भोला प्रसाद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, डीएसई, डीईओ, तीनों नगर निकाय के सहायक नगर आयुक्त, ड्रग इंस्पेक्टर व अन्य संबंधित उपस्थित थे।

**एक नजर में**

## संथाली संस्कृति का सहभागी है कुशल भारत समूह : नरेश अग्रवाल



**रायरंगपुर/जमशेदपुर।** संथाली लिपि ओलचिकी की शतवार्षिकी एवं इसके आविष्कारक गुरू गोमकी के रूप में सम्मानित पंडित रघुनाथ मूर्मू की 120 वीं जयंती के अवसर पर उड़ीसा के मयूरभंज जिला स्थित राष्ट्रपति के गांव रायरंगपुर में दो दिवसीय समारोह हुआ जिसमें उड़ीसा के राज्यपाल, झारखंड के मुख्यमंत्री सहित पूरे देश से जनजातीय भाषा के विद्वान, साहित्य-संस्कृति और समाज कल्याण से जुड़े सैकड़ों लोगों ने भागीदारी की। मौके पर विभिन्न प्रदेशों के जनजातीय विधायक, मंत्री, प्रशासनिक अधिकारी सहित अन्य लोगों ने भी शिरकत की एवं पंडित मूर्मू के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की। पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में संथाली और अन्य जनजातीय समाज के उत्थान को लेकर निरंतर कार्य कर रहे कुशल भारत समूह के कर्णधार नरेश अग्रवाल को विशेष अतिथि के रूप में इस मौके पर आमंत्रित किया गया।

## निजी विद्यालयों को अगले तीन दिन के अंदर शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

**जमशेदपुर।** उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश के आलोक में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए निजी विद्यालयों के प्रवेश कक्षा में कुल 1303 के चयनित बच्चों में अबतक 726 बच्चों का नामांकन किया गया है। वहीं, शेष बच्चों के नामांकन हेतु संबंधित निजी विद्यालयों को तीन दिनों के भीतर नामांकन लेना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। विद्यालय प्रबंधन के द्वारा नामांकन में देरी की जांच जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय से कराई जायेगी।

## बहरागोड़ा का मानुषमुड़िया पीएचसी झारखंड राज्य का दूसरा एनक्यूएएस प्रमाणित पीएचसी




**जमशेदपुर।** सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम का एक दिवसीय मासिक समीक्षात्मक बैठक के साथ-साथ एईएफआई का प्रशिक्षण सिविल सर्जन सभागार, खासमहल में आयोजित किया गया। सिविल सर्जन ने क्रमवार सभी अटल क्लिनिक तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर (शहरी) में टीकाकरण चालू करने के साथ -साथ शत प्रतिशत (100 प्रतिशत) टीकाकरण का लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निर्देश दिये। उन्होंने राष्ट्रीय कार्यक्रम जैसे यक्षमा, मलेरिया, कुष्ठ इत्यादि के बारे में जानकारी ली। जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ रंजीत कुमार पंडा ने विस्तारपूर्वक अएत्रक्षउपचार के बारे में सभी को अवगत कराया साथ ही शत प्रतिशत क्रियान्वयन करने की बात कही। बैठक में डॉ सौमाल्या घोष, जिला कुष्ठ परामर्शी डॉ राजीव, मनीष सिंह, दीपक कुमार, राजेश कुमार, विशाल कुमार, अमित कुमार के अलावा सभी लोक स्वास्थ्य प्रबंधक, एएनएम, यू बीटीटी, पीएसआई- इंडिया,सहिया-साथी, बिमल दास उपस्थित थे।

## सराहनीय... ट्रैफिक जवानों को दिया गया छाता, गमछा और धूप का चश्मा

### जवानों को धूप से मिलेगी राहत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बुधवार को वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में यातायात पुलिसकर्मियों को धूप और लू से बचाव के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक श्री किशोर कौशल के द्वारा छाता, टोपी, सनग्लास एवं गमछा का वितरण किया गया साथ ही साथ यातायात पोस्टो पर पानी की व्यवस्था हेतु निर्देश दिये गये।



जवानों को छाता, गमछा और धूप चश्मा देते सीनियर एसपी।

# श्रीनाथ विवि में योग से माइंड मैनेजमेंट विषय पर वर्कशॉप

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विश्वविद्यालय जमशेदपुर में माइंड मैनेजमेंट पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें यूनिवर्सिटी के छात्रों के साथ साथ काफी संख्या में विभिन्न विभागों के प्रोफेसर शामिल हुए। श्रीनाथ विश्वविद्यालय के योग और नेचुरोपैथी विभाग के द्वारा आयोजित इस वर्कशॉप में मुख्य अतिथि के रूप में आर्ट ऑफ लिविंग की सम्मानित और जानी मानी इंस्ट्रक्टर निशा झा मौजूद रहीं जिन्होंने सभी को योग के जरिए माइंड मैनेजमेंट के तरीके सिखाए। इस वर्कशॉप में निशा झा ने बताया कि योग के जरिए मानसिक तनाव, जीवन में आक्रामकता, और स्ट्रेस को कम किया जा सकता है।



कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को सांस लेने की सही टेक्नीक के बारे में सिखाया गया जिसके शरीर स्वस्थ्य और मन शांत रहे। कार्यक्रम की शुरूआत श्रीनाथ विश्वविद्यालय के एकेडमिक्स डीन श्री दीपक शुक्ला के द्वारा मुख्य अतिथि निशा झा को सम्मानित करते हुए की गई। इस आयोजन में श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन के छात्र भी काफी संख्या में उपस्थित थे। साथ ही श्रीनाथ विवि के योग विभाग, गणित विभाग, मास कम्युनिकेशन विभाग और श्रीनाथ बीएड कॉलेज के छात्रों की सक्रिय भागीदारी रही।

# जमशेदपुर पब्लिक स्कूल, बारीडीह में 50 किलोवाट क्षमता की रूफटॉप सोलर प्रणाली का उद्घाटन

### टाटा स्टील यूआईएसएल की पहल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल की स्थिरता को बढ़ावा देने की निरंतर प्रतिबद्धता के तहत जमशेदपुर पब्लिक स्कूल, बारीडीह में 50 किलोवाट ऑन-ग्रिड रूफटॉप सोलर सिस्टम का उद्घाटन किया गया। इस प्रणाली का उद्घाटन टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा ने किया, जो शैक्षणिक संस्थानों में स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देने की दिशा में एक और कदम है। इसके अलावा, अब तक विभिन्न स्कूलों और संस्थानों में कुल 22 रूफटॉप सोलर लगाये जा चुके हैं जिनमें डीबीएमएस, जेएच तारापोर, लोयोला, एक्सआईटीई, कार्मेल जूनियर कॉलेज (सीपीएस), सेंट मैरीज स्कूल, केएसएमएस, साउथ पार्क, एक्सएलआरआई, राजेंद्र विद्यालय, आंध्र एसोसिएशन और अन्य शामिल हैं।



सोलर प्रणाली का उद्घाटन करते टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा।

# ओल चिकि मिशन 2025 को अनोखे अंदाज में पूरा कर रहे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** नाम राजेश मार्डी, लोग इन्हें ट्राइबल ब्लड मैन के नाम से जानते हैं तथा जमशेदपुर के सारजमदा निदिरटोला निवासी है और काम ग्रामीण क्षेत्रों के नए युवा पीढ़ी के युवा युवतियों को रक्तदान के प्रति जागरूक करते और उन्हें रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करते हैं। वे अब तक स्वयं 77वीं बार रक्तदान कर चुके हैं और पूरे कोल्हान प्रमंडल में अकेले आदिवासी रक्तदाता के रूप में जाने जाते हैं। इनसे प्रेरणा लेकर ग्रामीण क्षेत्र के कई युवा पीढ़ी भी स्वेच्छा से रक्तदान करते हैं। संताली ओल चिकि लिपि मिशन 2025 के संबंध में उन्होंने कहा कि वे पिछले तीन सालों से अपने रक्तदान शिविर में सभी रक्तदाताओं को अपने निजी खर्च से या साथियों के सहयोग से फ्री में संताली ओल चिकि लिपि का प्राइमरी लर्निंग बुक बांटते हैं।



प्राइमरी लर्निंग बुक खरीदते हुए राजेश मार्डी।

## जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के बड़ाबाबू विश्वंभर यादव हुए सेवानिवृत, दी गयी विदाई



**जमशेदपुर।** बुधवार को शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ, जमशेदपुर महिला विवि ने विश्वंभर यादव, बड़ा बाबू (झारखंड विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के महामंत्री भी) की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में विदाई समारोह को बड़े ही उत्साहपूर्वक मनाया। इसमें शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ, जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के अध्यक्ष, गंगाधर नाग ने शॉल देकर उनका मान बढ़ाया। उसके बाद संघ के सचिव, सीमा तिर्की ने उपहार देकर उनका सम्मान बढ़ाया तथा उपाध्यक्ष, चैतन्य शिरोमणि ने एक गुलदस्ता भेंट देकर उन्हें सम्मानित किया। वर्तमान में विश्वंभर यादव, शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ, जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के संरक्षक के साथ झारखण्ड विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के महामंत्री भी है। उनका जीवन त्याग एवं संघर्ष की मिशाल है। वे कर्मचारियों की मांगों एवं उनके हित के लिए सदा ही तत्पर रहे हैं।

# कैट ने देशवासियों से की तुर्की-अजरबेजान की यात्राओं के बहिष्कार की अपील

- तुर्की-अजरबेजान से व्यापार भी करेंगे बंद : सुरेश सोंथालिया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** देश भर के व्यापारियों के शीर्ष संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) चीन, तुर्की तथा अजरबेजान द्वारा पाकिस्तान का खुला समर्थन करने पर देश भर के व्यापारियों एवं लोगों से आवाहन किया है कि वो तुर्की तथा अजरबेजान की यात्राओं का पूर्ण बहिष्कार करें और इन दोनों देशों द्वारा भारत के खिलाफ पाकिस्तान का समर्थन करने पर करारा जवाब दें। चीन को लेकर कैट विगत कई वर्षों से चीनी उत्पादों का बहिष्कार करने का अभियान चलाए हुए है, जिसका व्यापक असर पड़ा है। तुर्की एवं अजरबेजान की यात्राओं के बहिष्कार के संबंध में कैट ट्रैवल एंड टूर ऑपरेटर्स संगठनों सहित विभिन्न अन्य संबंधित वर्गों से संपर्क कर इसको तेज करेगा।

उधर, दूसरी ओर तुर्की और अजरबेजान के साथ व्यापार बंद करने के मुद्दे पर अंतिम निर्णय आगामी 16 मई को कैट द्वारा नई दिल्ली में आयोजित देश के प्रमुख व्यापारी नेताओं के एक राष्ट्रीय सम्मेलन में लिया जायेगा।




सुरेश सोंथालिया (बायें)।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री तथा चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल और राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री सुरेश सोंथालिया ने आज यह आह्वान किया कि यदि भारतीय नागरिक तुर्की और अजरबैजान की पाकिस्तान के प्रति समर्थन के विरोध में इन देशों की यात्रा का बहिष्कार करते हैं, तो इसका इन देशों की अर्थव्यवस्था, विशेषकर पर्यटन क्षेत्र पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार तुर्की में कुल विदेशी आगमन 62.2 मिलियन पर्यटक का था जिसमें अकेले भारत से ही लगभग 3 लाख पर्यटक थे। वर्ष 2023 की तुलना में भारतीय पर्यटकों की 20.7% की वृद्धि थी। तुर्की का कुल पर्यटन राजस्वः $61.1 बिलियन था। एक भारतीय पर्यटक का औसत खर्च $972 होता है और इस दृष्टि से भारतीय पर्यटकों का कुल अनुमानित खर्च $291.6 मिलियन के लगभग होता है।

कैट के चेयरमैन बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यदि भारतीय पर्यटक तुर्की की यात्रा का बहिष्कार करते हैं, तो तुर्की को लगभग $291.6 मिलियन का प्रत्यक्ष नुकसान होगा। इसके अतिरिक्त, भारतीय पर्यटकों द्वारा आयोजित विवाह, कॉर्पोरेट कार्यक्रम और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों के रद्द होने से अप्रत्यक्ष रूप से और भी आर्थिक नुकसान हो सकता है।

## सीबीएसई की परीक्षा में गायत्री शिक्षा निकेतन के छात्रों ने किया श्रेष्ठ पदर्शन



तनिषा कुमारी व उज्ज्वल आदित्य।

**जमशेदपुर/आदित्यपुर।** सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 के परिणाम में आदित्यपुर-02 के मार्ग संख्या-04 स्थित गायत्री शिक्षा निकेतन के छात्र-छात्राओं ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। कुल 188 परीक्षार्थियों में से उज्जवल आदित्य और तनिष्का कुमारी ने संयुक्त रूप से 95 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर का गौरव प्राप्त किया है। यश करण ने 93 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि पल्लवी झा 93 .6 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। पुष्कर कुमार को चौथा तथा अनंत खीरवला को पांचवां स्थान मिला। गौरतलब है कि उज्ज्वल आदित्य इससे पहले जेईई मेन परीक्षा में 99 .98 परसेंटाइल के साथ झारखंड के द्वितीय टॉपर और जमशेदपुर के सिटी टॉपर रह चुके हैं।

## स्पीड न्यूज

### विश्रामपुर में लगा रोजगार मेला



**विश्रामपुर (पलामू)।** नप मुख्यालय के 10+2 जनता उवि के खेल मैदान में बुधवार को मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत रोजगार मेला लगा। जिसमें 18 से 35 वर्ष तक के बेरोजगार युवाओं ने भाग लेकर रजिस्ट्रेशन कराया। ज्ञात हो कि झारखंड सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना से बेरोजगार युवाओं को उनकी योग्यता अनुरूप रोजगार दिलाना है। मौके पर मो सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी, प्राचार्य भोला राय, अशोक तिवारी भी थे।

### लेबर सप्लायर ने मजदूर को हथियार का भय दिखाया, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**छतरपुर पलामू।** थाना क्षेत्र के केरकी बरहमनवा में एक लेबर सप्लायर उपेंद्र लोहार हथियार लेकर मजदूर के घर पहुंचा। लेबर को गाली गलौज कर धमकी देने लगा। इसकी सूचना जैसे ही छतरपुर थाना पुलिस को मिली वह घटनास्थल पहुंच उपेंद्र को एक देसी कट्टा व गोली के साथ गिरफ्तार कर लिया। उपेंद्र मजदूर सप्लायर का काम करता था। उससे गांव का एक मजदूर 50 हजार लिया था। मजदूर के घर किसी की मौत हो गयी थी। इस कारण वह नहीं जा पाया था। इसी को लेकर दोनों के बीच तू तू मैं-मैं हो रहा था। मजदूर का कहना था कि काम खत्म होने के बाद दो दिन में चलेंगे। इससे नाराज उपेंद्र ने मजदूर को हथियार का भय दिखाया। थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि उपेंद्र नशे में था। मामले की जांच की जा रही है।

### 2018 से लापता नाबालिग युवती और युवक को पाटन पुलिस ने किया अरेस्ट



**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र के सीरमा निवासी संगीता कुमारी पिता मुन्ना मांझी (2018 से गुम) गायब थी। पाटन पुलिस ने गुप्त सूचना पर संगीता कुमारी एवं उसके साथ मनोज भुइयां पिता सोहराई भुईयां ग्राम ताला पारा थाना चैनपुर को बरामद कर थाना लाकर पूछताछ की गयी। संगीता (17) एक शादी समारोह के दौरान रात्रि में गायब हो गयी थी। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन कहीं संगीता का पता नहीं चल पाया था। परिजनों ने बताया कि जिस दिन संगीता गायब हुई थी उसी दिन सिरमा के सोनू कुमार से किसी बात को लेकर धमकी मिली थी। जिसके बाद संगीता के परिजनों ने पाटन थाना में अपहरण का मामला सोनु पर दर्ज कराया था। जिसके बाद पाटन पुलिस ने सोनु पर लड़की बरामदी को ले दबाव बनाया था।

### ज्ञान निकेतन के 12वीं-10वीं के छात्राओं ने लहराया सफलता का परचम



**मेदिनीनगर।** सीबीएसई 12वीं बोर्ड में विमला पांडेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल के बच्चों ने पूर्व की तरह इस बार भी शानदार प्रदर्शन किया। इस वर्ष परीक्षा में 51 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे। श्रुति तिवारी 94.4 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल टॉपर रही। उसे अंग्रेजी में 86, फिजिक्स में 89, केमिस्ट्री में 98, मैथ्स में 91, आईपी में 97 तथा फिजिकल एजुकेशन में 97 अंक मिले। अनुराग 91.8, शोभित 90.8 क्रमशः द्वितीय-तृतीय रहे। आर्ची 90.6, अनन्या 85.4, प्रतिभा 85.4, श्रेया 82, आस्था 80.2 तथा सुधांशु को 79.6 प्रतिशत अंक मिले। प्राचार्य ने बताया कि सीबीएसई 10वीं परीक्षा में शामिल कुल 280 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। प्रिंस तथा जाहिद 94.6 प्रतिशत अंक के स्कूल टॉपर रहे। अमित 94 एवं अर्चित तथा रिशु 93.2 प्रतिशत अंक के साथ क्रमशः सेकंड-थर्ड रहे। सक्षम एवं नम्रता 92.6, निधि 92, प्राची 91.8, वैदेही एवं सुधांशु को 91.8 प्रतिशत अंक मिले। विद्यालय अध्यक्ष बलिराम शर्मा ने कहा है कि हमारे विद्यार्थियों ने हर वर्ष कि तरह बेहतर प्रदर्शन किया है। लगातार बेहतर प्रदर्शन विद्यालय में अनुकूल शैक्षिक वातावरण के कारण होता है। हमारा ध्यान दिखावे पर कम और पढ़ाई पर ज्यादा होता है, जो आगे की पढ़ाई के लिए आवश्यक है।



### एमओ सरकारी छुट्टी के दिन डीलरों के साथ करते हैं बैठक : प्रमुख गायत्री



**चैनपुर (पलामू)।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बीते दिन सोमवार को प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने पीडीएस डीलरों के साथ बैठक आहूत किया था। जहां बैठक में प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी के अध्यक्षता में बैठक होनी थीं लेकिन प्रमुख गायत्री देवी को लिखित सूचना व मौखिक जानकारी भी नहीं दी गईं थीं। इस संदर्भ में प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि बीते दिन सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा को लेकर सरकारी छुट्टी थीं लेकिन खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने नियम को ताक पर रखते हुए हमारी गैर अनुपस्थिति में पीडीएस डीलरों के साथ बैठक की। इससे यह साबित होता है कि पीडीएस डीलर व खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी का साठगांठ हैं तभी हमारे प्रखंड के ग्रामीण जनता पीडीएस डीलर से परेशान हैं।

### ट्रैफिक प्रभारी ने की सघन वाहन जांच



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बुधवार को शहर के सादिक चौक पर चार पहिया एवं दोपहिया वाहन गाड़ियों की जांच की। जांच के क्रम में दोपहिया वाहन के कुछ चालक, बगैर हेलमेट तथा बगैर लाइसेंस के गाड़ी चला रहे थे जिसमें से 11 दो पहिया वाहन गाड़ियों एवं 01 बाइक चालक शराब पी के अपनी गाड़ी चला रहे थे जिसे जांच ब्रेक एनालिसिस मशीन से किया गया तो उसमें शराब पीने की पुष्टि हुई फिर उसे भी जब्त किया गया और 01 ट्रक नो एंट्री में पकड़ा गया है उसे भी टीओपी 2 परिसर में रखा गया है। सभी दो पहिया वाहन गाड़ियों को पकड़ कर शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है। सभी वाहनों को चालान फाइन हेतु जिला परिवहन कार्यालय पलामू भेजा गया है। जिला परिवहन कार्यालय पलामू से 11 दोपहिया वाहन बाइकों का चलान फाइन राशि 15,000 रुपये आया एवं 04 ई-रिक्शा टेंपो सवारी गाड़ी का चालान फाइन राशि 46,50 रुपया आया। शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों का भी चालान फाईन राशि लिया गया। टोटल चलान फाइन राशि 46,270 रुपया आया है।

## बजरंगबली की स्तुति मात्र से पूर्ण होती हैं भक्तों की मनोकामनाएं : स्मिता आनंद

- भाजपा नेत्री स्मिता ने बाजार स्थित प्रसिद्ध महावीर मंदिर में की पूजा अर्चना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भाजपा के वरिष्ठ नेत्री स्मिता आनंद ने ज्येष्ठ महिना के प्रथम मंगलवार के पावन अवसर पर मेदिनीनगर बाजार स्थित प्रसिद्ध महावीर मंदिर में पूजा अर्चना कर समस्त क्षेत्र वासियों की सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की। सुश्री स्मिता शाम के समय होने वाली इस विशेष महाआरती में न सिर्फ शामिल हुई बल्कि घंटों तक चलने वाली इस महा आरती और भजन-कीर्तन में खड़ी रह चालीसा और बजरंग-वाण का पाठ कर झूमती हुई भी नजर आयीं। मौके पर उन्होंने भगवान को शुद्ध देशी घी से बने लड्डू को अर्पित किया और नेवैद्य को भक्तों एवं कार्यकत्ताओं के बीच वितरित किया। स्मिता ने कहा कि बजरंगवली ही ऐसे देवता हैं, जिन्हें अमरत्व का वरदान मिला है और कलयुग में इनकी स्तुति मात्र से भक्तों का कल्याण होता है और उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। मौके पर पर जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, वरिष्ठ भाजपा नेता ईश्वरी पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि भोला पाण्डेय, प्रमोद चौबे, मंडल अध्यक्ष श्रवण गुप्ता, नवीन गुप्ता, छोटू सिन्हा, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, मनोरंजन दुबे, कौशल झा आदि समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने दी 32 सड़क निर्माण की स्वीकृति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महान अभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत पलामू जिला में 21 सड़कों (100.137 किमी) राशि 7933.12 (उन्यासी करोड़ तैंतीस लाख बारह हजार) एवं गढ़वा जिला मे 11 सड़कों (38.290 किमी) राशि 3374.36 (तैंतीस करोड़ चौहत्तर लाख छत्तीस हजार) की लागत से पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत क्रमशः दोनों जिले पलामू एवं गढ़वा की आदिम जनजाति के गांव में बेहतर सड़क कनेक्टिविटी हेतु विभिन्न प्रखंडों में कुल 32 सड़कों (एक अरब 13 करोड़ 7 लाख अड़तालिस हजार) का निर्माण कार्य की स्वीकृति ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा प्रदान की गयी है। इसके लिए सांसद बीडी राम ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ग्रामीण विकास कृषि एवं कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से आभार व्यक्त किया है। उक्त सड़कों के निर्माण से आदिम जनजाति बाहुल्य गांव में रहने वालों लोगों की आवागमन की सुविधा सुगम होगी। विदित है कि उक्त 32 सड़कों के निविदा जल्द प्रकाशित होगी तथा निविदा निस्तारण के उपरांत निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा उक्त सड़कें निम्न हैं।



**विश्रामपुर प्रखंड**

1. एलओ 21 सोहदाग खुर्द से कुंबी कला मेन रोड तक कुल लंबाई (5.500 किमी) लागत 436.04 लाख।
2. एलओ 22 इटको पंचायत सचिवालय से सिंजो तक कुल लंबाई- 2.600 किमी लागत 214.28 लाख।
3. एलओ 23 कुंभी खुर्द मोड़ से ठेकी तक लंबाई -3.5 किमी लागत -279.29 लाख।
4. एलओ 24 पीएमजीएसवाई रोड पाण्डु पथलबंधवा से बरवाही वाया मचवा दामर तक, लंबाई -0.600 किमी, लागत 386.45 लाख।

**चैनपुर प्रखंड**

5. एलओ 25 रकद रोड सलतुआ से कटींग कोरवा टोला तक। 0.6 किमी लागत 52.51 लाख
6. एलओ 023 नावाडीह सुनगांई से कोरवा टोला होते नावाडीह बरवा टोला करवा तक। 3.137 किमी लागत 282.23 लाख।
7. एलओ 028 बहेराखाड़ बाजार से बेनीडीह कबरा बाथन पुल तक। 7.900 किमी, लागत 613.79 लाख
8. एलओ 029 कांचन से तिनकोनियां मेन रोड़ तक। 6.040 किमी 456.20 लाख
9. चैनपुर एल 030 महोत मुरिया से डाटम मदगड़ा रोड़ होते खैराही तक। 5 किमी 401.51 लाख।
10. एल031. पीएमजीएसवाई रोड़ कुंडपानी से बेली रोड होते हुए सरहुआ तक। 5.500 किमी 430.59 लाख.
11. एल032 नावा (बियादोहर) से डाटम होते महुत मुरिया तक। 5.7 किमी 448.14 लाख
12. एल 033 इस्लामनगर मोड़ से धमनवां मेन रोड़ तक। 7.5 किमी, 570.50 लाख।
13. एल 034 मिशन स्कुल चौक से बेरमा मस्जिद चौक रोड तक। 5.100 किमी, लागत 423.04 लाख
14. एल 035 चैनपुर बरवाडीह पीडब्लूडी रोड से चुंगरा बांसडीह तक 6.230 किमी, 508.60 लाख

**छतरपुर प्रखंड :** **15.** छत्तरपुर एल 021 मदनपुर आरईओ रोड़ पिंडराही से अहराही पडरिया टोला तक। 6.01 किमी 494.77 लाख। **16.** एल022 पीडब्लूडी रोड़ दुनदुर तारडीह से दुनदुर रोड़ तक। 4.81 किमी 365.27 लाख। **17.** छत्तरपुर एल023 एनएच.98 कुरौली रोड़ से कुरौली पडरिया टोला रोड तक। 1.900 किमी 149.86 लाख।

## हुसैनाबाद के बराही धाम में बना है विश्व का सबसे उंचा मंदिर

# मां दुर्गा मंदिर और नवग्रह मंदिर निर्माण का भूमि पूजन कार्यक्रम

- भोजपुरी स्टार पवन सिंह समेत कई नामचीन कलाकारों ने भक्ति गीत संगीत से लोगों का मन मोहा

**गौतम पटेल**



भूमि पूजन के दौरान उपस्थित लोग और गौरांगी गौरी (इनसेट)।

**हुसैनाबाद (पलामू)।** बराही धाम परिसर में विश्व का सबसे ऊंचा 551 फिट मां दुर्गा मंदिर व 151 फिट नवग्रह मंदिर निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम बुधवार को संपन्न हो गया। परम पूज्य संत श्री सुंदरराज स्वामी जी महाराज, कथावाचिका पंडिता गौरांगी गौरी के नेतृत्व में अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज, उज्जैन के पुरोहित व साधु संतों ने विधि विधान के साथ भूमि पूजन कराया। मुख्य यजमान शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक रंधीर सिंह व उनकी धर्मपत्नी संजना सिंह थे। विधायक संजय सिंह यादव, जिप उपाध्यक्ष सह ट्रस्ट के सचिव आलोक सिंह, विश्रामपुर विधायक नरेश सिंह, नवीनगर विधायक डब्लू सिंह, उतर प्रदेश के पूर्व सांसद ब्रजभूषण सिंह, औरंगाबाद पूर्व सांसद सुशील सिंह, प्रमुख राजकुमारी देवी, पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार की उपस्थिति में का आधारशिला रखी गयी।

बराही धाम में बनाने वाला विश्व का सबसे ऊंचा 551 फिट मां दुर्गा व 151 फिट ऊंचा नवग्रह मंदिर का निर्माण शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा करवाया जा रहा है। जो विश्व का सबसे ऊंचा मंदिर होगा। भूमि पूजन में भोजपुरी पावर स्टार पवन सिंह समेत कई नामचीन भोजपुरी कलाकारों ने भक्ति गीत से भरपूर मनोरंजन किया। मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, पूर्व जिप उपाध्यक्ष बिनोद सिंह समेत साधु संत, प्रवचनकर्ता व हजारों भक्त श्रद्धालु, ग्रामीण इस ऐतिहासिक पल के साक्षी रहे।

## 10वीं-12वीं के विद्यार्थियों को विशेष रणनीति के तहत करायी जायेगी तैयारी : डॉ शशिभूषण

- ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में 17 को होगा गाइडेंस स्तर का आयोजन

मेदिनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में 17 मई को कैरियर गाइडेंस सत्र का आयोजन होगा। जिसमें 12 वीं कक्षा के लिए सही स्ट्रीम के चयन और मार्गदर्शन पर विशेष चर्चा होगी। चेयरमैन डॉ एसबीपी मेहता ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 10 वीं और 12 वीं में ज्यादा से ज्यादा छात्र अधिक अंक लाएं इसके लिए विशेष रणनीति के तहत इस सत्र से तैयारी कराई जाएगी। रांची स्थित ऑक्सफोर्ड स्कूल के छात्रों ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वाणिज्य संकाय में स्कूल के छात्र ने 98.8 % अंक लाकर झारखंड में पहला स्थान प्राप्त किया है। मानविकी की छात्रा ने 98.2 % अंकों के साथ रांची में तीसरा स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय में 98 % अंक लाकर छात्र ने रांची में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस सफलता को आगे बढ़ाने का काम विशेष शैक्षणिक संवाद सत्र करेगा। रांची से आए विशेषज्ञ शिक्षक मार्गदर्शन देंगे। कार्यक्रम में कक्षा 12वीं की तैयारी की रणनीति पर चर्चा होगी। सत्र में जेई, नीट, सीए, सीएस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर फोकस रहेगा। विशेषज्ञ समय प्रबंधन, विषय चयन और करियर प्लानिंग पर मार्गदर्शन देंगे। छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी चर्चा होगी। ये सत्र छात्रों को उनकी रुचि और क्षमता के अनुसार सही दिशा चुनने में मदद करेगा। मौके पर प्राचार्य डॉ एके सिंह भी थे।

### भाजपा का तिरंगा यात्रा आज : डॉ शशिभूषण



**पांकी पलामू।** पाकिस्तान द्वारा किए गए दुस्साहसी आतंक पर भारत की विजय के प्रतीक ऑपरेशन सिन्दूर की सफलताओं को हर शहर, हर गांव तक पहुंचाकर देशवासियों को गर्व से भरने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने तिरंगा यात्रा के आयोजन का निर्णय लिया है। इसकी जानकारी देते हुए पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता ने कहा कि सभी देशप्रेमी नागरिकों, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ता बंधुओं एवं प्रबुद्धजनों को सूचित करना है 15 मई 2025, दिन-वृहस्पतिवार को सुबह 9 बजे साहित्य समाज चौक, मेदिनीनगर में उपस्थित होकर तिरंगा यात्रा में शामिल होकर सफल बनायें।

## कोकरो का ओम कपूर जिला स्तरीय कैरम बोर्ड प्रतियोगिता में हुआ प्रथम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा सरकारी विद्यालयों के लिए बुधवार को आयोजित जिला स्तरीय कैरमबोर्ड प्रतियोगिता में ओम कपूर कुमार ने अंडर 19 एकल कैरमबोर्ड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वह हरिहरगंज प्रखंड के कोकरो गांव स्थित पीएम श्री स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय के कक्षा 9 का छात्र है। मेदिनीनगर स्थित जिला स्कूल के प्रशाल में संपन्न हुए प्रतियोगिता में ओम कपूर ने फाइनल मुकाबला में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय पाटन के छात्र को 4 प्वाइंट से मात दिया।

ओम कपूर को जीत की बधाई देते हुए प्राचार्य अरविंद प्रसाद गुप्ता ने कहा कि ओम की मेहनत और समर्पण ने उसे इस मुकाम तक पहुंचाया है। यह अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। ओम की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों में खेलकूद के प्रति रुचि बढ़ाते हुए मानसिक विकास में सहायक होती हैं।

## पोलपोल के नावाडीह रोड में मां कालिका वस्त्रालय का उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पोलपोल के नावाडीह रोड में मां कालिका वस्त्रालय का उद्घाटन बुधवार को समाजसेवी अजय कुमार सिंह, आनंद सिंह, सुरेश पाठक, संतोष पांडेय ने फीता काटकर किया गया। मौके पर समाजसेवी अजय सिंह ने कहा कि इस दुकान में ब्रांडेड कपड़े के अलावे उचित मूल्य पर लोगों के मनपसंद कपड़े भी उपलब्ध कराये गये हैं। गरीब लोग भी कपड़े खरीद सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज के फैशनेबल लड़के, लड़कियां के मन पसंद भी कपड़े दुकान में उपलब्ध हैं। लोगों को अब डाल्टनगंज जाने का जरूरत नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि दुकानदार ग्राहक का दिल जीतने का कार्य करेंगे।ब्यवसाय में विश्वास बहुत जरूरी है। इस मौके पर दुकान के प्रोपराइटर विक्की सिंह ने बताया कि उन्होंने प्रयास किया है कि सभी तरह के रेडीमेड कपड़े इस दुकान में उपलब्ध हैं। साथ ही उचित दामों पर लोगों को उपलब्ध कराया जायेगा।

### एलआर डीसी के वाहन ने धक्के से दो युवक घायल



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के नावाटोली चौक पर पलामू के डीसी एलआर के वाहन ने दो युवकों को धक्का मारकर घायल कर दिया। जिसे एमएमसीएच मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि डीसी एलआर का वाहन तेज गति से जा रही थी कि एक बाइक पर सवार दो युवकों को धक्का मार दिया। जिससे बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी। वहीं डीसी एलआर के वाहन के अगले भाग के परखच्चे उड़ गये। वाहन में सिर्फ चालक था जो भागने में सफल रहा। सूचना मिलने पर यातायात प्रभारी समाल अहमद घटनास्थल पहुंच स्थिति का जायजा लिये। घायल युवकों को अस्पताल भेजा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। डीसी एलआर का नंबर प्लेट व नाम लिखा क्षतिग्रस्त मलवा रोड पर ही रहा।

### प्रखंड कार्यालय में केसीसी ऋण को लेकर बैठक



**पाटन पलामू।** कृषि विभाग ने प्रखंड कार्यालय सभागार में केसीसी ऋण को लेकर बैठक की। जिसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 केसीसी ऋण अधिक से अधिक किसानों को देने को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में कृषि विभाग पाटन के एटीएम अभिमन्यु गुप्ता, सीआई प्रगास राम, बीओ राजेश पाठक, जनसेवक उमेश मिश्रा, मनोज कुमार, कृषि मित्र नवलेज सिंह, संतोष तिवारी, कामता प्रसाद सहित पाटन प्रखंड के सभी कृषि मित्र उपस्थित थे। कृषि मित्र ने कहा कि पिछले वर्ष भी कृषि ऋण का फार्म भरकर दिया गया था लेकिन किसी किसान को कृषि ऋण नहीं मिल पाया, जो दुखद है।

### लहलहे में 19 मई से होगी श्रीमद् भागवत कथा



**सतबरवा पलामू।** लहलहे में श्रीश्री 1008 मारुति किंकर जी महाराज के श्रीमुख से संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा 19 मई से होने जा रहा है। यज्ञ कमेटी के सदस्यों ने इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील श्रद्धालुओं से की है। मुख्य यजमान विवेकानंद त्रिपाठी ने बताया कि स्वामी जी महाराज 19 से 25 मई तक संगीतमयी भागवत कथा करेंगे, जिसमें 18 को हनुमत पूजा, 19 को कलश यात्रा, 19 की शाम 7 से 25 तक श्रीमान के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा का रसपान श्रद्धालु भक्त करेंगे। 26 को हवन के बाद विशाल भंडारा भी यज्ञ कमेटी करायेगी। उक्त यज्ञ कमेटी की बैठक में विवेकानंद त्रिपाठी के आवास पर हुई जिसमें सुरेश्वरी तिवारी, अनूप तिवारी, प्रशांत तिवारी, ट्विंकल तिवारी, मनीष तिवारी, मृत्युंजय तिवारी, मनु तिवारी, अनिरुद्ध तिवारी, विनोद तिवारी, महिमानंद तिवारी सहित काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## ग्रीष्मकालीन शिविर खेल और ज्ञान का संगम है : अभिलाषा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** विभागीय निर्देश के आलोक में प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 16 मई तक चलने वाले इस शिविर में कक्षा 10 तक के विद्यार्थी शामिल हैं। कटैया ग्राम स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में आयोजित इस शिविर में मंगलवार से प्रारंभ शिविर में खेल पासपोर्ट बनाना, देशी खेल, मिट्टी, लकड़ी, कागज से खेल सामग्री निर्माण कराने सहित कई तरह की गतिविधियां करवायी गयी। प्रधानाध्यापिका अभिलाषा कुमारी ने बताया कि ग्रीष्मकालीन शिविर खेल और ज्ञान का अद्भुत संगम है। आनंददायी वातावरण में बच्चे खेल के माध्यम से अपनी रचनात्मक कौशल का विकास करते हैं।

### ब्रेन हेमरेज से नवडीहा के युवक की हुई मौत



**पाटन पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम नवडीहा के विवेक सिंह उर्फ पाठक की मौत ब्रेन हेमरेज से हो गयी। विवेक कल्याण विभाग में प्राइवेट कर्मी थे। वे मंगलवार को प्रतिदिन की भांति ड्यूटी डालटनगंज कल्याण विभाग में गये हुये थे जहां पर अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गयी। जिसके बाद उनको इलाज कराया गया लेकिन स्थिति और गंभीर हो गयी थी।

## हैदरनगर प्रखंड में पंचायत सचिव की लापरवाही से लोग हैं बेहाल

**नरेंद्र प्रसाद गुप्ता**

- जन्म प्रमाण पत्र बनवाना बना ग्रामीणों के लिए पहेली




**हैदरनगर पलामू।** प्रखंड के हैदरनगर पूर्वी पंचायत में जन्म प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया ग्रामीणों के लिए किसी कठिन परीक्षा से कम नहीं है। महीनों से लगातार पंचायत कार्यालय के चक्कर काटने के बावजूद ग्रामीणों को निराशा हाथ लग रही है। पंचायत सचिव की मनमानी, गैर-जिम्मेदाराना रवैये और अनावश्यक पेचिदगियों ने आम जनता की परेशानियों को काफी बढ़ा दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब वे पूरी तैयारी के साथ एफिडेविट, पांच गवाहों के आधार कार्ड, मुखिया और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के हस्ताक्षर जैसे सभी दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा करते हैं, तब भी पंचायत सचिव आवेदन में तथाकथित कमी बताकर उन्हें लौटा देता है। जब आवेदक प्रखंड कार्यालय या पंचायत भवन में पंचायत सचिव से संपर्क करना चाहते हैं।

## स्वामी विवेकानंद एलिट के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 10वीं में लहराया जीत का परचम : चंदन कुमार

- स्वामी विवेकानंद एलिट पब्लिक स्कूल के छात्र एवं छात्राओं ने सीबीएसई 10वीं परीक्षा में लहराया जीत का परचम : चंदन कुमार

**मितल सिंह**




**छतरपुर पलामू।** सीबीएसई द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट की घोषणा के बाद स्वामी विवेकानंद एलिट पब्लिक स्कूल छतरपुर के बच्चों में खुशी की लहर है। इस शैक्षणिक वर्ष 2024 -25 मे विद्यालय की ओर से कुल 81 बच्चों ने सीबीएसईबोर्ड की परीक्षा दी थी जिसमें विद्यालय का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के चेयरमेन मुकेश कुमार ने कहा कि हमारे विद्यालय के कुशल शिक्षकों के नेतृत्व में बच्चों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है और भविष्य में भी निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए कटिबध है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार माता-पिता एवं बच्चों को शुभकामनाएं देता है। मैनेजर व सचिव उपेंद्र कुमार ने खुशी जताते हुए कहा कि हमारा विद्यालय लगातार बच्चों के विकास को लेकर सक्रिय रहता हैऔर हम सभी का हमेशा से यह प्रयास रहा है कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें ताकि उनका भविष्य निर्माण किया जा सके। आज बच्चों ने यह सिद्ध कर दिया कि उचित अवसर मिलने पर वह किसी से कम नहीं है। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य चंदन एवं शिक्षकों को भी शुभकामनाएं दी कि उनके मार्गदर्शन में बच्चे इसी तरह से निरंतर बढ़िया करें।

डायरेक्टर सुनील कुमार ने खुशी जताते हुए कहा कि हमारे स्कूल के छात्र एवं छात्राओं ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में अच्छे मार्क्स लाये हैं और छतरपुर जैसे छोटे से शहर का नाम रोशन किया है। बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को संवारने की जिम्मेदारी माता-पिता, शिक्षक एवं समाज की होती है। अतः हम सभी को उनके सर्वांगीण विकास पर ध्यान देना चाहिए। यह विद्यालय के लिए गौरव की बात है कि आज सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया और हमें गौरवान्वित महसूस कराया। मैनेजिंग डायरेक्टर यू एन कपूर ने कहा कि यहां के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है और आज उन्होंने दसवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार परिणाम अर्जित किया है।

## जेएनवी जपला 02 का रिजल्ट 100%

- लड़का में आयुष राज ने 95.6% लाकर बने टॉपर तो छात्राओं में सुष्मिता ने 92.4% लाकर बनी टॉपर, अंकों के अंतराल में हर्ष यादव द्वितीय व अर्णव सिंह तीसरे स्थान पर रहे

**खबर मन्त्र संवाददाता**







**हुसैनाबाद पलामू।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) ने मंगलवार को रिजल्ट जारी कर दी,रिजल्ट आते ही सीबीएसइ बोर्ड के बच्चों में खुशियों की लहर दौड़ गयी। इस बार भी छात्रों के अपेक्षा छात्राओं ने टॉपर की सूची में दबदबा कायम रखी,हलांकि अंकों के अंतराल में छात्रों ने भी खूब बेहतर प्रदर्शन किया हैं। इधर पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जपला पलामू टू के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए विद्यालय के कुल 38 परीक्षार्थियों में सभी सफल हुए जिसके बाद प्राचार्य अशहर रूमी सीनियर मोस्ट टीचर राणा तब्बसुम, शालिनि तिग्गा समेत सभी लोगो ने हर्ष जताया हैं। इसकी जानकारी देते हुए प्राचार्य ने बताया कि मेरे विद्यालय से कुल 38 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमे सभी लोग पास हो गए यानी 100% रिजल्ट हुआ है। आगे उन्होंने बताया कि लड़को के श्रृंखला में आयुष राज ने 95.6%लाकर विद्यालय टॉपर बने। वहीं छात्राओं में सुष्मिता कुमारी ने 92.4%लाकर टॉपर में स्थान बनाई वहीं अंकों के अंतराल में हर्ष कुमार यादव एवं कुमार अर्णव सिंह द्वितीय व तृतीय स्थान पर कब्जा जमाया अगर स्कूल की प्रतिशत में बात करें तो 21% विद्यार्थियों ने 90% अंकों को लाने में कामयाब रहे हैं जबकि 71% प्रतिशत विदद्यार्थी 75 % तक अंक लाये है। प्राचार्य श्री रूमी ने कहा कि विद्यालय परिवार की ओर से सभी विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है। वही मेरा विद्यालय में +2 में भी बेहतर रिजल्ट प्रदर्शन आयेगा। सभी सफल विद्यार्थियों को आगे के पढ़ाई इसी विद्यालय से होगा।

सांसद बीडी राम ने प्रधानमंत्री और केंद्रीय कल्याण मंत्री के प्रति जताया आभार, आदिम जनजातीय गांवों में बेहतर सड़क कनेक्टिविटी संभव

# 34 करोड़ रुपये की लागत से बनेगी 11 सड़के

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महान अभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत गढ़वा जिला 38.290 किलोमीटर लंबी 11 सड़कों का निर्माण 33743600 रुपए यानि तैंतीस करोड़ चौहतर लाख छत्तीस हजार रुपए की लागत से की जाएगी। इससे गढ़वा जिले के आदिम जनजाति गांवों में बेहतर सड़क कनेक्टिविटी संभव हो जाएगा। इस निर्माण कार्य की स्वीकृति ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने प्रदान कर दी है। इसके लिए सांसद बीडी राम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ग्रामीण विकास कृषि एवं कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है। उक्त सड़कों के निर्माण से आदिम जनजाति बाहुल्य गांव में रहने वालों लोगों की आवागमन की सुविधा सुगम होगी। सांसद श्री राम ने कहा कि इन सड़कों की निविदा जल्द प्रकाशित होगी तथा निविदा निस्तारण के उपरांत निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।



सांसद बीडी राम

**इन प्रखंडों में बनेंगी सड़के** : भंडरिया प्रखंड के बाथन टोली से कोचली (बारकोल कलां) तक 3.400 किलोमीटर 275.68 लाख रुपए, मदगढ़ी रोड से टोटकी तक 4.300 किलोमीटर, 369.92 लाख रुपए, चिनिया प्रखंड के उदय मोड़ से परशु खाड़ रोड़ तक 2.00 किलोमीटर 177.58 लाख रुपए, चपला अलयास चैपालो मोड़ से दोगवाखाड़ तक 2.50 किलोमीटर 228.65 लाख रुपए, रोतोही महुआ टोला से छेतेलिया रोड तक 4.04 किलोमीटर 365.74 लाख रुपए, खुरी मोड़ से खुरी रोड़ तक 2.800 किलोमीटर 242.26 लाख रुपए, पीएमजीएसवाई रोड से पियाहीया गांव रोड तक 4.75 किलोमीटर 411.77 लाख रुपए, डंडई प्रखंड में दनराई से कोरवा पियाहीया टोला (बेहरवा) तक 3.500 किलोमीटर 332.49 लाख रुपए, धुरकी में बरका घाट से धुरकी मेन रोड (मरचाई) तक 6.200 किलोमीटर 538.43 लाख रुपए, रामकंडा प्रखंड में कुशवर से सरकही मेन रोड़ तक 1.00 किलोमीटर 83.89 लाख रुपए एवं पीडब्ल्यूडी मेन रोड से अमहार तक 3.800 किलोमीटर 347.95 लाख रुपए की लागत से सड़कें बनाई जाएंगी।

# शहर में टैंकर से जलापूर्ति की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** प्रचंड गर्मी और शहर में उत्पन्न जल संकट को लेकर भाजपा नगर मंडल गढ़वा ने मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में गढ़वा उपायुक्त के नाम उप विकास आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शहरी जलापूर्ति व्यवस्था के एक सप्ताह तक बंद रहने पर गहरी नाराजगी जताते हुए तत्काल वैकल्पिक जलापूर्ति की मांग की गई। उमेश कश्यप ने बताया कि इस भीषण गर्मी में आम नागरिकों को नित्यकर्म सहित दैनिक कार्यों के लिए पानी की अत्यधिक आवश्यकता है, ऐसे में जलापूर्ति को एक सप्ताह तक के लिए बंद करना विभागीय लापरवाही को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि शहरी जलापूर्ति पर शहर की अधिकांश आबादी निर्भर है, और इस संकट की घड़ी में वैकल्पिक उपाय नहीं करना विभाग की गंभीर उदासीनता को दशार्ता है। ज्ञापन सौंपने के दौरान विधायक प्रतिनिधि रिंकू तिवारी, अंकित तिवारी, लक्ष्मी पांडेय समेत कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।


**शपथ पत्र**

यह कि मैं संगीता देवी उम्र 45 वर्ष पति संजय कुमार प्रसाद साकिन अंबाकोठी मस्जिद रोड लातेहार का स्थाई एवं मूल निवासी हूं। यह कि मेरी पुत्री का सुकन्या समृद्धि योजना का खाता है जिसका खाता संख्या 5805894911 तथा सीआईएफ कोड 966562171 है। जिसमे मेरी पुत्री का नाम भूलवश परी कुमारी दर्ज हो गया है। यह की मेरी पुत्री का आधार नंबर-977140184039 है। जिसमे मेरी पुत्री का नाम सौम्या कुमारी दर्ज है। जो सही है। जिसके लिए मैं शपथ पत्र कर रही हूँ।

**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार**

**शुद्धि पत्र**

नगर पंचायत, लातेहार के ज्ञापांक 851 दिनांक 06.05. 2025 द्वारा जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी लातेहार के माध्यम से PR NO 352186 Urban Development (25-26).D द्वारा 12 अदद DMFT योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित अतिअल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं० **UDD/LNP/06/2025-26** में Last Date/ Time of submission of bids-18.05.2025 upto 03:00 pm, ,oa Technical & Financial Bid opening date (Online)- 19.05.2025 at 5.00 PM की तिथि टंककीय भूलवश अंकित हुई है, जिसे Last Date/Time of submission of bids-19.05.2025 upto 03:00 pm, एवं Technical & Financial Bid opening date (Online)- 20.05.2025 at 5.00 PM पढा व समझा जाय, शेष यथावत रहेगें।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार

PR.NO.352406 Urban Development(25-26):D


# छात्रों ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में दिखाया

# उत्कृष्ट प्रदर्शन, शत-प्रतिशत सफलता





खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, भवनाथपुर टाउनशिप के भैया-बहनों ने सीबीएसई द्वारा आयोजित दसवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का मान बढ़ाया। इस वर्ष कुल 54 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए और सभी उत्तीर्ण हुए, जिससे विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की इंदु शुक्ला ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। उनके बाद शांभवी ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान और आरूषी ने 88 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। जबकि दीपिका ने 85, सुहानी और रजनीकांत ने 84.4, शिला ने 83, मानसी ने 81, आराधना और शुभम ने 80, आदित्य ने 78 तथा रिंकी ने 77 प्रतिशत अंक अर्जित की। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्रधानाचार्य शिव बालक प्रसाद ने कहा कि छात्रों की सफलता का श्रेय उनके लगन, परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन को जाता है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाती है, जिसका यह परिणाम प्रमाण है। विद्यालय के आचार्य राम इकबाल शर्मा, उज्ज्वल राज, धीरज, अजय सिंह ने टॉपर्स के घर जाकर उन्हें मिठाई खिलाई और शुभकामनाएं दीं। वहीं, विद्यालय प्रबंधकारिणी के अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह सेंगर और सचिव साकेत विहारी सिंह ने भी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## पिता की पुण्यतिथि पर प्राची कश्यप ने किया रक्तदान

**गढ़वा।** कसौधन समाज महिला मंच की सक्रिय सदस्य प्राची कश्यप, पति आलोक कश्यप, ने अपने पिता की प्रथम पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने का एक प्रेरणादायक तरीका अपनाते हुए गढ़वा ब्लड बैंक में पहली बार रक्तदान किया। प्राची को जब एक जरूरतमंद को रक्त की आवश्यकता होने की सूचना मिली, तो उन्होंने बिना देर किए तत्काल रक्तदान कर मानवता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। मौके पर कसौधन महिला मंच की सचिव अर्चना कश्यप, दौलत सोनी आदि उपस्थित थे।

हमारे स्कूलों का परीक्षा परिणाम न केवल जिला बल्कि

# राज्य में भी श्रेष्ठ श्रेणी में आता है : अलखनाथ







फोटो 1-समीक्षा कुमारी, फोटो 2-ईशिका गुप्ता, फोटो 3-प्रीति कुमारी

खबर मन्त्र संवाददाता

> आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का सीबीएसई 10वीं बोर्ड में शत-प्रतिशत परिणाम, समीक्षा ने किया टॉप

**गढ़वा।** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी गुणवत्ता और अनुशासन के लिए चर्चित आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा के परिणामों में समूह से संचालित सभी स्कूलों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। गढ़वा जिले के आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा, अधौरा (श्री बंशीधर नगर) एवं उंचरी (मझिआंव) से कुल 311 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और सभी छात्र सफल घोषित हुए। आरके पब्लिक स्कूल, गढ़वा से सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा समीक्षा कुमारी ने 95.4 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में टॉप किया। उसके बाद हर्ष कुमार यादव ने 95 प्रतिशत, रुद्राक्ष तिवारी ने 94.8 प्रतिशत, अमन कुमार गुप्ता ने 94.2 प्रतिशत, संस्कृति कुमारी ने 92.8 प्रतिशत अंक अर्जित किए। कुल मिलाकर 10 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। आरके पब्लिक स्कूल अधौरा, श्री बंशीधर नगर से ईशिका गुप्ता ने 94 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप किया। उसके बाद युवराज पांडेय ने 89 प्रतिशत, रागिनी कुमारी ने 86 प्रतिशत, शिवम कुमार रजवार ने 85 प्रतिशत, प्राची सिंह ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उंचरी स्थित आरके पब्लिक स्कूल, मझिआंव के छात्र-छात्राओं ने भी बढ़िया प्रदर्शन किया। प्रीति कुमारी ने 89.6 प्रतिशत, कयनात नाज ने 87.6 प्रतिशत, बादल कुमार ने 86.2 प्रतिशत, आरुषि प्रिया ने 83.6 प्रतिशत, रौनक कुमार तिवारी ने 81.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि हम सिर्फ पढ़ाते ही नहीं, बल्कि परिणाम भी देते हैं। हमारे स्कूलों का परीक्षा परिणाम न केवल जिला बल्कि राज्य में भी श्रेष्ठ श्रेणी में आता है। उन्होंने यह सफलता शिक्षकों की मेहनत, विद्यार्थियों की लगन और अभिभावकों के सहयोग को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह परिणाम एक टीम वर्क का परिणाम है, जहां विद्यालय का हर सदस्य छात्रों के भविष्य को संवारने के लिए प्रयासरत रहता है। बता दें कि आरके पब्लिक स्कूल, गढ़वा के 220 विद्यार्थी, आरके पब्लिक स्कूल, अधौरा (श्री बंशीधर नगर) के 29 विद्यार्थी, आरके पब्लिक स्कूल, उंचरी (मझिआंव) के 62 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। तीनों ही शाखाओं के शत-प्रतिशत परिणाम ने शिक्षा के क्षेत्र में आरके ग्रुप की विश्वसनीयता और गुणवत्ता को फिर से सिद्ध किया है। स्कूल प्रबंधन, शिक्षक, अभिभावक और छात्र सभी इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से उत्साहित और गर्वित हैं।


**उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
**( जिला ग्रामीण विकास शाखा )**

**मनरेगा कोषांग**

**-: अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :-**

**(Third Call)**

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड रांची के पत्रांक (N) 273 (अनु०) दिनांक 03.03.2025, पत्रांक (N) 77 दिनांक 22.01. 2025 एवं पत्रांक (N) 265 (अनु०) दिनांक 03.03.2025 के आलोक में मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में खूँटी जिला में 2000 एकड़ में बागवानी किया जाना प्रस्तावित है। उपरोक्त प्रासंगिक पत्र के आलोक में बिरसा हरित ग्राम योजना के क्रियान्वयन हेतु बागवानी में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न सामग्रियों का क्रय किया जाना है। उक्त के संबंध में सुयोग्य/अधिकृत इच्छुक आपूर्तिकर्त्ताओं/निर्माताओं से निम्न सामग्रियों के क्रय हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र०सं० | सामग्री का नाम | विवरण | इकाई |
|---|---|---|---|
| 1 | Antibiotic | Plant Antibiotic (Kasugamycin 5% या समतुल्य) | प्रति 5gm |
| 2 | रसायनिक खाद | यूरिया | Kg |
| | | NPK 10:26:26 (सुफला या समतुल्य) | Kg |
| | | MoP (पोटाश) | Kg |

नोट :- 1. निविदा की विस्तृत जानकारी खूँटी जिला के वेबसाइट www.khunti.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है अथवा कार्यालय अवधि में जिला ग्रामीण विकास शाखा, खूँटी (मनरेगा कोषांग) के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

2. इच्छुक निविदादाता **दिनांक 21.05.2025 को अपराह्न 01:00 बजे** तक उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास शाखा, खूँटी (मनरेगा कोषांग) में मुहरबंद निविदा जमा कर सकते है। निविदा उसी दिन **दिनांक 21.05. 2025 को अपराह्न 03:00 बजे** उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास शाखा, खूँटी (मनरेगा कोषांग) में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से नमूना के साथ उपस्थित रहेंगे। लिफाफे के उपर **Plantation under MGNREGA (Material)** अंकित किया जाए।

ह०/-
उप विकास आयुक्त-सह-
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, खूँटी

PR 352330 District(25-26)#D


# मुख्यमंत्री दाल-भात योजना ठप

## गरीबों को भोजन के लिए हो रही भारी परेशानी





मुख्यमंत्री दाल-भात योजना

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री दाल-भात योजना भवनाथपुर प्रखंड परिसर में पिछले कई दिनों से बंद पड़ी है, जिससे गरीब, दिहाड़ी मजदूर, रिक्शा चालक और बुजुर्गों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस योजना के तहत जरूरतमंदों को मात्र 5 रुपये में भरपेट भोजन मुहैया कराया जाता था। सरकारी कार्यालयों और अस्पतालों के चक्कर में आने वाले सैकड़ों लोग इस योजना पर प्रतिदिन निर्भर रहते थे, लेकिन अब केंद्र पर अनाज की आपूर्ति बंद होने से योजना ठप हो गई है।

गरीब तबके के लोगों का कहना है कि यह भोजन केंद्र उनके लिए बहुत बड़ी राहत थी। स्थानीय मजदूर नथुनी, मुन्ना, रमेश, महेंद्र, लालू, रामचंद्र, रामलाल, सुनील और हीरानंद राम सहित कई लोगों ने बताया कि वे प्रतिदिन मजदूरी करते हैं और कई बार समय या संसाधनों के अभाव में घर से खाना नहीं ला पाते थे। ऐसे में दाल-भात केंद्र से उन्हें सस्ते में भरपेट भोजन मिल जाता था, लेकिन अब केंद्र के बंद होने से उन्हें भूखे रहना पड़ता है।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि प्रशासन की लापरवाही के कारण यह जनकल्याणकारी योजना बंद हो गई है। उनका कहना है कि समय पर अनाज और राशन की आपूर्ति न होने से यह स्थिति उत्पन्न हुई है, जबकि योजना का लाभ जरूरतमंदों को मिलना चाहिए था। इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ नंद जी राम ने बताया कि मार्च माह में समूह की महिलाएं उनके पास अनुमति के लिए आई थीं, लेकिन केंद्र के कभी-कभार खुलने की शिकायतों के कारण उन्होंने फिलहाल अनुमति नहीं दी।

सरकारी निर्देशों की उड़ रही धज्जियां

# लू के कहर में भी बच्चे कोचिंग जाने को मजबूर



सड़कों पर पसरा सन्नाटा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** जेठ माह के चढ़ते ही प्रचंड गर्मी ने विकराल रूप धारण कर लिया है। तपती दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है और तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने सभी विद्यालयों को सुबह 7:00 बजे से 11:30 बजे तक संचालित करने का निर्देश दिया है, ताकि छात्र लू की चपेट में न आएं। लेकिन यह निर्देश कोचिंग संस्थानों पर लागू नहीं हो रहा, जिससे छात्रों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। विद्यालय की छुट्टी के बाद नवमीं-दसवीं कक्षा के कई छात्र दोपहर में कोचिंग पढ़ने के लिए निकलते हैं, जिनकी छुट्टी चिलचिलाती गर्मी में होती है। दोपहर के भीषण तापमान में छात्रों को सड़कों पर चलते देखा जा सकता है। छात्रों ने बताया कि वे कोचिंग से पढ़कर लौट रहे हैं, इसलिए देर हो गई। कोचिंग संस्थान सरकारी दिशा-निदेर्शों की खुलेआम अनदेखी कर रहे हैं। जहां विद्यालयों के समय में बदलाव कर सुरक्षा का ख्याल रखा जा रहा है।

# दो जन वितरण प्रणाली डीलरों पर कड़ी कार्रवाई, उपायुक्त ने की अनुज्ञप्ति रद्द

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर ने जन वितरण प्रणाली में अनियमितता के मामलों को गंभीरता से लेते हुए मेराल एवं भंडरिया प्रखंड के दो डीलरों की अनुज्ञप्ति तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी है। यह कार्रवाई अनुज्ञप्ति शर्तों और झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश के उल्लंघन के आधार पर की गई है। ग्राम मेराल के जन वितरण प्रणाली डीलर संजय प्रसाद गुप्ता (अनुज्ञप्ति संख्याः 18/1996) के विरुद्ध शिकायतें मिलने पर अनुमंडल पदाधिकारी, गढ़वा द्वारा उनकी दुकान का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कई लाभुकों ने कम राशन मिलने की शिकायत की। एक लाभुक कुश कुमार द्वारा लिए गए राशन की तौल कराने पर पता चला कि 5 सदस्यों के लिए 35 किलो राशन मिलना चाहिए था, परन्तु बोरी सहित केवल 33 किलो ही पाया गया।

अन्य लाभुकों ने भी डीलर पर समान आरोप लगाए। जांच के दौरान स्वयं डीलर ने भी यह स्वीकार किया कि वे कम मात्रा में राशन देते हैं। ग्राम बघवार के डीलर बोधन सिंह (अनुज्ञप्ति संख्याः 10/2004) के मामले में अनुमंडल पदाधिकारी, रंका द्वारा निरीक्षण के दौरान दुकान बंद पाई गई। पूर्व सूचना के बावजूद डीलर ने दुकान नहीं खोली और मोबाइल फोन भी बंद कर लिया। निरीक्षण के समय दुकान पर सूचना पट, लाभुकों की सूची, विज्ञप्ति संख्या आदि प्रदर्शित नहीं थी। लाभुकों से पूछताछ में राशन वितरण में घोर अनियमितता, देरी, मनमानी व मनचाही तिथि को वितरण करने की शिकायतें सामने आईं। फरवरी 2025 का राशन मिलने के बावजूद वितरण नहीं किया गया था।



जांच करते एसडीओ

डीसी श्री जमुआर ने कहा कि जन वितरण प्रणाली के डीलरों को समय पर राशन उपलब्ध कराया जा रहा है, अतः यह उनकी जिम्मेदारी है कि वे लाभुकों को निर्धारित मात्रा में समय पर राशन वितरित करें। अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भविष्य में भी ऐसी किसी भी शिकायत पर तत्काल अनुज्ञप्ति रद्द कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**झारखण्ड, राँची, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सामान्य), राँची**

**शैक्षणिक सत्र 2025-26-27 में नामांकन से संबंधित सूचना**

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, राँची के पत्रांक- 639, दिनांक- 07/05/2025 के अनुपालन में सूचित किया जाता है कि NCVT से मान्यता प्राप्त व्यवसायों में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सामान्य), राँची के शैक्षणिक सत्र 2025-26-27 में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों (महिला सहित) से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाईन (https://iti.jharkhand.gov.in के Admission tab) आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

1. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता:-वायरमैन, मेशन (बिल्डिंग कन्स्ट्रक्टर), प्लम्बर एवं वेल्डर व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को आठवीं (8वीं) कक्षा में उत्तीर्णता आवश्यक है एवं शेष व्यवसायों के लिए 10th class Passed (Matric Passed) होना आवश्यक है।
2. आयु अहर्ता:-01 जुलाई 2025 को न्यूनतम आयु 14 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। सैन्य कार्रवाई में मारे गये सैन्य कर्मियों के विधवाओं के मामले में अधिकतम आयु 45 वर्ष होना चाहिए।
3. महत्वपूर्ण तिथियाँ:-

| क्र०सं० | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20/05/2025 |
| 2 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि | 13/06/2025 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 3 | औपबंधिक मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 16/06/2025 अपराह्न 6:00 बजे |
| 4 | औपबंधिक राज्य मेधा सूचियों में शामिल आवेदकों द्वारा प्राप्तांक /प्राप्तांक प्रतिशत, कोटि एवं अन्य प्रविष्टियों में त्रुटि सुधार की अवधि | 17/06/2025 से 19/06/2025 |
| 5 | अंतिम मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 21/06/2025 |

4. डी०जी०टी० के पत्रांक-DGT-MIS 011/1/2025-O/o DIR(TC) [71015], दिनांक-08/04/2025 के आलोक में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नामांकन लेने वाले अभ्यर्थियों का वैध मोबाईल नम्बर, ई-मेल आई०डी० एवं आधार नम्बर आवश्यक है तथा National Trade Certificate (NTC) उत्तीर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त होने तक उसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी। डी०जी०टी० का पत्र https://iti.jharkhand.gov.in के Download Section के Notification Tab में देखा जा सकता है।
5. नामांकन संबंधी विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना झारखण्ड ITI webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के Download Section के Notification Tab में देखा/Download किया जा सकता है।
6. किसी प्रकार की महत्त्वपूर्ण जानकारी हेतु ITI webportal के Grievance Section में टिकट raise किया जा सकता है एवं आवश्यकतानुसार मो० नं०-7717775369/6200964693/8252575749/9308058506/ 7004486480/9631039626 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

उक्त सूचना को Jharkhand के ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के Download Section के Notification Tab में देखा/Download किया जा सकता है।

ह०/-
प्रवर कोटि प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सामान्य), राँची

PR 352407 Labour Employment and Traning(25-26)#D

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**प्राचार्य का कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महुआडाँड, लातेहार-822119**
**Email – itimahuadanr@gmail.com**

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महुआडाँड,**
**लातेहार में शैक्षणिक सत्र 2025-26-27 में नामांकन संबंधित सूचना**

1. झारखण्ड सरकार के NCVT के अन्तर्गत संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महुआडाँड, लातेहार में निदेशालय पत्रांक -639 दिनांक- 07.05.2025 के अनुपालन में शैक्षणिक सत्र 2025-26-27 में विभिन्न व्यवसायों के लिए योग्य आवेदकों से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हो और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हों, वे ऑनलाईन (https://iti.jharkhand.gov.in ⇒Admission Tab) में आवेदन पत्र भरने के उपरांत नामांकन प्रक्रिया में भाग लेकर इच्छुक अभ्यर्थी अपना नामांकन करा सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत विवरणी निम्नवत् है-
2. न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता:-
(क) वेल्डर, व्यवसाय के लिए आठवीं कक्षा उत्तीर्ण।
(ख) इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मैकेनिक डीज़ल व्यवसाय के लिए माध्यमिक/10वीं परीक्षा उत्तीर्ण।
3. आयु अहर्ता:-
(क) 01.07.2025 को आवेदक की न्यूनतम आयु 14 वर्ष एवं अधिकतम आयु 40 वर्ष के बीच होना चाहिए।
(ख) दिव्यांग जनों/सैन्य कारवाई में दिवंगत सैन्य कर्मियों के विधवाओं के मामले में अधिकतम आयु 45 वर्ष तक है।
4. महत्वपूर्ण तिथियाँ:-

| क0 सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 20.05.2025 |
| 02 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 13.06.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक |
| 03 | 1st Round Admission (नामांकन) की अवधि | 04.07.2025 से 21.07.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक |
| 04 | 2nd Round Admission (नामांकन) की अवधि | 04.08.2025 से 14.08.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक |

5. व्यवसायवार रिक्त सीटों की विवरणी निम्नवत है-

| क0 सं0 | ट्रेड | अवधि | सामान्य GEN | आर्थिक रूपे से कमजोर वर्ग EWS | अनुसूचित जनजाति ST | अनुसूचित जाति SC | पिछड़ा वर्ग-I BC-I | पिछड़ा वर्ग-II BC-II | दिव्यांग PH | SMQ | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | इलेक्ट्रीशियन | 2 वर्ष | 15 | 4 | 11 | 8 | 0 | 0 | 1 | 1 | 40 |
| 02 | फिटर | 2 वर्ष | 15 | 4 | 11 | 8 | 0 | 0 | 1 | 1 | 40 |
| 03 | मै0 डीजल | 1 वर्ष | 18 | 5 | 13 | 10 | 0 | 0 | 1 | 1 | 48 |
| 04 | वेल्डर | 1 वर्ष | 15 | 4 | 11 | 8 | 0 | 0 | 1 | 1 | 40 |
| कुल | | | 63 | 17 | 46 | 34 | 00 | 00 | 4 | 4 | 168 |

6. सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महुआडाँड, लातेहार में नामांकन लेने वाले अभ्यर्थियों का वैध मोबाईल नम्बर, ई-मेल ID एवं आधार नम्बर अनिवार्य है तथा सत्र की समाप्ति तक उनमें परिवर्तन करने की अनुमति किसी भी परिस्थिति में नहीं होगी।
7. SLC/CLC/TC एवं स्वास्थ्य प्रमाण पत्र नामांकन के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
8. अन्य किसी भी प्रकार की विस्तृत विवरणी उपरोक्त ऑनलाईन वेबसाईट (https://iti.jharkhand.gov.in) में देखा जा सकता है।

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महुआडाँड, लातेहार

PR.NO.352327 Labour Employment and Traning(25-26):D

# आदमपुर का संदेश

पाक ने दावा किया था कि उसने आदमपुर एयरबेस पर हमले करके सुदर्शन चक्र यानी एस-400 को तबाह कर दिया है। विगत दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने इस एयरबेस में वायु सेना के कर्मियों से बातचीत की और शानदार काम के लिये उनकी पीठ थपथपायी। निस्संदेह, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना की भूमिका निर्णायक रही। आतंकी ठिकानों और सैन्य हवाई अड्डों पर सटीक हमले इस ऑपरेशन के कामयाब लक्ष्य रहे। सबसे महत्वपूर्ण इस दौरान भारत की बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली की प्रभावशीलता रही। जिसने भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों और नागरिक क्षेत्रों पर हमले की पाकिस्तान की तमाम कोशिशों को विफल बना दिया। उल्लेखनीय है कि सोमवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तानी ड्रोनों और मिसाइलों को तिनके की तरह मार गिराने के लिये देश के वायु रक्षा कवच की मुक्तकंठ से प्रशंसा की थी। ठीक अगले ही दिन, उन्होंने आदमपुर एयरबेस की यात्रा की और वायु सैनिकों का मनोबल बढ़ाया। निश्चित रूप से यह हमारे वायु योद्धाओं और सशस्त्र बलों की बहादुरी को देश का हृदय से सलाम ही था। साथ ही प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के दुष्प्रचार की जड़ पर प्रहार किया। जब प्रधानमंत्री वायु सैनिकों को संबोधित कर रहे थे तो पृष्ठभूमि में स्पष्ट रूप से सही-सलामत सुदर्शन चक्र दिखायी दे रहा था। जो पाक को स्पष्ट संदेश दे गया कि वायु सेना के पास जश्न मनाने की वजह मौजूद है। यह ऑपरेशन सिंदूर ही था, जिसने नये युग के युद्ध में भारतीय वायुसेना की दक्षता सिद्ध की। देश की वायु सेना युद्ध शक्ति, आक्रमण, रक्षा क्षमता, आधुनिकीकरण और रसद आपूर्ति के मामले में दुनिया में सर्वश्रेष्ठ वायुसेनाओं में से एक है। वैश्विक स्तर पर, यह चीन, इस्राइल और फ्रांस की वायु सेनाओं से भी बेहतर है। इसने देश की रक्षा की और दुश्मनों को औकात बता दी।

# पाकिस्तान में पनप रहे गृह युद्ध के हालात?






- सुरेश

इसी प्रकार ब्लूचिस्तान की भूमिका के बारे में सब जानते हैं। बीएलए के सैनिकों ने पाकिस्तान की सेना पर कई बार आक्रमण करके यह जता दिया है कि वे अब पाकिस्तान के साथ नहीं रह सकते। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रही जग के बीच ब्लूचिस्तान ने भी पाकिस्तान की सेना को निशाना बना कर कई आक्रमण किए।

**जब** पाकिस्तान में इमरान खान की सरकार थी, तब यही कहा जाता है कि इमरान को सेना और आतंकियों का समर्थन मिला था। आज इमरान की पार्टी विपक्ष में है। इसलिए उनकी पार्टी के कार्यकर्ता सरकार के विरोध में वातावरण बनाने में लगे हुए हैं।

पहलगांव में घटित आतंकी घटना के बाद भारत की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई से एक बार फिर से पाकिस्तान हताश और निराश दिखाई दिया। इसी हताशा के चलते पाकिस्तान ने अमेरिका के समक्ष मिन्नत करके भारत की जबरदस्त कार्यवाही को युद्ध विराम में परिवर्तित करने में सफलता प्राप्त की। लेकिन इससे पाकिस्तान पर मंडरा रहे संकट का पूरा समाधान नहीं निकल सका है। भारत की ओर से स्पष्ट रूप से कहा गया है कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते। आतंक और वार्ता एक साथ नहीं हो सकती। इसका आशय स्पष्ट है कि भारत किसी के दबाव में नहीं है। आतंक को समाप्त करने के लिए उसका अभियान जारी रहेगा। हालांकि अब युद्ध विराम हो गया है, लेकिन चारों तरफ से बुरी तरह से घिर चुके पाकिस्तान के सामने अब नई चुनौती पैदा हो गई है। यह नई चुनौती भारत ने नहीं, बल्कि उनके अपनों ने ही पैदा की है। पाकिस्तान की शहबाज शरीफ की सरकार को राजनीतिक विरोधियों के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है, वहीं आम जनता भी सरकार के युद्ध विराम के फैसले से नाखुश है। आम जनता अपनी ही सरकार और सेना पर कई प्रकार के सवाल खड़े करने लगी है। कहा जाता है कि जब धुआं उठा है तो आग भी अपना रूप दिखा सकती है। वैसे पाकिस्तान के बारे में यह सत्य है कि उसने अपने ही देश में बारूद के ढेर स्थापित कर दिए हैं। यह बारूद के ढेर आतंकी सरगनाओं द्वारा चल रहे प्रशिक्षण शिविर हैं। जहां आतंकी पैदा किए जाते हैं। आज जहां पूरे विश्व में आतंक के विरोध में वातावरण है, वहीं पाकिस्तान आतंकियों को पालने और पोषने वाले देश के रूप में पहचान बना चुका है। यह कई बार प्रमाणित भी हो चुका है। आज भी पाकिस्तान के अंदर अंतरराष्ट्रीय आतंकी तौर पर घोषित आतंकी छिप कर बैठे हैं। भारत ने आपरेशन सिन्दूर के तहत जिस तरह से आतंकी शिविरों पर आक्रमण किया था, उससे एक बार फिर यह सिद्ध हो चुका है कि पाकिस्तान में आतंकवादियों को पैदा करने के उद्योग चल रहे हैं। पाकिस्तान को आतंक के विरोध में कार्यवाही करने के लिए कई बार चेतावनी दी गई, लेकिन पाकिस्तान सरकार आतंकियों के विरोध में कोई ठोस अभियान नहीं चलाती। इसका कारण यह भी है कि पाकिस्तान की राजनीति को आतंकी ही संचालित करते हैं। आतंकियों द्वारा कई बार सरकार को बनाने के लिए राजनीतिक दलों का समर्थन भी दिया जाता है।

जब पाकिस्तान में इमरान खान की सरकार थी, तब यही कहा जाता है कि इमरान को सेना और आतंकियों का समर्थन मिला था। आज इमरान की पार्टी विपक्ष में है। इसलिए उनकी पार्टी के कार्यकर्ता सरकार के विरोध में वातावरण बनाने में लगे हुए हैं। पाकिस्तान के अंदर राजनीतिक विद्वेष इतना है कि जो भी राजनीतिक दल सत्ता में आता है, वह अपने पूर्ववर्ती सत्ता प्रमुख को ठिकाने लगाने को ही अपना प्रमुख कार्य मानता है। अभी शहवाज शरीफ प्रधानमंत्री हैं, उन्होंने अपने से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर कई आरोप लगाकर जेल भेजने का काम किया। पाकिस्तान में ऐसा पहली नहीं हुआ। ऐसा पहले भी हो चुका है। इसलिए यही कहा जा सकता है कि यह पाकिस्तान की नियति बन चुका है। जिसके कारण पाकिस्तान के राजनीतिक दलों में बहुत गंभीर मतभेद हैं। आज पाकिस्तान में भले ही पाकिस्तान मुस्लिम लीग के नेता शहवाज शरीफ प्रधानमंत्री हैं, लेकिन पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो भी सरकार में शामिल हैं। कभी एक दूसरे के धुर विरोधी रहे यह दोनों दल बेमेल गठबंधन करके पाकिस्तान में सरकार चला रहे हैं। ऐसा इसलिए किया गया, क्योंकि इन दोनों दलों का एक ही उद्देश्य था, इमरान खान को सत्ता में आने से रोकना। सबसे ज्यादा सीट प्राप्त करने के बाद भी इमरान को विपक्ष की भूमिका से संतुष्ट होना पड़ा। अब इमरान खान के समर्थक युद्ध विराम के बाद सरकार के विरोध में अभियान छेड़े हुए हैं।

इसी प्रकार ब्लूचिस्तान की भूमिका के बारे में सब जानते हैं। बीएलए के सैनिकों ने पाकिस्तान की सेना पर कई बार आक्रमण करके यह जता दिया है कि वे अब पाकिस्तान के साथ नहीं रह सकते। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रही जग के बीच ब्लूचिस्तान ने भी पाकिस्तान की सेना को निशाना बना कर कई आक्रमण किए। इससे पूर्व ब्लूचिस्तान के लड़ाकों ने जफर एक्सप्रेस को हाई जैक करके पाकिस्तान की सरकार के समक्ष चुनौती पूर्ण हालात पैदा कर दिए थे। ब्लूचिस्तान लम्बे समय से पाकिस्तान से आजादी की मांग कर रहा है।

दूसरी ओर पाकिस्तान के अंदर सिंध और पंजाब में भी कई बार सरकार के विरोध में स्वर मुखरित हो चुके हैं। कहा जाता है कि इन दोनों राज्यों के साथ सरकार ने उपेक्षित व्यवहार किया है। जिसके कारण पाकिस्तान की सरकार को जनता के विरोध का सामना करना पड़ा है। यह सारी स्थिति पाकिस्तान को गृह युद्ध की ओर भी ले जा सकती हैं।

## लेटर टू एडिटर

### शिक्षा का अर्थ

शिक्षा का अर्थ केवल एक निश्चित पाठ्यक्रम को विद्यार्थियों तक पहुंचाना नहीं होता, बल्कि नैतिकता का पाठ भी पढ़ाना होता है। भारतीय शिक्षा पद्धति का आधार नैतिक चरित्र ही रहा है। ज्ञान में किया गया निवेश सर्वश्रेष्ठ होता है। शिक्षा व्यक्ति में निहित प्रतिभा को निखारती है। शिक्षा जीवन की तैयारी नहीं, बल्कि स्वयं ही जीवन है।

**-अनूप कुमार, रांची**

### किसानों की नाराजगी

भारतीय किसान यूनियन और पंजाब सरकार के बीच टकराव का उल्लेख है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान किसानों की मांगों के प्रति सहानुभूति रखते हुए भी भारतीय किसान यूनियन की बैठक छोड़कर चले गए। इसके बाद किसान यूनियन ने आंदोलन का ऐलान किया, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या पैदा हुई। पंजाब सरकार को हड़ताली कर्मचारियों की समस्याओं को सहानुभूति से हल करना चाहिए। **- रवि, रांची**

## X ट्वीट

'लोकमाता' पूज्य देवी अहिल्याबाई होल्कर जी के त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत लखनऊ में आज आयोजित प्रदेश कार्यशाला में सम्मिलित हुआ। अहिल्याबाई होल्कर जी ने सत्ता संभालने के बाद बहुत ही स्पष्ट उद्घोषणा की थी कि मेरा पथ धर्म का पथ है, धर्म का पथ ही न्याय का पथ है। न्याय का पथ हमें सर्वशक्तिमान और समर्थ बनाने में सहायक हो सकता है और उसी भाव के साथ उन्होंने उस कालखंड में सनातन धर्म की पुनर्स्थापना में अपना योगदान दिया था। उस विशाल और विराट व्यक्तित्व के प्रति भारत की सनातन धर्म की पवित्र परंपरा ने उन्हें 'पुण्यश्लोक' के रूप में सादर नमन करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की है।

**- योगी आदित्यनाथ**

## आज का राशिफल




**मेष :** बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# एस-400 के शानदार इस्तेमाल से खुश हुआ रूस

भारत को दिया ऐसा ऑफर, सुनकर कांप उठा पाकिस्तान

**अभिनय आकाश**

सामयिक

रूस भारत का बेहद करीबी मित्र है। भारत पर अगर कभी किसी ने उंगली उठाई या अंतरराष्ट्रीय मंच पर कभी समर्थन की जरूरत पड़ी तो रूस ने हमेशा पहली कतार में खड़े होकर या फिर यूं कहें कि भारत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा।

पाकिस्तान की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर के बाद बार्डर से सटे इलाकों में ड्रोन और मिसाइलों से अटैक किया गया। भारत की तरफ से इन मिसाइलों को रोकने के लिए स्पाइडर मिसाइल डिफेंस सिस्टम, आकाश मिसाइल डिफेंस सिस्टम के अलावा एस 400 का सबसे बड़ा योगदान रहा। कुछ पल में ही उनके सारे अटैक को नाकाम कर दिया गया। भारत के सुदर्शन चक्र ने पूरी दुनिया में इन दिनों बवाल मचा रखा है। एस 400 की परफार्मेंश को लेकर हर कोई हैरान है।

**भारत ने** जितना मजबूत एयर डिफेंस ग्रिड बनाया उतनी ही बड़ी तस्वीर दुनिया तक पहुंची। भारत के एयर डिफेंस ग्रिड को देखकर पूरी दुनिया हैरान है और इसीलिए पूरी दुनिया अब इसी ग्रिड को समझने की कोशिश में लग चुकी है। अब भारत की तरफ से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका जिक्र भी आया। लेकिन ये सब कैसे संभव हुआ। ये सब संभव इसलिए हुआ क्योंकि भरत के पास एक मजबूत एयर डिफेंस सिस्टम था।

पुराने एयर डिफेंस सिस्टम से लेकर सबसे ताजा एस 400 तक को भारत ने एयर डिफेंस ग्रिड में बिछा दिया। जिसने भारत के आसपास सुरक्षा घेरा बना दिया। इसी सुरक्षा घेरे में एस 400 रूपी एक हथियार था। एस 400 को लेकर देश-दुनिया में इतनी हलचल है और ऐसे में अगर एस 500 भारत आ जाएगा तो पूरी दुनिया में सोचिए क्या नजारा होगा। एस 400 एयर डिफेंस सिस्टम जो रूस की सबसे बड़ी ताकत मानी जाती है। जिसने यूक्रेन जंग में भी अनोखा रिजल्ट दिया।



अब भारत में भी इसने परिणाम दिखा दिए। यही कारण है कि अब रूस ने खुश होकर भारत को एस 500 का ऑफर दे दिया है। एस 400 की सफलता के बाद अब रूस भारत को एस 500 देना चाहता है।

रूस भारत का बेहद करीबी मित्र है। भारत पर अगर कभी किसी ने उंगली उठाई या अंतरराष्ट्रीय मंच पर कभी समर्थन की जरूरत पड़ी तो रूस ने हमेशा पहली कतार में खड़े होकर या फिर यूं कहें कि भारत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा। यह हथियार भारत को मिल गया तो चीन और पाकिस्तान जैसे देशों की मुश्किलें कितनी बढ़ जाएगी यह आप समझ ही सकते हैं। रिपोर्ट बताते हैं कि भारत और रूस मिलकर एस 500 का ज्वाइंट प्रोडक्शन भी कर सकते हैं। रूस के साथ मिलकर एस 500 के ज्वाइंट प्रोडक्शन का ऑफर मॉस्को की तरफ से दिया गया है। हालांकि सुरक्षा मामलों को देखते हुए इस प्रस्ताव की पूरी जानकारी अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है। लेकिन खबरें बता रही हैं कि जल्द ही एस 500 को लेकर भ रूस और भारत के बीच डील फाइनल हो सकती है।

**क्या है एस 500 की खासियत**

एस-500 कितना शक्तिशाली है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसमें लगी मिसाइलें अंतरिक्ष में मौजूद किसी भी लक्ष्य को पलक झपकते ही नष्ट करने में सक्षम है। र-500 मिसाइल सिस्टम को रूसी हथियार कंपनी अल्माज-एनेटी कॉर्पोरेशन ने बनाया है। यह वही कंपनी है, जिसने इसके पहले र-300 और र-400 का उत्पादन किया है। रूस का दावा है कि इस सिस्टम के अत्याधुनिक रडार से दुश्मनों के स्टील्थ लड़ाकू विमान भी बच नहीं पाएंगे।

# युद्ध पर बनी फिल्म को मिलती है जबरदस्त सफलता

सामयिक

भारत रत्न लता मंगेशकर का भारत-चीन युद्ध के बाद 1963 में गाया ऐ मेरे वतन के लोगो.. हो, या 1965 की शहीद फि ल्म का अमर गाना ह्यमेरा रंग दे बसंती चोला..ह्ल हो, या फिर 1986 में रिलीज सुभाष घई की कर्मा का गीत दिल दिया है, जान भी देंगे, ऐ वतन तेरे लिए..भारत-पाक जंग के मौजूदा माहौल में एक बार फिर हर देशवासी देश प्रेम के जोशीले फि ल्मी तराने गुनगुनाने लगा है। एआर रहमान का 1997 का ह्यमां तुझे सलाम.. वंदे मातरम.., द लीजेंड ऑफ भगत सिंहह्ल (2002) का देश मेरे.., और 2019 की केसरी का ह्यतेरी मिट्टी.. भी जोश जगाने के लिए पीछे कहां हैं।

**संदेशे आते हैं..**

करीब 28 साल पुराना गीत संदेशे आते हैं.. भी किसी से कम नहीं। गीत निर्देशक जेपी दत्ता की युद्ध शैली पर बनी बॉर्डर (1997) फिल्म का है। सनी देओल, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना अभिनीत यह फिल्म लोंगेवाला क्षेत्र में भारतीय वीर जवानों के दल की कठिनाइयों को दशार्ती है। गीत ह्यसंदेशे आते हैं.. ह्यअसाधारण संवेदनशीलता के साथ रचा गया है। गीत के बोल राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाते-निभाते परिजनों से दूर होने के दर्द को जाहिर करते हैं।

ऐसी कई फि ल्में तो बनी ही युद्ध की पृष्ठभूमि पर हैं। दशकों पहले 1971 की भारत-पाक जंग के अगले साल रिलीज निर्देशक रामानंद सागर की ह्यललकारह्ल में अभिनेता राजेंद्र कुमार और धर्मेंद्र राजन और राम नाम के भाइयों की भूमिका में हैं। उन्हें द्वितीय विश्व युद्ध में जंग में भेजा जाता है। जब एक भाई को मृत मान लिया जाता है, तो दूसरे को गुप्त मिशन पर भेजा जाता है। किशोर कुमार और लता मंगेशकर की आवाजों से सजा गीत ह्यआज गा लो, मुस्कुरा लो..ह्ल याद दिलाता है कि संघर्ष की घनघोर छाया में भी प्रेम और जीवन कैसे कायम रहता है। द सर्जिकल स्ट्राइकह्ल फिल्म का जग्गा जितेया ते मिल्लन वधाइयां.. पारंपरिक देशभक्ति गीत से हट कर है। एक योद्धा का यह गान मातृभूमि की रक्षा के लिए अंदरूनी ज्वाला चरम पर पहुंचाने में कसर नहीं छोड़ता। साल 2019 में रिलीज फिल्म 2016 के उरी हमले के लिए जवाबी कार्रवाई के घटनाक्रम का सिनेमाई रूप है। फि ल्म में अभिनेता विक्की कौशल पाक इलाकों पर सर्जिकल स्ट्राइक का नेतृत्व करते काल्पनिक मेजर विहान सिंह शेरगिल के रोल में है।

कर चले हम फि दा जान-ओ-तन साथियो.. गीतकार कैफी आजमी का शब्दब गाना शहादत की एक अमर कविता है। गीत चेतन आनंद निर्देशित हकीकत(1964) फि ल्म का है। फि ल्म में धर्मेंद्र ने कैप्टन की भूमिका निभाई है। वह 1962 की चीन- भारत जंग में लड़ते हैं। हिंदुस्तान की कसम.. न झुकेगा सर वतन का .. कैफी आजमी लिखित और चेतन आनंद निर्देशक जोड़ी की ही एक और पेशकश है। गीत मन्ना डे और मुहम्मद रफी की आवाज से सजा और मदन मोहन के संगीत से खिला है।


भारतीय सशस्त्र बलों का जश्न मनाता आधुनिक युद्ध गान है -जय हिंद की सेना..। यह चार साल पहले 2021 की फिल्म शेरशाह का है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी अभिनीत फिल्म के पीछे वास्तविक जीवन की प्रेरणाओं की भूमिका निभाते हैं कैप्टन विक्रम बत्रा। उनकी कुबार्नी का कारगिल युद्ध में भारत को विजयी बनाने में अहम रोल रहा है।

..जब अमन की बांसुरी, गूंजे गगन के तले बस इतना याद रहे, एक साथी और भी था हृदयविदारक ट्रैक गिरे हुए साथियों के लिए एक मार्मिक शोकगीत है फिल्म एलओसी कारगिल का। साल 2003 की जेपी दत्ता की क्लासिक फिल्म भारतीय सैनिकों की जंग के दौरान की कहानी है। यह अजय देवगन, संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, सैफ अली खान, सुनील शेट्टी और रानी मुखर्जी जैसे कलाकारों की मल्टीस्टारर युद्ध साल 2004 की फरहान अख्तर निर्देशित फिल्म लक्ष्य भी युद्ध पर आधारित फिल्म है। देश में ऐसे फिल्म लोकप्रिय होते हैं।

**महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और उपराष्ट्रपति के साथ नये मुख्य न्यायधीश राष्ट्रपति भवन में। तस्वीर अजय सानी की**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### ए ला एंगलाइज के साइंस व वाणिज्य के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंगलाइज विद्यालय, भुरकुंडा के छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में विज्ञान और वाणिज्य संकाय में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विज्ञान संकाय में वैभव राज ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रामगढ़ जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दिया ठाकुर 76.4 प्रतिशत, मो. शाहनवाज 75.8 प्रतिशत, मयंक कुमार 75.2 प्रतिशत, अनन्या 75 प्रतिशत, पीयूष कुमार 71.8 प्रतिशत, नायरा फातिमा 70.6 प्रतिशत, लक्ष्मी कुमारी 68.6 प्रतिशत, जिया कुमारी 68.2 प्रतिशत और रितिक कुमार 65.6 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल के टॉप टेन अपनी जगह बनाई। वैभव राज अंग्रेजी में 98, भौतिकी में 94, रसायन विज्ञान में 98, गणित में 98, आईपी में 91 तथा शारीरिक स्वास्थ्य में 93 अंक हासिल किए। वाणिज्य संकाय में भी छात्रों ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त किया। इसमें वैभव कुमार 96.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय ही नहीं बल्कि रामगढ़ जिला में भी शीर्ष स्थान पाया है। उन्होंने अंग्रेजी में 97, अर्थशास्त्र में 95, अकाउंट में 98, व्यवसाय अध्ययन में 98, गणित में 95 और शारीरिक स्वास्थ्य में 96 अंक प्राप्त किये।

### स्कूल में 99 छात्रों की फ्लोरोसिस जांच



रामगढ़। राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बुधवार को रामगढ़ जिले के महात्मा गांधी हाई स्कूल भुरकुंडा में जांच शिविर लगा। इस शिविर में 99 छात्रों की फ्लोरोसिस जांच की गई। सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद और जिला नोडल पदाधिकारी राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम डॉ तुलिका रानी की ओर से संयुक्त नेतृत्व में विद्यालय के पानी के सैंपल में भी फ्लोराइड की जांच की गयी। डिस्ट्रिक्ट कंसल्टेंट डॉ पल्लवी कौशल के द्वारा 99 बच्चे की जांच की गई। कुल 19 बच्चों में जांच के बाद लक्षण पाए जाने पर उनके पेशाब का सैंपल लिए गए। लैब टेक्नीशियन जीतेन्द्र कुमार ने जांच के बाद नौ बच्चों में इस बीमारी की पुष्टि की।

### स्केटिंग के प्रतिभा हुये सम्मानित



भुरकुंडा (रामगढ़)। रामनवमी के अवसर पर शोभायात्रा में स्केटिंग का प्रदर्शन करने वाले श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के प्रतिभागियों को बजरंग दल भुरकुंडा द्वारा सम्मानित किया गया। दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजक अनामिका श्रीवास्तव, बजरंग दल संयोजक किशोर कुमार, मंगला शोभा यात्रा अध्यक्ष सोनू कुमार, सूरज कुमार ने सभी को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अनामिका श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों ने अपनी प्रतिभा से शोभायात्रा की रौनक बढ़ाई। बच्चे हमेशा आगे बढ़ते रहें, इसकी शुभकामनाएं देती हूं। सम्मानित होने वाले प्रतिभागियों में तन्वी कुमारी, सुजल सोरेन, अर्पणा आर्या, किशन अग्रवाल, उज्ज्वल कुमार सिंह, आशीष कुमार राणा, सक्षम साव, आयुष कुमार, आदित्य सिंह, अंकित कुमार, प्रिंस मंडल, मयंक कर्ण शामिल हैं। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया, प्राचार्य विवेक प्रधान उपस्थित थे।

### समर कैंप में बच्चों ने की मस्ती



भुरकुंडा (रामगढ़)। श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में चल रहे समर कैंप का बुधवार को समापन हुआ। बच्चों ने मेडिटेशन, योग, पेपर क्राफ्ट, लीफ क्राफ्ट, पेंटिंग, चम्मच दौड़, स्टोरी टेलिंग, पपेट शो, क्विज, म्यूजिक, आदि गतिविधियों में उत्साह के साथ भाग लिया। जुम्बा और डांस में बच्चों ने भरपूर मस्ती की। बच्चों में पर्यावरण की समझ विकसित करने के लिए समर कैंप के दैरान क्यारी सजावट व पौधरोपण की एक्टिविटी कराई गई। फल एवं सब्जियों की कटिंग, सुई-धागा से काज-बटन बनाना भी सिखाया गया। अंतिम दिन बच्चों को पिकनिक और मौज-मस्ती के लिए उरीमारी क्षेत्र के दामोदर नदी तट पिकनिक स्पॉट ले जाया गया। यहां बच्चों ने छिछले पानी में जमकर मस्ती की। स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि समर कैंप बच्चों के मन से पढ़ाई के प्रेशर को दूर करता है। उन्हें नई गतिविधियां सीखने को मिलती है। बच्चों में दूसरों की मदद करने का भाव जागृत होता है।

### पीवीयूएनएल में श्रम कानून पर कार्यशाला



भुरकुंडा। पतरातू विद्युत उत्पादक निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) द्वारा श्रमिकों को श्रम कानूनों की गहराई से जानकारी देने को लेकर मंगलवार को रशियन हॉस्टल सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में श्रम कानून विषय के विशेषज्ञ डॉ. तनमय पटनायक (पीएचडी, एलएलएम, एलएलबी) ने श्रम विधियों की विस्तृत व्याख्या की। कार्यशाला का शुभारंभ पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आरके सिंह, परियोजना प्रमुख अनुपम मुखर्जी तथा मानव संसाधन प्रमुख जियाउर रहमान की उपस्थिति में हुआ। डॉ. पटनायक ने भारतीय संविदा अधिनियम, औद्योगिक विवाद अधिनियम एवं वेतन भुगतान अधिनियम जैसे प्रमुख श्रम कानूनों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित कर्मचारियों, ठेका श्रमिकों व अधिकारियों से संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर कई वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### भुरकुंडा में वृद्ध महिला से 50 हजार छीना



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा थाना क्षेत्र में बुजुर्ग महिला से 50 हजार रुपये की छिनतई का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार, भदानीनगर मतकमा निवासी शांति देवी महिला ने पटेलनगर बैंक ऑफ इंडिया से लगभग सवा तीन बजे 50 हजार रुपये निकालकर पैदल अपने घर मतकमा जा रही थीं। इसी दौरान बुल्लू रंग की अपाची में सवार दो युवकों ने उनका पीछा किया और पटेलनगर शिवमंदिर के पास छिनतई कर भाग निकले। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है, जिसमें दो युवक अपाची पर महिला का पीछा करते दिख रहे हैं।

# हजारीबाग में प्रतिनियोजन के नाम पर धांधली

## शिक्षा विभाग में योग्यता की जगह चहेतों को मिल रही तरजीह

खबर मन्त्र संवाददाता





**हजारीबाग।** हजारीबाग शिक्षा विभाग में प्रतिनियोजन अब सरकारी आदेश नहीं, बल्कि एक सुव्यवस्थित धांधली तंत्र बन चुका है। यहां काबिलियत नहीं, बल्कि सिफारिश, पहुंच और पैसे के दम पर शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है। योग्यता रखने वाले शिक्षक दर-दर भटक रहे हैं, जबकि चहेते नियमों को धत्ता बताते हुए मनचाही जगह पर तैनात हो रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय में प्रतिनियोजन के लिए योग्यता और नियमों को बजाय संबंध और रसूख ही प्रमुखता पा रहे हैं। हाल ही में नव प्राथमिक विद्यालय डीवीसी में एक सरकारी शिक्षिका कुमारी मीनू मेहता को प्रतिनियुक्त किया गया। मीनू मेहता प्राथमिक विद्यालय जलोंध, इचाक में सहायक शिक्षिका हैं। उनका घर भी जलोंध डीवीसी के समीप ही है। सूत्र बताते हैं कि इस प्रतिनियोजन में नियमों की पूरी तरह अनदेखी की गई है। नियमों के अनुसार, किसी स्कूल में शिक्षक प्रतिनियुक्त तभी किया जा सकता है जब वहां एक भी शिक्षक न हो। मगर डीवीसी स्कूल में पहले से ही दो पारा शिक्षक तैनात हैं। इसके बावजूद कुमारी मीनू मेहता को वहां तैनात किया गया। हैरानी की बात यह है कि जिले में 172 ऐसे स्कूल हैं जहां एक भी सरकारी शिक्षक नहीं है। मगर उन स्कूलों को छोड़कर डीवीसी में मीनू मेहता की तैनाती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस प्रतिनियोजन सिस्टम से नाराज शिक्षकों का कहना है कि कई बार आवेदन करने के बावजूद उन्हें नजरअंदाज कर दिया जाता है। नाम न छापने की शर्त पर एक शिक्षक ने कहा, हमने कई बार प्रतिनियोजन के लिए आवेदन किया, लेकिन हर बार हमारा नाम कट जाता है। वहीं, पैसे और सिफारिश के दम पर दूसरों को मौके दिए जा रहे हैं। कई शिक्षक विगत 2-3 वर्षों से प्रतिनियोजन में चल रहे हैं। हास्यास्पद बात यह है कि जलौंध से मात्र 03 किलोमीटर की दूरी पर अलोंजा खुर्द गांव है जहा के मध्य विद्यालय में 300 छात्र 3 पारा शिक्षको के भरोसे है। गांव के मुखिया सकेंद्र प्रसाद मेहता ने बताया कि उन्होंने सरकारी शिक्षक देने को लेकर इस सम्बन्ध में प्रखंड स्तर से लेकर जिले तक दौड़ लगायी लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। वैसे देखा जाए तो इस प्रतिनियोजन प्रक्रिया के संबंध में शिक्षा विभाग के पास स्पष्ट दिशा-निर्देश होने के बावजूद, उन्हें लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। इससे न केवल योग्य उम्मीदवारों में आक्रोश बढ़ रहा है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता पर भी प्रश्नचिन्ह लग रहा है। अगर शासन ने जल्द ही प्रतिनियोजन प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं लाई, तो यह सिस्टम योग्यता और न्याय को पूरी तरह नष्ट कर देगा। अब देखना यह है कि शिक्षा विभाग इस गड़बड़ी पर लगाम लगाता है या फिर यह 'सिस्टम' और मजबूत होता जाएगा।

# हजारीबाग में 5.39 किलो अफीम जब्त, दो गिरफ्तार

गिरफ्तार तस्कर जितेंद्र कुमार, चतरा और हलधर मुंडा रांची निवासी है

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने अफीम तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया। गुप्त सूचना के आधार पर 13 मई 2025 को रात मंडईखुर्द-सियारी चौक मार्ग स्थित श्मशान घाट के पास पुलिस ने मोटरसाइकिल चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मोटरसाइकिल संख्या जे एच 01 इजी 3483 के चालक जितेंद्र कुमार के पास से 1.215 किलोग्राम अफीम बरामद हुई। वहीं, दूसरी मोटरसाइकिल संख्या जे एच 01 एफ एम 9129 के चालक हलधर मुंडा के पास से 1,10,000 रुपये नगद मिले। गिरफ्तार दोनों आरोपियों की निशानदेही पर लोहसिंघना थाना क्षेत्र के उत्तरी शिवपुरी मोहल्ला स्थित एक किराए के मकान में छापेमारी की गई। वहां से 4.180 किलोग्राम अफीम और 10.200 किलोग्राम लठा (रसायनिक पदार्थ) बरामद किया गया। पुलिस ने कुल 5.395 किलोग्राम अफीम, 10.280 किलोग्राम लठा, तीन मोबाइल फोन, दो मोटरसाइकिल, एक वेट मशीन और 1,10,000 रुपये नगद जब्त किए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जितेंद्र कुमार उर्फ जितु (चतरा) और हलधर मुंडा (रांची) के रूप में हुई है। छापेमारी में एसडीपीओ अमित आनंद, थाना प्रभारी पुन्नु यादव, ओपी प्रभारी बद्रू रजक, प्रभारी वेद प्रकाश पांडेय व रिजर्व गार्ड थाना लोहसिंघना शामिल थे।

### जदयू के रांची प्रभारी बने जगदीश महतो



**कुजू।** जनता दल यूनाइटेड के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद राज्यसभा खीरू महतो ने झारखंड में संगठन मजबूती को लेकर जदयू प्रदेश महासचिव जगदीश महतो को रांची जिला का संगठन प्रभारी बनाया। श्री महतो इससे पूर्व दूसरे जिले के संगठन प्रभारी के रूप में कार्य कर रहे थे। प्रदेश अध्यक्ष ने जगदीश महतो के कोयलांचल क्षेत्र में मजदूरों के समस्याओं के समाधान करने के लिए तत्परता देखते हुए उन्हें ये दायित्व सौंपा गया है। जगदीश महतो के संगठन प्रभारी बनने से संगठन को काफी मजबूती मिलेगी। इधर संगठन प्रभारी बनने पर जगदीश महतो ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष देश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो के द्वारा जो मुझे दायित्व दिया जा रहा है मैं उसे खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

# सीबीएसइ 10वीं व 12वीं में बरही डीएवी पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** सीबीएसई 10वीं और 12वीं में डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के बच्चों ने परचम लहराया है। प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार मेढ़ ने बताया कि डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में परचम लहराया है। कीर्ति कुमारी 95.4%, प्राप्त कर रही स्कूल टॉपर, विद्या कुमारी 94.2%, दूसरा एवं चंदन कुमार गुप्ता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंकिका कुमारी 93.2%, प्रकृति श्रेया, शुभम कुमार 93%, आदित्य कुमार 91.8%, उज्ज्वल मानस 90.6%, स्नेहा प्रिया 90.2%, तनु कुमारी 89.2%, सचिन कुमार 88.2%, दिव्या रानी और कृष्ण कुमार सिंह ने 88% अंक लाकर टॉप 10 में अपना स्थान सुरक्षित किया है। डीएवी पब्लिक स्कूल, बरही से कुल 197 छात्र-छात्राएं सीबीएसई सत्र 24-25 की 10वीं की परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें उनका रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। वहीं सीबीएसई 12वीं के रिजल्ट में विज्ञान संकाय में पूजा कुमारी 90.6% और वाणिज्य संकाय में दिव्या कुमारी 71.6% अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनीं। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मेंढ़ ने सफल प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत के बल पर उनका आने वाला समय और भी बेहतर होगा। डीएवी परिवार अपने कुशल मार्गदर्शन और शिक्षकों के प्रयास से उनके बेहतर प्रदर्शन को और भी बेहतर करने के लिए सदैव प्रयासरत रहा है। प्राचार्य ने सभी शिक्षकों के प्रयास की सराहना की और कहा कि हम भविष्य में भी बेहतर परिणाम देने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

### बड़कागांव : बीएम मेमोरियल में नैंसी बनीं विद्यालय टॉपर



**बड़कागांव।** प्रखंड के हजारीबाग रोड स्थित बी.एम मेमोरियल स्कूल में सीबीएसई 10वीं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। सभी छात्र-छात्राओं ने उत्तीर्ण होकर विद्यालय के साथ-साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। वही नैंसी सोनी 83% अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनी। इसके अलावा दीपशिखा भारती 81% अमित कुमार 78% पियूष सोनी 78% तृषा सोनी 77% पूजा कुमारी 75% नैतिक सिंह 74% ब्रज किशोर 74% अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अलावा रितिका कुमारी, सोनिका कुमारी,अनुष्का कुमारी आदित्य कुमार,नीलम सोनी,निशा सोनी सहित अन्य सभी छात्र-छात्राओं ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। विद्यालय के उप निदेशक दिनकर कुशवाहा ने सभी उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हम सभी बी.एम. मेमोरियल स्कूल परिवार का एक ही उद्देश्य है कि बड़का गांव के ग्रामीण बच्चों को शहरों के समानांतर सीबीएसई की पढ़ाई का व्यवस्था देना।

## ए ला एंगलाइज स्कूल के वैभव राज व वैभव कुमार ने साइंस और कॉमर्स में मारी बाजी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** संयोग कहिए या किस्मत का कमाल, लेकिन इस बार सीबीएसई 12वीं के परिणामों में भुरकुंडा के ए ला एंगलाइज स्कूल ने दो वैभव के दम पर इतिहास रच दिया है। एक ही स्कूल, एक ही नाम और दोनों अपने-अपने संकाय के जिला टॉपर।

विज्ञान में वैभव राज और वाणिज्य में वैभव कुमार ने इस सफलता से अपने परिवार, विद्यालय और पूरे रामगढ़ जिला का नाम रोशन किया है। पतरातू जयनगर निवासी स्व. अशोक प्रजापति व सुनीता देवी के पुत्र वैभव राज ने 500 में 481 (96.2 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर विज्ञान संकाय में जिला टॉपर बनने का गौरव पाया है। भले ही पिता का साया सिर पर नहीं रहा, लेकिन जिंदल फैक्ट्री में कार्यरत माता सुनीता देवी ने बेटे को बेहतर भविष्य देने के लिए हर संघर्ष झेला। बड़ी बहन कोमल प्रिया यूनियन बैंक में कार्यरत हैं और दूसरी बहन प्रशंसा प्रिया बीटेक की पढ़ाई कर रही हैं। वैभव राज ने फिजिक्स में 94, केमिस्ट्री, मैथ और इंग्लिश में 98-98 और पी.ई. में 93 अंक हासिल किए हैं। उसका सपना आईआईटी से इंजीनियरिंग करने का है। जेईई मेन्स में शानदार प्रदर्शन के बाद अब वह जेईई एडवांस की तैयारी में जुटा है। वहीं, सौंदा डी हुसैनी नगर निवासी कमलेश गुप्ता और दुर्गावती देवी के पुत्र वैभव कुमार ने कॉमर्स संकाय में 500 में 484 (96.8 प्रतिशत) अंक लाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

## दारू : सीबीएसई 10वीं में आईएमएस एमएमएम स्कूल का शानदार प्रदर्शन





**दारू।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं की वार्षिक परीक्षा 2025 के घोषित परिणामों में आईएमएस एमएमएम इंग्लिश मीडियम स्कूल, दारू, पिपचो के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के छात्र नवरतन कुमार ने 90.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्कूल टॉपर का खिताब हासिल किया है।

वहीं रिशु राज ने 89.16 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। स्वेता कुमारी, साधना कुमारी और रितेश कुमार वर्मा ने समान रूप से 88.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान साझा किया है। विद्यालय के प्राचार्य ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी कठिन परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने अभिभावकों को भी सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ओपी जिंदल स्कूल का सीबीएसइ 10वीं व 12वीं में शानदार प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीबीएसई 10वीं व 12वीं बोर्ड की परीक्षा में ओपी जिंदल स्कूल पतरातु के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की है।

बारहवीं कक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं में आरती कुमारी व श्रेया कुमारी 87.4 प्रतिशत, परी साहू 87 प्रतिशत, आदित्य नारायण शर्मा 86.8 प्रतिशत, आयुषी प्रसाद 86.6 प्रतिशत, निशांत कुमार यादव 84.2 प्रतिशत, सोनू कुमारी 83.8 प्रतिशत, आदरीति जे. नायर व रक्षा कुमारी 82.6 प्रतिशत, रिषिका अग्रवाल 82.4, ईशा कुमारी 81 प्रतिशत, रुद्र राज व सदिया सदाफ 79.4 प्रतिशत, कशिश कुमारी 76.8 प्रतिशत, तथा स्नेहल सिंह व भारती कुमारी छिन्हत्तर प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय के टॉप सूची में शामिल हैं।

वहीं 10वीं बोर्ड की परीक्षा में अमित कुमार यादव 94 प्रतिशत, भूमि 93.2 प्रतिशत, हर्षित गुप्ता 92.6 प्रतिशत, अनिक कुमार वर्मा 91.4 प्रतिशत, शांभवी 90 प्रतिशत, निखिल कुमार 89.6 प्रतिशत, स्वरित प्रसाद 88.8 प्रतिशत, मनीष कुमार 87.4 प्रतिशत, मेहुल गौतम 87 प्रतिशत, वंश वर्णवाल 86.4 प्रतिशत, आरुषि रंजन 85.8 प्रतिशत, सांगरिका शरण 85.6 प्रतिशत, शुभ कुमार यादव व रेहान नेजाम अंसारी 84.8 प्रतिशत, कुमारी आर्या 84.4 प्रतिशत, प्रांजल चौधरी 83.6 प्रतिशत, रौनक अग्रवाल 83.4 प्रतिशत, खुशी कुमारी 83.2 प्रतिशत, निशी कुमारी 82.8 प्रतिशत, सृष्टि साक्षी 82.6 प्रतिशत, प्रीतम कुमार 82.2 प्रतिशत, ऋतिक कुमार अग्रवाल 82 प्रतिशत, सागर कुमार मेहता 81.8 प्रतिशत, आकृति कुमारी 81.6 प्रतिशत, समीक्षा मुंडा 81.4 प्रतिशत, अंक्षिता अद्रिका 81.2 प्रतिशत तथा माही कुमारी 80 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय के टॉप सूची में शामिल होने का गौरव प्राप्त किया है।

## एक नजर में

### गोंदावार में आदिवासियों की जमीन पर कब्जा



हजारीबाग। झारखंड में भू माफिया अब शहरों से निकलकर गांवों में आतंक मचा रहे हैं। इस बार उनकी नजरें आदिवासी बहुल चुरचू प्रखंड के गोंदावार गांव पर हैं। गांव के खाता संख्या 3, प्लॉट 251, 252, और 485 में 12 एकड़ 31 डिसमिल जमीन को कब्जाने की साजिश सामने आई है। ग्रामीणों के अनुसार यह जमीन ग्रामीण कई पीढ़ियों से जोत-बो रहे हैं। गांव के शिवलाल मरांडी, जेवियर मरांडी, मोतीलाल हंसदा, और अनमोल मुर्मू समेत दर्जनों ग्रामीणों ने एकजुट होकर भू माफियाओं के खिलाफ मोर्चा खोला है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिन दलालों और भू माफियाओं ने इस जमीन पर कब्जा जमाने का प्रयास किया, उन्हें प्रशासन का संरक्षण मिला हुआ है। गांव के एक निवासी ने कहा, हमारे दादा-परदादा इस जमीन पर खेती करते आ रहे हैं। अब अचानक भू माफिया हमसे कह रहे हैं कि यह जमीन उनकी है। प्रशासन से इंसाफ की उम्मीद थी, लेकिन वे भी खामोश बैठे हैं। अंचल अधिकारी चुरचू, राजमोहन तुरी ने कहा, अभी तक इस मामले में कोई लिखित या मौखिक शिकायत मेरे पास नहीं आई है। अगर कोई शिकायत मिलती है, तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि इस मामले में ग्रामीणों ने एसपी के नाम एक आवेदन दिया है जिसमे उन्होंने न्याय और सुरक्षा की गुहार लगायी है। साथ ही इसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री व अध्यक्ष, अनुसूचित जनजाति आयोग, रांची के नाम भी दी है।

### बरही में पशुओं से लदा कंटेनर जब्त

बरही। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को वाहन चेकिंग के दौरान बरही टोल प्लाजा के पास एक कंटेनर में क्रूरतापूर्वक लदे 16 पशुओं को कंटेनर वाहन संख्या खल 08ख7263 से लादकर औरंगाबाद बिहार की ओर जा रहा था। जब्त पशुओं में 10 बैल और 6 भैंस शामिल हैं। बरही प्रशासन द्वारा जब्त सभी पशुओं को सुरक्षित तरीके से पिंजरा पोल समिति सीतागढ़ हजारीबाग पहुंचा दिया गया है।

### बहेरा पंचायत में बीपीएल का शुभारंभ

चरही। बहेरा पंचायत में होने वाले दो दिवसीय बहेरा प्रीमियर लीग (बीपीएल)का शुभारंभ चुरचु प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, चुरचू प्रखंड जिला परिषद सदस्य बासुदेव करमाली, चुरचू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष देवकी महतो,चनारो पंचायत मुखिया बृज बिहारी महतो, चुरचू प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख चौलेश्वर महतो, के द्वारा विधिवत बैटिंग बॉलिंग कर खेल को शुभारंभ किया गया। इस दौरान कमेटी के सदस्य विकास सिंह,आबिद अंसारी, सूरज कुमार और सुनील दास के हाथों सभी जनप्रतिनिधियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया इस मैच में अंपायर के भूमिका में मो.सिकंदर अंसारी और अशरफ अंसारी ने निभाई। मौके पर प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, चुरचू जिप सदस्य वासुदेव करमाली, मुखिया देवकी महतो, मुखिया ब्रजबिहारी महतो, पूर्व उप प्रमुख चौलेश्वर महतो, समाज सेवी लालो मांझी, मुंतज़िर अंसारी, बॉबी करीम, सबिर अंसारी,खिलाड़ी मो. वसीम, शिवम कुमार, जितेंद्र कुमार, सहित कई खिलाड़ी मौके पर मौजूद थे।

### पिस्तौल व गोली के साथ एक गिरफ्तार

**बरही।** मलकोको गांव के पहाड़पुर टोला से एक व्यक्ति को देसी पिस्तौल व चार जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति स्वर्गीय बाबूलाल रविदास का 51 वर्षीय पुत्र विश्वनाथ रविदास है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभास कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मलकोको गांव के पहाड़पुर टोला निवासी स्वर्गीय बाबूलाल रविदास के 51 वर्षीय पुत्र विश्वनाथ रविदास के पास एक देसी पिस्तौल व चार जिंदा गोली है। सूचना की सत्यता के आधार पर तलाशी ली गई जिसमें उक्त व्यक्ति को देसी पिस्तौल व चार जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर उसे हजारीबाग सेंट्रल जेल भेज दिया गया।

### अवैध कोयला चोरों से भिड़े वनकर्मी

हजारीबाग। झारखंड में अवैध कोयला का व्यापार अपने चरम पर है। क्या पुलिस क्या नेता क्या फर्जी पत्रकार इन पॉइंट पर इनका सिंडिकेट जबरदस्त ढंग से काम कर रहा है। कोई अखबार या पत्रकार इन खबरों को लिखता है तो उसे व्हाट्स एप्प कॉल के जरिये धमकी या फिर चंद सिक्कों की लालच देकर खरीदने का प्रयास किया जाता है या फिर उसे बदनाम करने की साजिश रची जाती है। इसमें शामिल होते है वो दलाल फर्जी पत्रकार जो इस सिंडिकेट के हिस्सा होते है। इस सिंडिकेट की लॉबी इतनी मजबूत है की इनपर हाथ डालने का हिम्मत कोई नहीं करता। माफिया कहते है की सरकार चाहे तो एक ढेला कोयला कोई नहीं निकाल सकता। यानी ये माफिया अपने कुकर्म के लिए सरकार को भी बदनाम करने से पीछे नहीं हटते है। सवाल है कि अंधेरा अब सिर्फ जंगलों में नहीं, हजारीबाग की सड़कों पर भी है। कोयला तस्करों के आतंक ने अंधेरगर्दी फैला रखी है। जहां पुलिस और नेता चुप हैं, वहीं कुछ बहादुर वनकर्मी अपने दम पर इस गुंडाराज के खिलाफ खड़े हो गए। उरीमारी थाना क्षेत्र में सोमवार रात का मंजर किसी फिल्मी सीन से कम नहीं था। हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल बड़कागांव प्रक्षेत्र के वनकर्मी अवैध कोयला लदा ट्रक रोकने की हिम्मत दिखाते हैं। लेकिन कुछ ही पलों में जंगल की खामोशी को गोलियों की तड़तड़ाहट चीर देती है। कोयला माफिया डब्बू सिंह उर्फ गंगासागर सिंह अपने गुर्गों के साथ वहां धमक पड़ता है। रात 8:30 बजे लुरंगा सुरक्षित वन क्षेत्र में गश्ती के दौरान वनकर्मियों ने कोयला लदा ट्रक (रजि. नं. जे एच02 ए एच0358) को रोकने की कोशिश की। चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। वनकर्मी तुरंत अपने अधिकारियों को सूचित करते हैं। लेकिन जैसे ही उन्हें मदद मिलने की उम्मीद होती है, एक अल्टो कार में पांच गुंडे लोहे की रॉड और लाठियों के साथ वहां पहुंचते हैं। गालियां, धमकियां और सरकारी काम में बाधा डालने के बाद, वो वनकर्मियों को घेरने लगते हैं। इतने में ही, डब्बू सिंह अपने साथी महेंद्र प्रसाद और 35-40 हथियारबंद गुंडों के साथ स्कॉर्पियो, थार और बाइक पर सवार होकर पहुंचता है। बंदूक लहराते हुए वह चिल्लाता है, किसकी हिम्मत हुई मेरी गाड़ी रोकने की सबको जिंदा जला देंगे। और फिर हवा में चार-पांच राउंड फायरिंग करता है। दो गोलियां वनकर्मियों की सरकारी बोलेरो में जा लगती हैं। जान बचाकर भागने के अलावा उनके पास कोई चारा नहीं। इस मामले को लेकर उरीमारी थाना में मामला दर्ज कराया गया है।

### हड़ताल को सफल बनायें : संयुक्त मोर्चा



भुरकुंडा (रामगढ़)। संयुक्त ट्रेड यूनियन बरका-सयाल ने बुधवार को ओल्ड बिरसा कोलियरी के कैंटिन में पीट मीटिंग की। पीट मीटिंग में 20 मई को होने वाली एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल को ऐतिहासिक बनाने का मजदूरों से आह्वान किया गया। पीट मीटिंग को संबोधित करते हुए संयुक्त मोर्चा के वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में सरकार ने मजदूरों के हक अधिकार और सुरक्षा छिनवेवाली चार श्रम कानून, किसान व जनविरोधी नीति बनाई है। इसके विरोध में श्रमिक संगठनों ने हड़ताल का आह्वान किया है। इस हड़ताल को सफल बनाकर सरकार को मजदूरों की ताकत का एहसास करायें, तभी हम अपना हक अधिकार ले सकते है। वक्ताओं ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार ने भी मजदूरों के हड़ताल को समर्थन किया है। इस हड़ताल को ऐतिहासिक बनाएं। पीट मीटिंग की अध्यक्षता व संचालन संजय शर्मा ने किया। मौके पर विंध्याचल बेदिया, रामनरेश सिंह, देवेंद्र सिंह, अशोक शर्मा, संजीव बेदिया, अर्जुन सिंह, जेपीएन सिन्हा, संजय वर्मा, अनिल सिंह, अशोक गुप्ता, विनोद मिश्रा, रामाकांत दुबे, जगरनाथ पासवान, रणधीर साव, महेंद्र गंझू, लालू महतो, रविंद्र विश्वकर्मा, मोहन मांझी, संदीप राम, धनंजय वर्मा, गुरुदयाल ठाकुर, शंकर कुमार, अनिल कुमार, सुरज कुमार, रामदेव, कुलदीप, विजय चौधरी, तुलसी विश्वकर्मा, अरविंद, अवधेश शर्मा, ईश्वरी महतो, राजेश सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मोनेटरिंग समिति की बैठक उपायुक्त ने कहा

# विद्यालयों में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें, कैम्प लगाकर बच्चों का आधार कार्ड और जन्मप्रमाण पत्र बनायें

- सरकारी स्कूलों में नामांकित सभी छात्र-छात्राओं की स्वास्थ्य जांच करवाने के दिये निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मोनेटरिंग समिति की बैठक की गयी। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना, मैटेरियल कस्ट, कुकिंग कॉस्ट की दर में राज्यांश और केन्द्रांश में संशोधन, पोषण पखवाड़ा 2025 का आयोजन, वितीय वर्ष 2024-25 का जिला स्तरीय सुनवाई, वितीय वर्ष 2025-26 में तिथि भोजन का आयोजन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतगर्त वर्ष प्रथम से अष्टम तक नामांकित सभी बच्चों की स्वास्थ्य जांच, अनीमिया मुक्ति कार्यक्रम के तहत साप्ताहिक आधार पर बच्चों को दवाइयां खिलवाना, राष्ट्रीय विमुक्ति दिवस पर वर्ष में दो बार मिनाशक दवाइयां खिलाना, स्कूलों के किचन सुदृढ़ीकरण समेत विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी।

बैठक में वितीय वर्ष 2024-25 की जिला स्तरीय सुनवाई की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने अधिकारियों निर्देशित करते हुए शिक्षा और शिक्षकों से संबंधित सुनवाई का निराकरण करने, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सरकारी स्कूलों में नामांकित सभी छात्र-छात्राओं की स्वास्थ्य जांच करवाने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के तहत सम्बंधित क्षेत्र के चिकित्सक स्कूलों का भ्रमण कर बच्चों का स्वास्थ्य जांच करना सुनिश्चित करे, कैम्प लगाकर स्कूली बच्चों का आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र बनवाने, साथ ही दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने का निर्देश दिया। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूलों में शतप्रतिशत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करें, जिन स्कूलों के किचन शेड सह स्टोर जर्जर है उसे अविलंब मरम्मती और सुदृढ़ीकरण करें। मौके पर डीसी के अलावे डीडीसी ऋतुराज, डीईओ अविनाश राम, डीएसई अजय कुमार, डीआरसीएचओ डॉ. कुलदीप कुमार, प्रखंडों के बीईईओ, बीपीओ आदि मौजूद थे।

## ग्रिजली विद्यालय की छात्रा निष्ठा भदानी वाणिज्य संकाय में एवं सृष्टि बर्णवाल विज्ञान संकाय में बनी जिला टॉपर



**कोडरमा।** विद्यालय के छात्रा निष्ठा भदानी, 96.4 प्रतिशत अंक लाकर जिला टॉपर बनी। वाणिज्य संकाय में ग्रिजली विद्यालय का परिणाम शत–प्रतिशत रहा। परीक्षा में कुल 30 छात्रों ने भाग लिया। वाणिज्य संकाय में 96.4 प्रतिशत अंक लाकर निष्ठा भदानी जिला टॉपर रही। वहीं 94 प्रतिशत अंक लाकर खुशी जैन दूसरे व 92 प्रतिशत अंक लाकर अंकाक्षा कुमारी भदानी तीसरे स्थान पर एवं सुकान्क्षा कन्धवे 91.8 अंक लाकर चौथे स्थान पर रहे एवं विषयवार अंग्रेजी में 92, एकाउन्ट्स में 97, बिजनेस स्टडीज में 95, अर्थशास्त्र में 99, फाईन आर्ट्स में 100, शारीरिक शिक्षा में 97 अंक सार्वधिक रहे। वहीं विद्यालय की छात्रा सृष्टि बर्णवाल विज्ञान संकाय में 96.4 प्रतिशत अंक लाकर जिला टॉपर बनी। विज्ञान संकाय में कुल 80 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा में 96.4 प्रतिशत अंक लाकर श्रृष्टि बर्णवाल विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त की, वहीं 90.6 प्रतिशत अंक लाकर ओम कुमार दूसरे व 90.2 प्रतिशत अंक लाकर अर्पिता मिश्रा ने विद्यालय में तीसरे स्थान प्राप्त किया। वहीं मो. आरिफ 90 प्रतिशत अंक लाकर चतुर्थ स्थान पर रहा। वहीं विषयवार अंग्रेजी में 96, गणित में 96, भौतिकी में 95, रसायन शास्त्र में 96, जीव विज्ञान में 95, फाईन आर्ट्स में 100, आईपी में 98, शारीरिक शिक्षा में 98 अंक सार्वधिक रहे। वहीं छात्रों के शानदार प्रदर्शन पर निदेशक द्वय मनीष कपसिमें, अविनाश सेठ, सीईओं प्रकाश गुप्ता, सीओओ तनिष्क सेठ, प्राचार्या अंजना कुमारी, प्रशासक अशरफ खान, संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेन्द्र चौधरी, सुशांत कुमार, बीडी नस्कर, अनुराग सिंह, शिल्पी भदानी, प्रीति जगनानी, स्टूडेंट सर्विस सेल के संयोजक सुधांशु कुमार, राजीव रंजन सिंह, अमित दास सहित अन्य शिक्षकों ने छात्रों व उनके परिजनों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सीबीएसई 10वीं में ग्रिजली विद्यालय का शानदार प्रदर्शन

**कोडरमा।** सीबीएसई 10वीं में ग्रिजली विद्यालय की छात्रा अर्पण कुमारी ने 95.4 प्रतिषत अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय की टॉपर बनी। वहीं पुष्कर वाडेकर, ऐशांत कुमार और क्रांति दक्ष जिन्होने संयुक्त रूप से 95 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इनके बाद जैसल सिन्हा ने 95 प्रतिशत अंको के तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं 94.8 प्रतिशत अंक लाकर नीरज कुमार चौथे स्थान पर रहें। पुष्कर कुमार 94.6 प्रतिशत अंक के साथ पांचवे स्थान पर रहे। कोडरमा सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में ग्रिजली विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्ष्ट रहा। परीक्षा में कुल 201 छात्रों ने भाग लिया। जिनका परिणाम शत–प्रतिशत रहा। इस वर्ष की परीक्षा में कुल 25 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विषयवार अंग्रेजी में 96, हिन्दी में 96 अंक, गणित में 96, विज्ञान में 100, सामाजिक विज्ञान में 100, कम्प्यूटर में 100 सार्वधिक रहा। कुल 25 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। अन्य छात्रों के नाम इस प्रकार है७– रौनक कुमार 94.2, स्लोक बर्गवे 94, संस्कृति जैन 93.8, आयुषी कुकुम 93.8, रामानुज कुमार नायक 93.4, कुमारी खुशी 93.4, अनुराग कुमार 93.2, गौतम कुमार आर्य 92.6, अक्षत आनंद 92.6, अन्वेशा शर्मा 92.4, आयुषी गुप्ता 92.2, प्रेम कुमार यादव 92.2, सक्षम कुमार 91.8, कन्हैया शर्मा 91.4, आनंद राज 91.2, हिमांषु 90.6, पीयूष राज 90.2 तथा मिमांसा सिंह 90 छात्रों के शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय के निदेषक द्वय मनीष कपसिमें, अविनाश सेठ, सीईओं प्रकाश गुप्ता, सीओओ तनिष्क सेठ, प्राचार्या अंजना कुमारी, प्रशासक अशरफ खान, संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेन्द्र चौधरी, सुशांत कुमार, बीडी नस्कर, अनुराग सिंह, शिल्पी भदानी, प्रीति जगनानी, स्टूडेंट सर्विस सेल के संयोजक सुधांशु कुमार, सीसीए संयोजक राजीव रंजन सिंह, स्पोट्स संयोजक अमित दास सहित अन्य शिक्षकों ने छात्रों व उनके परिजनों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सुप्रिया रानी 88 प्रतिशत अंक के साथ बनी स्कूल टॉपर



**डोमचांच (कोडरमा)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में डीएवी पब्लिक स्कूल डोमचांच के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। विद्यालय के कुल 39 विद्यार्थियों में से शत–प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। जिसमें सुप्रिया रानी ने 88 प्रतिशत अंक लाकर, विद्यालय में प्रथम स्थान, आशीष कुमार 86.6 प्रतिशत लाकर दूसरे और रिद्धि कुमारी 86.2 प्रतिशत लाकर तीसरे स्थान पर रही। इसके अलावा ऋषि कुमार 83.2 प्रतिशत, शांतनु कुमार 82.6 प्रतिशत, प्रियांशु राणा 80 प्रतिशत अंक लाकर अपने विद्यालय और समाज का नाम रोशन किया। वहीं विद्यार्थियों की सफलता पर निर्देशक सुनील कुमार एवं दिलीप कुमार ने सभी बच्चों के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। वहीं विद्यालय के प्राचार्य रंजीत कुमार साव ने सफलता का श्रेय सभी शिक्षक एवं बच्चों की मेहनत को दिया।

# शादी समारोह से लौट रहा बोलेरो जवाहर पुल के नीचे गिरा, दो की मौत, दो घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** जिले के सीमा पर स्थित जवाहर घाट में बुधवार सुबह एक बोलेरो दुर्घटनाग्रस्त होकर जवाहर पुल के नीचे डैम में जा गिरा। जिसमें दो युवक राहुल सोनकर एवं आशीष की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार राहुल सोनकर जो फल विक्रेता है, अपने मित्र आशीष व अपने मुंशी सौरव व ड्राइवर संदीप के साथ बीती रात कोडरमा से बरही एक शादी समारोह में शामिल होने गए हुए थे। वहीं बुधवार की अहले सुबह सभी वापस अपने घर झुमरीतिलैया लौट रहे थे। वहीं पहले से दुर्घटनाग्रस्त ट्रक चालक के मुताबिक बोलेरो काफी तेज रफ्तार में बरही की ओर से आ रहा था, बोलेरो की रफ्तार इतनी ज्यादा थी कि जवाहर घाटी में बने पुल पर लगे दो रेलिंग तोड़ते हुए डैम में जा गिरा। इधर घटना की सूचना पाकर बरही एसडीओ व बरही थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचकर क्रेन मंगवाकर डैम में डूबे बोलेरो को बाहर निकलवाया। वहीं घटना की जानकारी देते हुए सौरव शर्मा के मित्र ने बताया कि जिस जगह पर यह घटना घटी है, उसी जगह पर बीती रात एक ट्रक भी दुर्घटनाग्रस्त हुई थी, जब ये लोग बरही से लौट रहे थे, तो उस ट्रक के पास इन्हें एक बड़ी गाड़ी ने चकमा दे दिया, जिससे इनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर डैम में जा गिरी, जिसमें दो लोग सौरव और संदीप किसी प्रकार से बोलेरो से बाहर निकलकर पानी से बाहर आए, वहीं राहुल और आशीष की बोलेरो के अंदर ही मौत हो गयी। वहीं उन्होंने बताया कि ये दोनों किसी प्रकार से ऑटो पकड़कर सदर अस्पताल पहुंचे, जहां संदीप का प्रारंभिक उपचार के पश्चात उसे घर भेज दिया गया। वहीं सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. विकास गौरव ने बताया कि सौरव की नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर किया गया है।

# शिक्षा से ही व्यक्ति का संपूर्ण विकास संभव : अरुण ओझा

**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में दंडाडीह पंचायत भवन में बुधवार को चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। वहीं मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के डिफेंस काउंसिल सह अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा एवं विशिष्ट स्थिति के रूप में अधिवक्ता सुमन जायसवाल, अधिवक्ता अंजली राणा एवं मुखिया सुनीता देवी उपस्थित थे। वहीं शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अरुण कुमार ओझा ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति अपने व्यक्तित्व का समांगीण विकास कर सकता है। उन्होंने बाल विवाह, बाल श्रम सहित कई कानूनों पर वितृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाल विवाह करना, कराना या उसमें शामिल होना, कानूनन दंडनीय अपराध है। इसकी रोकथाम करना हम सब की नैतिक जिम्मेवारी है। बाल विवाह रोकथाम के लिए, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत इसके दोषियों को 2 साल तक की सजा एवं एक लाख रुपए तक जुर्माना का प्रावधान है। उन्होंने कहा कई सामाजिक कुरीतियां समाज में व्याप्त है, जिसको दूर करने में प्रत्येक व्यक्ति अपनी भूमिका अदा करें। वहीं अधिवक्ता सुमन जायसवाल ने महिला प्रताड़ना, दहेज प्रथा, डायन प्रथा पर बोलते हुए कहा कि यह एक सामाजिक बुराई है। इसके लिए कानून में दंड का प्रावधान है। वहीं अधिवक्ता अंजली राणा ने शिक्षा का अधिकार सहित कई कानूनी बिंदुओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन पीएलबी शिवकुमार मोदी ने किया। मौके पर डॉ. सोनी कुमारी, अशोक सिंह, सुरेश चंद्र पासवान, गोपाल शर्मा, दिनेश रजक, रिया कुमारी, सपना कुमारी, चमेली शर्मा, रेखा देवी सहित दर्जनों महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

# डॉक्टर बनकर पार्वती ने अपने परिवार व जिला का नाम किया रोशन

- कादोडीह पंचायत सचिवालय में सम्मान समारोह आयोजित कर किया गया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मरकच्चो (कोडरमा)।** कौन कहता है कि आसमां में सुराग नहीं होता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारो.. इस कहावत को चरितार्थ कर दिखाया मरकच्चो प्रखंड के व्यवसायी परिवार की बेटी डॉ. पार्वती वर्मा ने। जिन्होंने डॉक्टर बनकर अपने परिवार गांव के साथ ही प्रखंड व जिला का भी नाम रोशन किया है। इसी कड़ी के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत कादोडीह के पंचायत सचिवालय में कार्यक्रम आयोजित कर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आए सावित्री बाई फुले संस्था से बबलू कुशवाहा, रवि कुमार मेहता व डॉ.राजेश राज उपस्थित थे। बेटियां चाहे पढ़ाई हो या खेलकूद हो, हर क्षेत्र में नाम रोशन कर रही हैं। इसी कड़ी में एक और नाम जुड़ गया है डॉ. पार्वती वर्मा का जिन्होंने कोलकाता से फिजियोथेरेपी की डिग्री हासिल कर मरकच्चो प्रखंड का नाम रोशन किया है। डॉ. पार्वती वर्मा ग्राम पंचायत कादोडीह पंचायत की निवासी हैं। वहीं डॉ.पार्वती वर्मा के पिता लोकनाथ वर्मा बताते हैं कि पार्वती वर्मा बचपन से ही पढ़ाई-लिखाई में होशियार थी। उसका सपना था कि वह डॉक्टर बनकर परिवार, गांव, जिला एवं प्रदेश का नाम रोशन करने के साथ ही सेवा भी करे। बचपन से सेवाभाव करने का जुनून था और प्रोफेशन भी ऐसा ही चुना, जिसमें समाजसेवा भी कर सके। बेटी की उपलब्धि पर घर में खुशी का माहौल है, वहीं परिजनों का सीना भी बेटी की सफलता से फूला हुआ है। पार्वती बेहद सादगीपूर्ण जीवन में विश्वास रखती हैं। वह अपनी सफलता का श्रेय परिजनों को देती हैं। जिन्होंने उसे सपना पूरा करने के लिए पूरी आजादी दी। डॉ. पार्वती वर्मा की प्रारंभिक पढ़ाई गांव के स्कूल के साथ भारती उच्च विद्यालय नावाडीह विद्यालय में हुई, लेकिन वह फिजियोथेरेपी की तैयारी के लिए हजारीबाग में रहीं और वहां पर जमकर तैयारी की। इसके बाद कोलकाता नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर लोकोमोटर डिसेबिलिटीज दिव्यजन कोलकाता से डॉक्टर की डिग्री प्राप्त की। मौके पर बिहारी महतो, इंद्रदेव वर्मा, कार्तिक वर्मा, सुशील राम, अर्जुन महतो, मुंशी वर्मा, सुरेश प्रसाद कुशवाहा, चंद्रदेव कुशवाहा, प्रयाग सिंह, रामकृष्ण वर्मा, जनार्दन बर्मा, प्रदीप वर्मा, शिव शंकर वर्मा, रामप्रवेश राम, वासुदेव वर्मा, बैजनाथ महतो, राजेंद्र वर्मा, दामोदर कुशवाहा समेत सैकड़ो. ग्रामीण महिला व पुरुष मौजूद थे।

# बीआर इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों का सीबीएसई दसवीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

### संजीत कुमार ने 96 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर के साथ-साथ जिले के टॉप टेन में बनाई जगह

- सुधांशु रंजन 95 प्रतिशत अंक के साथ बना दूसरा स्कूल टॉपर
- साइंस में 80 प्रतिशत अंक के साथ रिशु कुमार बना स्कूल टॉपर

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**कोडरमा।** सीबीएसई द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं का बहुप्रतीक्षित परिणाम घोषित कर दिया गया और हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बीआर. इंटरनेशनल स्कूल चाराडीह के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम गौरव से ऊंचा किया है। पूरे अभिभावकों एवं शिक्षकों में विद्यालय के इस उल्लेखनीय परिणाम को लेकर हर्ष और उत्सव का माहौल है। इस वर्ष विद्यालय परिणाम पिछले वर्ष की तुलना में और भी बेहतर है। यह विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की लगन और विद्यालय की गुणवत्ता युक्त शिक्षा व्यवस्था का प्रतिफल है। वहीं बीआर इंटरनेशनल स्कूल के संजीत कुमार सीबीएसई दसवीं में 96 प्रतिशत लाकर स्कूल टॉपर के साथ-साथ जिले के टॉप टेन में जगह बनाई, वहीं सेकेंड टॉपर सुधांशु रंजन 95 प्रतिशत रहा, क्रमशः टॉप टेन में तीसरे पर ओमप्रकाश 93 प्रतिशत यस आर्यन 92 प्रतिशत साक्षी कुमारी 91 प्रतिशत आर्यन 91 प्रतिशत रितेश 90 प्रतिशत विद्या शर्मा 89.8 प्रतिशत कुशल 87 प्रतिशत राजकुमार 85 प्रतिशत के साथ स्कूल टॉप टेन में अपनी जगह बनाई। वहीं 12वीं में रिशु कुमार 80 प्रतिशत लाकर स्कूल टॉपर बना, सपना कुमारी 78.8 प्रतिशत लाकर द्वितीय स्थान तथा सुमन कुमारी 75.8 प्रतिशत लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में 10वीं में 7 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया और 22 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया। वहीं निदेशक ओम प्रकाश राय ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को इस सफलता पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यालय के समर्पण, अनुशासन और निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। उन्होंने शिक्षकों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में और भी बेहतर परिणाम की अपेक्षा है। वहीं प्राचार्या डॉ.राखी शर्मा ने बच्चों को शुभकानाएं देते हुई कहीं की समर्पित प्रयास, गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन और सही दिशा मिलने पर विद्यार्थी किसी भी लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। वहीं उपप्राचार्य नवल किशोर, प्रशासन सुनील कुमार, शिवम माहेश्वरी, कमलेश राय, विजय प्रकाश, तबरक अंसारी, सहिस्ता परवीन, विनोद सिंह, इंद्रमणि कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, राजेंद्र कुमार समेत सभी शिक्षकों ने शुभकामनाएं दिया।

## खबर एक नजर में

### आरसेल कुटी रंगेनिया गांव में कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय रुद्रचंडी महायज्ञ प्रारंभ



**सिमरिया।** प्रखंड के आरसेल कुटी रंगेनिया गांव में बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय रुद्रचंडी महायज्ञ प्रारंभ हुआ। कलश यात्रा में जिप सदस्य देवनन्दन साहू, झामुमो नेता मनोज चंद्रा, पूर्व विधायक गणेश गंझू शामिल हुए। झामुमो नेता ने श्रद्धालुओं को कलश देकर यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा में 1151 श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर परिसर से गाजे बाजे के साथ श्रद्धालु कलश उठाकर मानत नदी पहुंचे, जहां श्रद्धालुओं ने यज्ञाचार्य मधुसुदनाचार्य जी महाराज के विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरा। उसके बाद श्रद्धालु नगर भ्रमण करते हुए मंदिर पहुंचकर कलश को स्थापित किया। इस दौरान जय श्री राम, हर राम, हरे कृष्णा, धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो का जयकारे लगाये। इस दौरान श्रद्धालुओं के बीच शरबत का वितरण किया गया। यज्ञ प्रारंभ होते ही सम्पूर्ण गांव भक्तिमय हो गया। यज्ञाचार्य ने कहा कि यज्ञ करने से गांव में सुख शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। यज्ञ समिति अध्यक्ष रामलाल उरांव व मीडिया प्रभारी राजेश साहू ने बताया कि यज्ञ 14 मई से लेकर 20 मई तक चलेगा। यज्ञ में अयोध्या, बनारस से प्रवचन के लिए लोग पहुंच रहे हैं। सांध्यकालीन भजन कीर्तन प्रवचन, कृष्णलीला और रामलीला का कार्यक्रम होगा। साथ ही हर दिन भंडारे का भी आयोजन किया गया है। कलश यात्रा में प्रमुख रोहन साव, मुखिया वीणा देवी, कृष्णा साव, अमर राय, सूर्यबली प्रसाद, बाली ठाकुर, मनोज सिंह, अभिषेक कुमार, यज्ञ समिति के सचिव लाला प्रसाद यादव, कोषाध्यक्ष सुनील साव, मनोज साव, विकास कुमार यादव, रामेश्वर साव, तापेश्वर यादव, नंदकिशोर सिंह, अर्जुन सिंह भोगता, कौलेश्वर भुइयां, नरेश सिंह, सुरेश कुमार पंडित, प्रमोद साहू, रमेश भारती, झल्लू यादव, संतोष भारती, सुरेश सिंह, शम्भू साव, उपेंद्र सिंह, दयानिधि सिंह सहित बड़ी संख्या में यज्ञ समिति के सदस्य, संयोजक मंडली और श्रद्धालु शामिल थे।

### धूल-गरदा से त्रस्त ग्रामीणों ने मिट्टी ढुलाई कार्य रोका, मिलेनियम कंपनी कर्मियों के आतंक से ग्रामीण क्षुब्ध

**टंडवा (चतरा)।** धूल गरदा से परेशान धनगड़ा गांव के ग्रामीणों ने मिट्टी ढुलाई कार्य बाधित कर नाराजगी जाहिर की है। धनगड़ा गांव में शिवपुर कठौतिया रेलवे लाइन का मिट्टी भराई कार्य किया जा रहा है। निर्माण एजेंसी इरकॉन के सहयोगी मिलेनियम कंपनी द्वारा ग्रामीण सड़क व ग्रामीणों द्वारा बनाई गई निजी सड़क और किसानों के खेत होकर जबरन सैकड़ों हाइवा वाहनों का परिचालन किया जा रहा है। जिससे धूल कण लोगों के घरों तक पहुच रही है तथा जानमाल की हमेशा संभावना बनी रहती थी। मिलेनियम कंपनी कर्मियों के दोहरी नीति से ग्रामीण खासे नाराज हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से शेष भूमि का मुआवजा भुगतान की अविलंब मांग की है। उपस्थित आक्रोशित लोगों ने कहा कि जहां कोयला वाहनों से कोयले के पाउडर हलख तक पहुंच रहे हैं अब धूल मिट्टी भी रसोई घरों में घुस रहा है। हम अपनी पीड़ा किन्हें सुनाएं। ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त समेत अन्य संबंधित अधिकारियों से संज्ञान लेने की मांग की है। हालाकि ग्रामीणों ने स्थानीय मुखिया अरबिंद सिंह, विधायक उजव्वल दास को भी जानकारी दी है।

### उदयन पब्लिक स्कूल के छात्रों ने किया बेहतर प्रदर्शन, रिजल्ट रहा शत प्रतिशत




**सिमरिया।** प्रखंड क्षेत्र के तेतर मोड़ स्थित उदयन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 10वीं में बेहद शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। परीक्षा में विद्यालय के 25 विद्यार्थी शामिल हुए और सभी सफल रहे। रिया कुमारी 92.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी। इसके अलावा मो. तौसीफ ने 91.2 प्रतिशत लाकर दूसरे स्थान पर काबिज हुए, रागिनी कुमारी ने 80.4 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के सचिव डॉ. चेतलाल प्रसाद, कोषाध्यक्ष मनोज चंद्रा सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामना दी हैं और उज्जवल भविष्य की कामना की।

### बाइक ताड़ के पेड़ से टकराई, युवक की मौत

**हंटरगंज/चतरा:** हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के वशिष्ठ नगर जोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत जोरी – प्रतापपुर मुख्य पथ निंजरा गांव के समीप अज्ञात वाहन के चकमा से पल्सर बाइक अनियंत्रित होकर एक ताड़ के पेड़ से जा टकराई। जिससे युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई । स्थानीय लोगो ने इसकी सूचना वशिष्ठ नगर जोरी थाना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए चतरा भेज दिया है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के टंकू गांव के राजाहर टोला निवासी बोधी यादव का 35 वर्षीय पुत्र विजय यादव के रुप में हुई है। जानकारी के अनुसार विजय बुलेरो चलाक है। वह अपने घर से बुलेरों वाहन चलाने बाइक पर सवार होकर जोरी आ रहा था। इस दौरान अज्ञात वाहन ने चकमा देने के बाइक अनियंत्रित होकर ताड़ के पेड़ से टकरा गई। जिससे युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया है और बाइक को पुलिस थाने ले आई है। बताया जाता है की मृतक विजय के घर में उनकी पत्नी और तीन बच्चे हैं.सभी बच्चे अभी पढ़ाई कर रहे हैं. इस घटना के बाद से पूरे परिवार का रो–रोकर बुरा हाल है और पत्नी की तबीयत लगातार खराब होती जा रही है.तीन छोटे बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया इस घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। बताते चले की मृतक विजय अगर हेलमेट पहना होता तो शायद उसकी जान बच सकती थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया था कि सिर में चोट आई थी। पुलिस सूत्रों की मानें तो घटनास्थल पर पुलिस को भी कोई हेलमेट नहीं मिला है। अब विजय के परीजनों ने सरकार से उचित मुआवजा की मांग की है।

### पॉक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**हंटरगंज/चतरा।** हंटरगंज पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि थाना क्षेत्र के एक महिला के द्वारा दो दिन पूर्व यौन उत्पीडन को लेकर हंटरगंज थाना में आवेदन दिया गया था। मामले की जानकारी महिला ने थाना प्रभारी प्रभात कुमार को दी थी। इसके बाद पुलिस ने मामला को गंभीरता से लेते हुए पोस्को एक्ट कांड संख्या 86/25 दर्ज कर बारह घंटे के अंदर थाना क्षेत्र के औरु निवासी शिवानदन दास के 26 वर्षीय पुत्र आरोपी युवक सरवन दास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### द्वारी पंचायत में पेयजल संकट, ग्रामीणों में आक्रोश, प्रखंड प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर लगाया उदासीनता का आरोप

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के द्वारी पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 12 में भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट गहराता जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र के सभी पारंपरिक जल स्रोत जैसे कुएं पूरी तरह सूख चुके हैं। इंसानों के साथ–साथ पशु–पक्षियों के लिए भी पीने के पानी की भारी समस्या उत्पन्न हो गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हर घर नल जल योजना का लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा है। योजना के अंतर्गत बिछाई गई पाइपलाइन अधूरी या खराब है, जिससे घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक द्वारा कार्य में भारी लापरवाही बरती गई, और प्रखंड प्रशासन व जनप्रतिनिधि इस गंभीर समस्या पर पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए हैं। एक ओर जहां केंद्र सरकार हर घर जल योजना का जोर–शोर से प्रचार कर रही है, वहीं जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर बयां कर रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में अविलंब पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए एवं जल–नल योजना की गुणवत्ता की जांच कर इसे सुदृढ़ बनाया जाए।

### नये अल्ट्रासाउंड के लिए आये आवेदनों की जांच कर एक को मिली स्वीकृति



**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत समुचित क्रियान्वयन हेतु जिला सलाहाकार समिति बैठक की बैठक की गई। बैठक में कुल नए अल्ट्रासाउंड के चार आवेदनों को रखा गया। जिसमें महाकाल (संजीवनी) अल्ट्रासाउंड चतरा, तिरुपति इमेजिंग सेंटर पुलिस लाइन सिमरिया रोड चतरा, साईं अल्ट्रासाउंड बाईपास नगवां चतरा तथा एस आर अल्ट्रासाउंड न्यू बस स्टैंड चतरा का नाम शामिल है। जबकि नवीकरण के लिए श्री नारायणी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक गौरक्षिणी रोड चतरा को रखा गया। सभी आवेदनों के दस्तावेजों की जांचों उपरांत तिरुपति इमेजिंग सेंटर पुलिस लाइन सिमरिया रोड चतरा को सर्वसम्मति से स्वीकृति दिया गया। वहीं शेष आवेदनों के त्रुटि निराकरण करते हुए अगले बैठक में रखने का निर्देश दिया गया। कार्य के प्रति लापरवाही बरतने के मामले में सदर अस्पताल के लिपिक नुनु लाल से शो कॉज करते हुए वेतन निकासी पर रोक लगाने का निर्देश सिविल सर्जन चतरा को दिया गया। जिले में सेक्स रेशियो प्रतिशत गिरने के कारण की जानकारी लेते हुए उन्होंने जांच एवं आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावे अल्ट्रासाउंड केंद्र जांच हेतु प्रखंड स्तर पर टास्क फोर्स के गठन पर विचार विमर्श किया गया एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ ललित रंजन पाठक, स्त्री रोग विशेषज्ञ सदर अस्पताल चतरा डॉ प्रणति रीता बाखला, पैथोलॉजीस्ट डॉ प्राची हांसदा, एसएनसीयू प्रभारी डॉ आशीष कुमार, सचिव भारतीय रोड क्रॉस सोसाइटी सचिव धर्मेंद्र पाठक, सरकारी अधिवक्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## मंईयां व पेंशन योजना के भौतिक सत्यापन को लेकर शिविर का आयोजन



घाघरा। घाघरा प्रखंड के चुंदरी पंचायत सचिवालय में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना एवं सभी पेंशन योजनाओं के लाभुकों का भौतिक सत्यापन को लेकर शिविर आयोजित किया गया। जिसमें पंचायत के सभी राजस्व गांव से ग्रामीण शामिल हुए। मुखिया विनीता कुमारी ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना का नॉन डेबिट या होल्ड के लाभुक सूची प्राप्त से भौतिक सत्यापन किया गया। विकलांग, विधवा, वृद्धावस्था, निराश्रित योजना का लाभुकों का बैंक अकाउंट आधार मोबाइल नंबर का मिलान करके भौतिक सत्यापन कराया गया। मौके पर उप मुखिया अजीत मनी पाठक, आदित्य भगत, दिलीप उरांव, मुनेश्वर उरांव, आनंद भगत, रीमा उरांव, मनमेत देवी, लक्ष्मी उरांव, किरण देवी, रोमियो एक्का, संजय ठाकुर, संजीव कुमार भगत, अजय भगत, बहुरा पहान, कैलाश महतो, पुष्पा कुमारी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण, मरीजों से जानी समस्याएं



चैनपुर। चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मंगलवार देर शाम जिप सदस्य मेरी लाकड़ा, चैनपुर मुखिया शोभा देवी ने निरीक्षण कियार। इस दौरान चिकित्सा प्रभारी डॉ धर्मनाथ ठाकुर उपस्थित थे। जिप सदस्य व मुखिया ने अस्पताल के विभिन्न रूम का दौरा किया और वहां भर्ती मरीजों से बातचीत की। उन्होंने मरीजों से उनके स्वास्थ्य, उपचार और अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। मरीजों ने अपनी-अपनी समस्याएं और अनुभव टीम के सदस्यों के साथ साझा किए। जिप सदस्य मेरी लाकड़ा ने कहा कि मरीजों की राय जानना बहुत महत्वपूर्ण है ताकि स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाया जा सके। मुखिया शोभा देवी ने स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों से मरीजों के प्रति संवेदनशील रहने और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करने का आग्रह किया। डॉ धर्मनाथ ठाकुर ने कहा कि मरीजों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस औचक निरीक्षण का उद्देश्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लेना और उनकी समस्याओं को समझना था। ताकि भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

## समर कैंप के दूसरे दिन बच्चियों ने मिट्टी से बनायी कई कलाकृति



गुमला। झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला द्वारा राज्य स्तरीय निर्देशानुसार जिले के विद्यालयों में 13 से 16 मई तक चार दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस समर कैंप में खेल गतिविधि, नृत्य, स्थानीय उपलब्ध सामग्रियों से आर्ट क्राफ्ट, चित्रकला आदि कार्य हेतु निर्देशित किया गया है। गतिविधि के दूसरे दिन जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तथा विभिन्न उच्च विद्यालय में मिट्टी से विभिन्न कलाकृतियों का निर्माण, दोना पत्तल बनाने, कागज की आकृतियां एवं गुलदस्तों जैसे कार्य कराए गए। मौके पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ज्योति खलखो नें बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, रचनात्मकता एवं नेतृत्व भावना के विकास के साथ साथ टीम वर्क और कलात्मक अभिव्यक्ति के जरिए बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि के उद्देश्य से यह समर कैंप आयोजित किया गया है।

## सीबीएसई 10वीं तथा 12वीं में डीएवी के विद्यार्थियों ने किया रिकार्ड प्रदर्शन



गुमला। सीबीएसई 10वीं तथा 12वीं विज्ञान, कला एवं वाणिज्य तीनों संकायों की परीक्षाओं में डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के विद्यार्थियों ने रिकॉर्ड कायम करते हुए एक बार पुनः गुमला ज़िले ही नहीं राज्य में विद्यालय का परचम लहराया है। इस अवसर पर विद्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहु ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमने जो सपना देखा है उसे हमारे विद्यार्थी तथा शिक्षक पूर्ण रह कर रहे हैं। कक्षा दशम में साकेत कुमार ने 98.4% अंक प्राप्त कर जिला टॉपर होने का गर्व प्राप्त किया वहीं कक्षा बारहवीं में कला में अंजलि कुमारी 98.6%, वाणिज्य में प्रणव कुमार 96% और डोली कुमारी 96% तथा विज्ञान में माही सिन्हा 94.6% अंकों के साथ जिला टॉपर रही। इसका श्रेय विद्यार्थियों के परिश्रम, अभिभावकों के सहयोग तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन को जाता है।

## अनन्या सोनी 91.6% अंक प्राप्त कर बनी साइंस सेंटर गुमला की टॉपर

गुमला। पालकोट रोड स्थित साइंस सेंटर कोचिंग संस्थान के सभी छात्रों का सीबीएसई 12वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन रहा संस्थान के सभी 56 छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। अनन्या सोनी ने सर्वाधिक 91.6% लाकर संस्थान की टॉपर बनी। वहीं शौर्य राज 87%, अनमोल 86%, आरची अलीशा किंडो 84.8%, शुभम कु साहु 84%, अराधना कुमारी 83.6%, पुजा कुमारी 83%, शगुन विश्वकर्मा 81.6%, प्रज्ञा रानी 80.8%, लेखा कुमारी 80% अंक लाकर संस्थान का नाम रोशन किया। संस्थान के निदेशक शिव कु साहु ने छात्रों की सफलता पर खुशी व्यक्त की तथा कहा यह शिक्षकों एवं छात्रों का कठिन परिश्रम का परिणाम है। निदेशक के अलावा सभी शिक्षकों ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

### संगठन सृजन कार्यक्रमों को लेकर जिला कांग्रेस कमिटी की सिसई में बैठक संपन्न

# एक माह में सभी स्तर के कमिटियों का करें गठन: बंधु

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम को संबोधित करते बंधु तिर्की व उपस्थित कांग्रेसी।

सिसई। संगठन सृजन कार्यक्रमों को लेकर जिला कांग्रेस कमिटी की आवश्यक बैठक सिसई प्रखंड के टाना भगत भवन में जिलाध्यक्ष चैतु उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी पूर्व विधायक बंधु तिर्की शामिल हुए। मौके पर बंधु तिर्की ने कहा कि यह वर्ष कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन का वर्ष है। संगठन सृजन के तहत जिला स्तर पर प्रखंड मंडल पंचायत वार्ड एवं बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए कमिटी का गठन करना है। संगठन सृजन के तहत आगामी एक माह का कैलेंडर तैयार कर सभी स्तर के कमिटियों का गठन हेतु निर्देश दी गई। साथ ही अग्रणी मोर्चा संगठन जिला प्रखंड एवं मंडल स्तर पर भी कमिटियों का गठन करने का निर्देश दिया गया। वर्तमान में पार्टी के द्वारा संविधान बचाओ रैली का आयोजन भी किया जाना है। इसके तहत जिला स्तरीय, विधानसभा स्तरीय एवं घर-घर संविधान बचाओ अभियान की तैयारी भी किया गया और आने वाले दिन में बेहतर से बेहतर कार्यक्रम करने का निर्देश सभी पदाधिकारी को दिया गया। सिसई, भरनो प्रखंड के नवनीत पदाधिकारीयों को मनोनयन पत्र समर्पित किया गया। बैठक में अग्रणी मोर्चा संगठन जिला अध्यक्ष लोहरा उरांव, आजाद अंसारी, भुनेश्वर राम, साहेब वशीम, राजू उरांव, प्रदीप सोरेंग, मनसुख अंसारी, बिदेश्वर साहु, गुमला प्रखण्ड अध्यक्ष गुलाम सरवर, बैबुल अंसारी, अजीत केरकेट्टा, विकास गुप्ता, विकास साहू, इस्माइल कुजूर, अरुण पांडेय, आशिश नाथ शाहदेव, विजय ठाकुर, गंगा उरांव, राम निवास प्रसाद, अनिल साहू, मंडल अध्यक्ष माठा खड़िया, सुशील लकड़ा, नारायण एक्का, शशि कान्त बेक, एडमन इंदवार, शहजाद, तरुण गोप, फिरोज व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लोहरदगा : जिला स्थापना दिवस समारोह को लेकर डीडीसी ने की समीक्षा बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में मौजूद डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत व अन्य अधिकारी।

लोहरदगा। डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में लोहरदगा जिला स्थापना दिवस समारोह के आयोजन को लेकर जिला के सभी कार्यालय प्रधान व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के आवश्यक बैठक जिला परिषद सभागार में आयोजित हुई। बैठक में 17 मई को जिला के स्थापना दिवस के मौके पर समाहरणालय के समीप मैदान में मेला आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसमें विभिन्न विभागों को अपनी योजनाओं से सम्बंधित स्टॉल लगाने का निर्देश दिया गया। सभी विभागों द्वारा परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा जिसकी सूची समर्पित करने का निर्देश दिया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता, स्पीच कॉम्पिटिशन का भी आयोजन किया जाएगा। 10वीं/12वीं की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। सभी विभागों को विभिन्न जिम्मेवारियां सौंपी गयीं। बैठक में आईटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जंगली हाथी की चपेट में आने से युवक ने गंवाई जान

खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा में लगातार जंगली हाथियों द्वारा मचाया जा रहा उत्पात, वन विभाग के कार्यशैली से बढ़ी ग्रामीणों की मुश्किले**

कैरो। कैरो में लगातार जंगली हाथियों के झुंड द्वारा उत्पात मचाया जा रहा है, लेकिन वन विभाग के अधिकारी और कर्मी मौन धारण किए हुए ,जिसका कारण एक युवक को अपनी जान गंवानी पड़ी। थाना क्षेत्र के हनहट ग्राम पंचायत के गितिलगढ़ जंगल में पिछले कई दिनों से दर्जनों की संख्या में जंगली हाथी के होने के जहां एक तरफ किसानों के खेत मे लगे फसल बर्बाद हो रहा है वहीं बीती रात हाथी के चपेट में आने से हनहट निवासी गफ्फार अंसारी के 30 वर्षीय पुत्र सज्जिर अंसारी का घटना स्थल पर ही मौत हो गया। इस बारे में प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हर दिन की तरह मंगलवार रात भी दर्जनों की संख्या में जंगली हाथी गितिलगढ़ जंगल से शाम के समय गोपाल बांध की ओर पानी पीने आया जहां सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण व खेती का पटवन कर रहे किसान हाथी देखने पहुंचे, उसी क्रम में सज्जिर अंसारी हाथी की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। मृतक सज्जिर अंसारी पांच भाई बहनों में सबसे छोटा लड़का था। जिसका विवाह कुछ दिन पूर्व हुआ था 6 महीने का पुत्र अर्शलान अंसारी भी है। घटना की जानकारी कैरो थाना को दिया गया जिसके बाद एसआई संजय कुमार सिंह मृतक के घर पहुंचकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं बनक्षेत्र पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि एक साथ कई जगह का पदभार होने के कारण कई बार चाहकर भी कार्यवाही करने में देर हो जाती है इसके बावजूद हमने रात में ही कर्मचारियों को जाने का निर्देश दिया था हालांकि स्पस्ट नही है कि गया था की नहीं। पीड़ित परिवार को तत्काल और बाद में विधिसम्मत जो भी लाभ होगा उसे दिया जाएगा। इधर गांव के अलावे भी अगल बगल के लोगों का तांता सुबह से उसके घर मे लगा रहा। लोगों की बीच चर्चा रही कि बीती रात अन्य कई लोगों के जान में भी खतरा मंडरा रहा था कि किन्तु किसी तरह लोग जान बचाकर भागने में कामयाब रहे। कई दिनों से क्षेत्र में जंगली हाथी की सूचना के बाद भी बन विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नही होने से लोगों में दर्द और रोष भरा हुआ है।

### 1932 खतियान लागू करने की मांग को लेकर आदिवासी अधिकार मंच ने किया विरोध प्रदर्शन

# आदिवासियों की जमीन बाहरी लोगों को देना समाज पर अघात है : मंच

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। डुमरी प्रखंड में बुधवार को आदिवासी अधिकार मंच के नेतृत्व में हजारों आदिवासी किसानों और ग्रामीणों ने 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति को लागू करने की पुरजोर मांग करते हुए एक विशाल प्रदर्शन और जनसभा किया। इस कार्यक्रम में झारखंड, त्रिपुरा और अन्य राज्यों के आदिवासी नेताओं ने भाग लिया और राज्य सरकार पर आदिवासियों के अधिकारों का हनन करने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने बीडीओ, सीओ मुदार्बाद, मर जाएंगे पर जमीन नहीं देंगे जैसे नारे भी लगाए। जनसभा डुमरी बाजार टांड़ से हुई। जहां से एक विशाल रैली निकाली गई जो बाद में जनसभा में परिवर्तित हो गई। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 1976 और 1977 में सरकार द्वारा आदिवासियों की पारंपरिक जमीनों को छीनकर बाहरी लोगों को सौंपना न केवल संविधान का उल्लंघन है, बल्कि यह आदिवासी पहचान पर भी एक गहरा आघात है। जनसभा में मुख्य रूप से स्थानीय नीति के आधार पर 1932 खतियान को पूर्ण रूप से लागू करने, 1976-77 की भूमि वितरण नीतियों को तत्काल रद्द कर आदिवासियों को उनकी पूर्वजों की जमीनें वापस दिलाने, ऑनलाइन खतियान प्रक्रिया को समाप्त कर ग्रामसभा आधारित सत्यापन प्रणाली को लागू करने की मांग सरकार से की गई। कार्यक्रम में त्रिपुरा के पूर्व सांसद और आदिवासी नेता जितेन्द्र चौधरी, पूर्व सांसद और आदिवासी अधिकार मंच के संयोजक पूर्णिमा बिहारी बारके, झारखंड राज्य आदिवासी अधिकार मंच के अध्यक्ष प्रफुल्ल लिंडा उपस्थित थे। संबोधित करते हुए नेताओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि सरकार ने आदिवासियों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर मोहन उरांव, आनंद प्रकाश एक्का, गॉडविन बखला और सुखदेव उरांव आदि उपस्थित थे।

## चैनपुर पुलिस ने 21 गोवंशियों पशु लदा दो पिकअप वाहन को किया जब्त, तस्कर फरार

चैनपुर। चैनपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टोंगो के समीप 21 गोवंशियों पशु से भरे दो पिकअप वाहनों को पकड़ा है। चैनपुर थाना प्रभारी को जानकारी मिली थी कि कुछ तस्कर टोंगो होते हुए बूचड़खाना की ओर गोवंशियों को ले जा रहे हैं। इस सूचना पर त्वरित संज्ञान लेते हुए सर्किल इंस्पेक्टर महेन्द्र करमाली, थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी और थाना के जवानों की एक टीम गठित की गई। टीम ने घेराबंदी कर दो टाटा पिकअप वाहनों को पकड़ा। इन वाहनों में 21 गोवंशियों को क्रूरतापूर्वक लादकर ले जाया जा रहा था। पुलिस को देखकर गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया। पकड़े गए सभी गोवंशियों को चैनपुर थाना परिसर में लाया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि सभी गोवंशियों पशुओं को जिम्मेनामा के साथ ग्रामीणों के बीच वितरित किया जाएगा। पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस तस्करी में और कौन-कौन शामिल हैं। इस कार्रवाई से क्षेत्र में पशु तस्करी पर लगाम लगने की उम्मीद है।

# साफी नदी में डूबने से 11 वर्षीय बच्चे की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड के साफी नदी में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। जिसमें 11 वर्षीय बालक राज कुमार मुंडा की डूबने से मौत हो गई। इस घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। डुमरी थाना क्षेत्र के कांजी गांव निवासी मुन्ना मुंडा का 11 वर्षीय पुत्र राज कुमार मुंडा अपनी बड़ी बहन के ससुराल मड़ाईकोना में रहकर टोंगो के एक इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ता था। मंगलवार को स्कूल से लौटने के बाद वह अपने दोस्तों के साथ साफी नदी में नहाने गया था। नदी किनारे मिर्चा की खेती के लिए बने बांध के कारण वहां एक गहरा गड्ढा बन गया था। नहाते समय अनजाने में राज उस गहरे गड्ढे में चला गया और डूब गया। साथ में नहा रहे बच्चों ने तुरंत भागकर परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन नदी किनारे पहुंचे और बच्चे की तलाश शुरू कर दी। जब राज नहीं मिला तो तत्काल चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी को घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही चैनपुर थाने के एसआई दिनेश कुमार और एएसआई नंदकिशोर कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बांध का पानी निकलवाकर शव को बाहर निकाला और उसे चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर के मौजूद न होने पर परिजनों ने आक्रोश व्यक्त किया। इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। हम इस दुख की घड़ी में मृतक के परिवार के साथ हैं और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करने का प्रयास करेंगे। चैनपुर की मुखिया शोभा देवी ने डॉक्टर की अनुपस्थिति की शिकायत कों गंभीर बताते हुए उचित कार्रवाई की मांग की ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति न आए। बाद में डॉ धर्मनाथ ठाकुर ने स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर राज मुंडा को मृत घोषित कर दिया।

## लोहरदगा शहर में कल भाजपा के नेतृत्व में निकलेगी तिरंगा यात्रा



लोहरदगा। जम्मू कश्मीर के पहलगांव में आतंकवादी घटना के बाद भारत के सैनिकों ने केंद्र सरकार के निर्देश पर बड़ी करवाई करते हुए पाकिस्तान के आतंकवादी ढिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। इस करवाई में दर्जनों आतंकवादी एवम पाकिस्तानी सैनिक मारे गए एवं दर्जनों घायल हुए। इससे घबड़ा कर पाकिस्तान त्राहिमाम करने लगा और युद्ध रोकने की गुहार लगाने लगा। इसे भारत की जनता अपनी जीत मानते हुए पूरा देश में तिरंगा यात्रा निकाल अपनी खुशी मना रही है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई ने प्रदेश के निर्देश पर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में बुधवार को जिला कार्यालय में बैठक कर 16 मई दिन शुक्रवार को शहर में तिरंगा यात्रा निकालने का निर्णय लिया है। बैठक में तिरंगा यात्रा को सभी भूतपूर्व सैनिकों, सामाजिक संगठनों, व्यवसाययों, शिक्षा संस्थानों एवं कानूनविदों की अगुवाई में करने का निर्णय लिया गया। तिरंगा यात्रा प्रातः 8 बजे अग्रसेन भवन से निकलकर गुदरी बाजार, बड़ा तालाब, अमलाटोली होते हुए पावरगंज तक जाएगी। बैठक में पूर्व के कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए सभी मंडलो में 20 मई को तिरंगा यात्रा निकालने का निर्देश दिया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व अध्यक्ष राजकिशोर महतो, उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो, बाल कृष्णा सिंह, महामंत्री संजय कुमार, बिनोद राय, मिना बाखला, विजय सोनी, मिथुन तमेडा, सचिन कुमार सत्यम कुमार, मंडल अध्यक्ष अशोक साहू, विवेक चौहान, राजेन्द्र महतो, विश्वजीत भारती, रामकुमार खेरवार, राजकुमार मुंडा सुरेश बैठा आदि उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता सेनानी स्व गंधर्व भगत की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन आज



लोहरदगा। 15 स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी सहभागिता निभाने वाले स्वतंत्रता सेनानी, समाजसेवी सह लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत के पिता स्व गंधर्व भगत की 17वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आज उनके आवासीय परिसर लोहरदगा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 12:30 किया गया है। उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव आलोक कुमार साहू ने दिया।

# युनिवर्सल पब्लिक स्कूल के सभी छात्र सफल

खबर मन्त्र संवाददाता



भंडरा। युनिवर्सल पब्लिक स्कूल नवडीहा, भंडरा के सभी 16 छात्र-छात्राओं ने सीबीएससी के 10 की परीक्षा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होकर अपने स्कूल, शिक्षक एवं अभिभावक का नाम रौशन किया। विद्यालय के निदेशक बैद्यनाथ कुमार पांडेय ने बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई, शुभकामनाएं और आशीर्वाद देते हुए कहा कि अभिभावक का विश्वास शिक्षकों और बच्चों का मेहनत रंग लाया। है। बच्चों का भविष्य उज्वल हो इस निमित मार्गदर्शन दिए। स्कूल के टॉपर शहरयार-87-67, संकेत ठाकुर- 85%, पीयुष भगत- 84.8%, अंकिता84.2%, आशीष 82%.अंक लाये। सभी अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधक और शिक्षकों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि इस विद्यालय में रिजल्ट तो अच्छा होता ही है लेकिन साथ-साथ अनुशासन और संस्कार भी रहता है। जो बच्चों के लिए ज्यादा महत्त्व की बात है।

# जूनियर डीएवी में वाटरमेलन डे मनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। एमबी डीएवी विद्यालय में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में जूनियर डीएवी के प्रभारी अश्विन पात्रों द्वारा वाटरमेलन डे पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर बताया गया कि गर्मी के मौसम में रसीले फल बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। रसीले फल, जैसे तरबूज, खरबूजा, अंगूर, आम, आदि, गर्मियों में आसानी से उपलब्ध होते हैं और शरीर को नमीयुक्त रखने में मदद करते हैं। विद्यार्थियों को गर्मी के मौसम में रसीले फलों का महत्व समझाने के उद्देश्य से विद्यालय में कक्षा नर्सरी के बच्चों के मध्य वाटरमेलन डे मनाया गया। जिसमें बच्चों द्वारा हरे व लाल पेपर की सहायता से वाटरमेलन बनाया गया। इस प्रतियोगिता में आस्था अदिति उरांव, अरीका भगत, देवांश कुमार साहू, माहम परवेज, प्रांशी प्रियम, रुहान अंसारी, सक्षम भगत, सानवी साहू, वर्नन कृष्ण केशरी, आशिका केरकेट्टा, अश्विका भारती, शिवन्या दत्ता, प्रिशा कुमारी आदि ने प्रथम स्थान अर्जित किया। प्राचार्य जी पी झा ने नन्हे बच्चों को गर्मियों में रसदार फल खाने हेतु प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता में शिक्षिका प्रिया कुमारी निर्णायक बनीं।

# राशन कार्ड एवं आधार कार्ड में हो रहे मिसमैच की समस्या का डीएसओ करें समाधान: डीसी

## प्रखंडों के सतत विकास व योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर हुई विशेष समीक्षात्मक बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता




बैठक में निर्देश देते डीसी कर्ण सत्यार्थी व उपस्थित अधिकारी ।

गुमला। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों तक सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित हो इस उद्देश्य से डीसी कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर विगत कुछ माह से वरीय अधिकारियों को विभिन्न प्रखंडों से टैग किया गया है।

इन अधिकारियों द्वारा संबंधित प्रखंडों में लगातार फील्ड भ्रमण, स्थानीय प्रशासन एवं नागरिकों के साथ बैठ कर योजनाओं की समीक्षा तथा स्थलीय निरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में समाहरणालय सभागार में डीसी सत्यार्थी की अध्यक्षता में एक विशेष समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अधिकारियों द्वारा फील्ड भ्रमण के दौरान की गई गतिविधियों, निरीक्षण रिपोर्ट, और योजनाओं की अद्यतन स्थिति की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक के दौरान डीसी ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान देते हुए राशन डीलरों की लापरवाही पर नाराजगी प्रकट की।

उन्होंने राशन कार्ड एवं आधार कार्ड में हो रहे मिसमैच की गंभीरता को रेखांकित करते हुए आपूर्ति विभाग को त्वरित सुधार की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। डीसी ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, आंगनबाड़ी, मनरेगा, पशुधन विकास योजना एवं पीएम-जनमन योजना सहित सभी प्राथमिक सेवाओं के प्रभावी संचालन की गहन समीक्षा की।

उन्होंने वरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से फील्ड विजिट करें तथा गांवों में आमजन से संवाद स्थापित कर योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का आकलन करें। विद्यालयों में शौचालय, पेयजल और बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने, आंगनबाड़ी केंद्रों में नियमित कक्षा संचालन, अस्पतालों की व्यवस्था सुदृढ़ करने और सभी सरकारी भवनों के उपयोग की स्थिति की जांच के भी निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि यदि कोई भवन अनुपयोगी या बंद स्थिति में है, तो उसे शीघ्र क्रियाशील किया जाए। डीसी ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए सभी क्षेत्र में पानी की सुविधाओं को दुरुस्त करने की बात कही। पीएम-जनमन योजना के तहत पात्र लाभुकों को योजनाओं से जोड़ने के लिए तेज गति से कार्रवाई करने का निर्देश भी अधिकारियों को दिया गया। पशुधन योजना के अंतर्गत लाभुकों को पशु वितरण से पूर्व उनकी उचित प्रशिक्षण एवं देखरेख की जानकारी देने की बात कही गई, ताकि पशुओं की हानि न हो।

बैठक में जिला आपूर्ति विभाग की भी समीक्षा की गई। जिसमें केवाईसी, राशन वितरण एवं जन वितरण प्रणाली से जुड़ी प्रक्रियाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, परियोजना निदेशक आईटीडीए, एसडीओ सदर, एसडीओ बिशुनपुर, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, परिवहन पदाधिकारी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### घाघरा में प्रखंड स्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# मॉडल स्कूल का रहा दबदबा, बने विजेता

खबर मन्त्र संवाददाता



घाघरा। शिक्षा विभाग घाघरा के द्वारा प्रखंड संसाधन केंद्र में कैरम टैलेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के चयनित नव विद्यालयों में से पांच विद्यालय के छात्र- छात्रा उपस्थित हुए। इस क्रम में अंडर 17 बालक-बालिका वर्ग में मॉडल स्कूल घाघरा, अंडर-19 बालक-बालिका वर्ग में मॉडल स्कूल घाघरा विजेता रहा। वही अंडर 17 बालक-बालिका वर्ग में सिंगल खिलाड़ी में एंजल भगत, अभिजीत राय मॉडल स्कूल घाघरा, अंडर 19 बालक-बालिका वर्ग में सिंगल खिलाड़ी में दीपिका कुमारी अनीश रजा मॉडल स्कूल घाघरा विजेता रहे। बता दे कि पूरे प्रतियोगिता में मॉडल स्कूल घाघरा विजेता रहा। उक्त प्रतियोगिता में मॉडल स्कूल घाघरा, एसएस हाई स्कूल घाघरा, प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय घाघरा, उच्च विद्यालय आदर, पीएम श्री उच्च विद्यालय ईचा के छात्रा छात्रा शामिल हुए। जबकि उत्क्रमित उच्च विद्यालय टोटाम्बी, प्रोजेक्ट स्कूल बदरी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरवाटोली, उत्क्रमित उच्च विद्यालय हापामुनि विद्यालय के छात्र छात्रा अनुपस्थित रहे। प्रतियोगिता में चारों अनुपस्थित रहे विद्यालय के शिक्षकों का बच्चों के भविष्य से कोई लेना देना नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है। बच्चों को एक बेहतर अवसर और प्लेटफार्म मिला था। लेकिन शिक्षकों द्वारा लापरवाही बरती गई। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने कहा कि विजेता विद्यालय और प्रतिभागी जिला स्तर पर होने वाले कैरम टैलेंट प्रतियोगिता में शामिल होंगे। वही बच्चों को मोमेंटो और मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कई विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

## लातेहार : ग्रामीणों ने आरोप लगाया पुलिस की पिटाई से हुई मौत, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

# पुलिस की पिटाई से व्यक्ति की मौत, यह एक जघन्य अपराध है: विधायक

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लातेहार।** सदर प्रखंड के जालिम खुर्द गांव के दुखी प्रसाद उर्फ सुखन प्रसाद (55) वर्ष की मौत पर गुस्साये लोगों ने शव के साथ बुधवार को शहर के धर्मपुर मोड़ के पास करीब दो घंटा तक रांची-डालटेनगंज मुख्यमार्ग ठ्ल-75 सड़क जाम कर दिया। इस दौरान सड़क के दोनो ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। जिसमें राहगिरो को परेशानी का सामना करना पड़ा। करीब 2 घंटे तक सड़क जाम रहा पुलिस के द्वारा बल प्रयोग कर जाम हटाया गया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस के द्वारा की गयी पिटाई के कारण उनकी मौत हुई है। परिजनों ने मीडिया को बताया कि पिछले 12 मई की रात पुलिस सादे ड्रेस में उनके घर आयी थी, और घर के लोगों की बेरहमी से पिटायी की, महिला और बच्चो की भी पीटाई की गयी साथ ही मोबाइल व अन्य सामान भी लूट लिये। इस पिटाई में अंदरूनी चोट लगने की वजह से दुखी प्रसाद उर्फ सुखन प्रसाद (हेरहंज) की मौत हो गयी। सड़क जाम की सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार, अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो जालिमखुर्द पंचायत की मुखिया सुनीता देवी, मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से जाम हटाने का आग्रह किया। जहां प्रदर्शनकारियों ने जाम हटाने से इनकार कर दिया एवं उग्र होने लगे इसे देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा हल्का बल का प्रयोग कर सभी प्रदर्शनकारी को हटाया गया। थाना के द्वारा बताया गया की अवैध निर्माण की जांच में गई थी टीम, ग्रामीणों ने किया हमला जिसमें आठ पुलिसकर्मी घायल हो गए, पीड़ित परिवार के आरोपों को बताया झूठ, पुलिस ने इन सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि वे अवैध निर्माण की सूचना पर गांव पहुंचे थे, जहां ग्रामीणों द्वारा टीम पर हमला कर दिया गया। इस हमले में थाना प्रभारी समेत आठ पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस का दावा है कि घटना के बाद पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार होने वालों में रौशन कुमार, पिंटू कुमार, सुनिल कुमार, पंकज कुमार और जितेन्द्र कुमार साव का नाम शामिल है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने पर कारवाई की जायेगी। कहा कि परिजन पुलिस की पिटाई से मौत होने का लगा रहे हैं आरोप। लातेहार विधायक प्रकाश राम ने कहा कि क्षेत्र का प्रत्येक व्यक्ति मेरे परिवार के समान है। इनके दुख में शामिल होना मेरा कर्तव्य है। विधायक श्री राम ने कहा कि पुलिस के द्वारा जो बर्बरता पूर्वक पिटाई हुई थी। जिसमें व्यक्ति की मौत हो गई है यह एक जघन्य अपराध है। इसमें कोई बातचीत नहीं किया जाएगा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए विधानसभा में भी इस बात को रखा जाएगा और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाएगा।


मृतक के परिजनों से जानकारी लेते विधायक।


जमाकर्ताओं से वार्ता करते प्रशासन।


शव के साथ ग्रामीन रोड जाम करते हुए।

## 17-18 मई को क्षेत्र दौरा 19 को प्रकाश राम लगाएंगे जानता दरबार


विधायक प्रकाश राम।

**बारियातू।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक प्रकाश राम ने अपने समर्थकों के साथ 17 व 18 मई को बारियातू प्रखण्ड क्षेत्र मे जनसमस्याओं से अवगत होने एवं निष्पादन की दिशा मे कार्य करने हेतु क्षेत्र भ्रमण करगे। जानकारी देते हुए झारखण्ड प्रजापति कुम्हार महासंघ प्रखण्ड सचिव सह युवा भाजपा नेता सोनू प्रजापति ने बातया की 17 मई को गोनिया पंचायत एवं 18 मई को फुलसू पंचायत अंतर्गत क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। 19 मई दिन सोमवार को समय 11 बजे से बारियातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार बारियातू परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया जायेगा। जिसमें बारियातू क्षेत्र वासियों व कार्यकताओं से आग्रह कर कार्यक्रम में आमंत्रित किया है। वहीं कार्यकर्त्ता देवनंदन प्रसाद, अनिल प्रसाद, योगेंद्र भोक्ता ने सभी क्षेत्र वासियों को आमंत्रित करते हुए अपील किया है कि विधायक प्रकाश राम का क्षेत्र भ्रमण एवं जनता दरबार कार्यक्रम में समय पर पहुंचे और क्षेत्र के जन समस्याओं से अवगत करायें।

## लातेहार में नशे के खिलाफ बना सामाजिक आंदोलन, गांव-गांव में चल रही है जागरूकता मुहिम

# प्रशासन भी अभियान के तहत कर रही है कड़ी कार्रवाई

- अबतक 10 की हुई गिरफ्तारी
- उपायुक्त ने कहा कि अफीम व अन्य नशीले पदार्थों की खेती व भंडारण पर रखी जा रही है कड़ी निगरानी


उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लातेहार।** जिला प्रशासन द्वारा नशे के विरुद्ध चलाया जा रहा विशेष अभियान अब केवल प्रशासनिक कार्रवाई तक सीमित न रहकर एक सामाजिक आंदोलन का रूप ले चुका है। अफीम और अन्य मादक पदार्थों के खिलाफ इस मुहिम को जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है, जिससे यह अभियान और भी प्रभावशाली हो उठा है। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने इस मुहिम को जन-जन की जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि नशा केवल युवाओं का भविष्य ही नहीं छीनता, बल्कि सामाजिक संरचना को भी गहरे स्तर पर प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि अफीम व अन्य नशीले पदार्थों की खेती, भंडारण और अवैध कारोबार पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन के अनुसार पुलिस, उत्पाद एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से अब तक कई गांवों में छापेमारी की गई है, जहां संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई गई है। कार्रवाई के तहत अब तक 10 लोगों की गिरफ्तारी भी की जा चुकी है। नशे के विरुद्ध जनजागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूलों, कॉलेजों, पंचायत भवनों व सामुदायिक केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में युवाओं को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी जा रही है और उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उपायुक्त ने अभिभावकों, शिक्षकों और समाज के सभी जिम्मेदार नागरिकों से अपील की है कि वे बच्चों की गतिविधियों पर निगरानी रखें और किसी भी संदिग्ध जानकारी को तुरंत प्रशासन को सूचित करें।

## बरवाडीह में कराटे चैंपियनों का हुआ सम्मान

# छात्रों की प्रतिभा को मिला मंच, खेल और शिक्षा दोनों में आगे बढ़ने का संदेश


सम्मानित करते अतिथी।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बुधवार को बरवाडीह प्रखंड के छेचा पंचायत स्थित चपरी गांव के ग्रीनलैंड इंग्लिश मिडिल स्कूल में स्टेट कराटे चैंपियनशिप से लौटे खिलाड़ियों के सम्मान में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर शामिल हुईं। स्कूल प्रबंधन और छात्र-छात्राओं ने पुष्पगुच्छ और तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। समारोह के दौरान रांची में आयोजित स्टेट कराटे चैंपियनशिप में ब्राउन मेडल जीतने वाले अमन कुमार और आदर्श कुमार को सम्मानित किया गया। इन दोनों खिलाड़ियों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न सिर्फ स्कूल, बल्कि पूरे प्रखंड का नाम रौशन किया। मुख्य अतिथि संतोषी शेखर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में भी कराटे जैसी खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें मंच देने और सही मार्गदर्शन की। उन्होंने सेंसई मदन लाल और उनकी टीम द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने यह भी जोड़ा कि शिक्षा के साथ खेलकूद बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी है। स्कूल के प्रधानाध्यापक ने कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि के बावजूद स्कूल बच्चों को हर क्षेत्र में आगे लाने का प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम में निर्देशक शिव प्रसाद गुप्ता, रविंद्र सिंह, रवि रंजन, नसीम अंसारी, सोनम गुप्ता और तनवीर चौधरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा


अनवेशा सिंह।


अनुष्का सिंह।


स्वेताभ रानी।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लातेहार।** जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय का सीबीएसई की 10 वीं की परीक्षा का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। इस आशय की जानकारी विद्यालय की प्राचार्या तृप्ति भारती ने दी। उन्होने बताया कि इस वर्ष विद्यालय सीबीएसई 10 वीं की परीक्षा में कुल 77 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया था। जिसमें 76 उर्तीण रहे। अनवेशा सिंह विद्यालय के टॉपर रही है। उसने 95 प्रतिशत अंक ला कर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। जबकि अनुष्का सिंह ने 92 प्रतिशत अंक ला कर विद्यालय में दूसरा स्थान और जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। स्वेताभ रानी ने 91 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में तीसरा स्थान, कंचन कुमारी ने 90 प्रतिशत अंक लाकर चौथा स्थान और नीतिश दुबे ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवा स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय की प्राचार्य तृप्ति भारती ने सभी सफल छात्र व छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की उन्होंने छात्रों से एक लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करने की सलाह दी साथ ही कहा कि बिना परिश्रम के सफलता नहीं मिलती है।

# आठ माह से नहीं मिला मानदेय, आर्थिक तंगी से जूझ रहे प्रखंड कार्यालय के दैनिक भोगी कर्मचारी

## विधायक से लगाई गुहार, कहा जल्द हो बकाया भुगतान



**खबर मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड कार्यालय में राइडर कंपनी के माध्यम से कार्यरत दैनिक भोगी कर्मचारियों की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। बीते आठ माह से मानदेय नहीं मिलने के कारण इन कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। कई कर्मचारियों के परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं, लेकिन अब तक उनकी कोई सुनवाई नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार, चालक, कंप्यूटर ऑपरेटर समेत अन्य पदों पर कार्यरत कर्मी लगातार अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। इसके बावजूद राइडर कंपनी की ओर से उन्हें पिछले आठ महीनों से मानदेय नहीं दिया गया है। बीडीओ के वाहन चालक भोला पासवान कई हफ्तों से बीमार हैं, लेकिन पैसों की तंगी के कारण इलाज तक नहीं करवा पा रहे हैं। अन्य कर्मचारी अरुण कुमार, रोशन कुमार और अनिल यादव भी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने में असमर्थ हैं। कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने कई बार कंपनी और अधिकारियों से मानदेय भुगतान की गुहार लगाई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। आखिरकार, उन्होंने स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह से मिलकर हस्तक्षेप की मांग की है। कर्मचारियों ने आग्रह किया है कि विधायक कंपनी पर दबाव बनाकर जल्द से जल्द बकाया भुगतान सुनिश्चित कराएं। इसके साथ ही कर्मचारियों ने मांग की है कि भविष्य में मानदेय समय पर दिया जाए, ताकि उन्हें ऐसी स्थिति का सामना फिर न करना पड़े। इस मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर भी चिंता जताई जा रही है।

## चंदवा में दिवा रात्रि क्रिकेट टूर्नामेंट 26 से


क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।

**चंदवा।** स्थानीय हाई स्कूल खेल स्टेडियम में आगामी 26 मई से संभावित दिवा रात्रि कैनवस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कमांडो क्रिकेट क्लब की ओर से स्व. प्रभाकर मिश्रा की स्मृति में आयोजित की जा रही है। टूर्नामेंट को लेकर बुधवार को सांसद कालीचरण सिंह से आयोजन समिति ने मुलाकात कर उन्हें इस कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया साथ ही उनसे सहयोग की भी अपेक्षा की है जिस पर सांसद ने कहा कि इस क्रिकेट टूर्नामेंट में कमेटी को मेरा पूरा सहयोग रहेगा। मौके पर उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, संजीव आजाद, शिवमंगल सिंह, मंटू केसरी, मुकेश सिंह, मन्नू गुप्ता के अलावे कमांडो क्रिकेट क्लब के कृपाचार्य सिंह उर्फ दारा, सुधाकर मिश्रा एवं विभाकर मिश्रा शामिल थे। आयोजन समिति ने सांसद के प्रति अपना आभार जताया।

# ब्रह्माकुमारी संस्थान ने चलाया नशा मुक्ति अभियान



ब्रह्माकुमारी के द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया गया।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में ब्रह्माकुमारी संस्थान के द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। जिसमें बालूमाथ के किड्स जूनियर्स स्कूल,बालूमाथ राजकीय कृत उच्च विद्यालय, उत्क्रमित हाई स्कूल झाबर में आयोजित कार्यक्रम में संस्था से आए हुए मंगल कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित कहा की नशा देश के युवाओं को बर्बाद कर रहा है। हमें ईश्वर ने कितना मूल्यवान शरीर दिया है। इसका हमें ध्यान रखना चाहिए। सत्संग के कारण ही लोग जीवन में सुख और शांति महसूस कर रहे हैं। हमारे शरीर में बहुत कीमती अंग है। उन्हें किसी भी नशे वाली चीजों से खराब नहीं होने देना है। शरीर को मूल्यवान समझने के कारण किसी के द्वारा बहुत ज्यादा रुपए देने पर भी दान नहीं करना चाहते। उसके विपरीत हम लोग चंद रुपए खर्च नशा कर शरीर के उन्हें अंगों को नुकसान पहुंचा देते हैं। वही बालूमाथ ब्रह्माकुमारी संस्थान से किरण कुमारी ने कहा कि हमारे माता-पिता एवं गुरुजन हमें अच्छी बातें अमल लाने को कहते हैं। तो हमें तुरंत ही उसे मानकर चलना चाहिए क्योंकि जीवन में विभिन्न प्रकार की परिस्थितियों आती हैं। और उन परिस्थितियों से हमें छोटी-मोटी शिक्षाएं बाहर निकलने में मदद करती हैं। मोबाइल डिवाइस के दुरुपयोग ना करके उसका सही उपयोग करना चाहिए। वही संस्थान के द्वारा झांकी का भी आयोजन किया गया जिसमें नशा मुक्त भारत अभियान का स्लोगन लिखा हुआ था। मौके पर राजौरी से आए हुए राजयोगिनी बहन पूनम बहन वही गुमला से आए हुए उत्तम कुमार मंगल कुमार के अलावा बालूमाथ ब्रह्माकुमारी संस्थान की किरण बहन कार्यक्रम में शामिल रही।

## मनिका प्रखंड में मनरेगा योजना अंतर्गत गड्ढा खुदाई कार्यक्रम का किया गया आयोजन


कार्यक्रम में उपस्थित बीडीओ व अन्य।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में मनरेगा योजना अंतर्गत संचालित बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार के नेतृत्व में गड्ढा खुदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम के तहत पूरे प्रखंड क्षेत्र में कई एकड़ भूमि पर लाभुकों का चयन कर बागवानी का लक्ष्य रखा गया है जिसे लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार के नेतृत्व में अभियान को क्षेत्र में पूरे तेजी से चलाया जा रहा है। बता दें कि गड्ढा खुदाई अभियान का शुरूआत 1 अप्रैल से किया गया था जो जून महीने तक चलाया जाएगा और बारिश का मौसम शुरू होते ही बागवानी का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। वहीं इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार के अलावा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार, रोजगार सेवक, समेत कई ग्रामीण शामिल थे।

## विश्रामपूर मे पीएलए बैठक संपन्न


बीमारी से बचने के लिए पीएलए के द्वारा बैठक किया गया।

**बारियातू।** प्रखंड के गोनिया पंचायत अंतर्गत विश्रामपूर आंगनवाड़ी केंद्र मे कुपोषण,आहार व बीमारी से सम्बंधित पीएलए बैठक किया गया। पीएलए बैठक मे मुख्य रूप से स्वास्थ्य सहिया बसंती देवी व राजमनी देवी ने मुख्य भूमिका निभा रहे थे। बैठक मे उपस्थित महिलाओं को खान पान, आहार, बीमारी व कुपोषण से सम्बंधित विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं कई खेलों के माध्यम से स्वास्थ्य रहने बीमारी से बचाव व पोस्टिक आहार को लेकर चर्चा भी किया गया। महिलाओं के हाथ मे तख्तीयां देकर जागरूक किया गया। मौके पर सहिया साथी सहित ग्रामीण अनिता देवी, ममता देवी,सोनी देवी, मनीषा देवी,अनिता कुमारी सहित काफी संख्या मे महिला उपस्थित थे।

# मनिका प्रखंड के कई आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति जर्जर

- अधिकारियों के द्वारा नहीं लिया जा रहा संज्ञान

**खबर मंत्र संवाददाता**


जर्जर अवस्था में आंगनबाड़ी केंद्र।



जर्जर भवन की जानकारी देती सेविका।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित कई आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति जर्जर अवस्था में है जिसके कारण बच्चों के साथ बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। वहीं मनिका पंचायत स्थित बेलवाटांड़ गांव में आंगनबाड़ी नर्सरी स्कूल केंद्र की हालत इन दिनों काफी जर्जर हो चुकी है। जहां पर पेयजल के लिए केंद्र परिसर के बाहर एक एक जलमीनार लगा हुआ है लेकिन वह भी वर्षों से खराब पड़ा हुआ है,जिस वजह से बच्चों को पीने का पानी सहायिका को दूर से बाल्टी में लाना पड़ता है। वहीं आंगनबाड़ी केंद्र के कमरों की छत और दीवारें पूरी तरह से जर्जर अवस्था में है,भवन कि छत और दीवारों में जगह-जगह पर दरारें पड़ गई हैं,जिसके कारण भवन कब गिर जाए कुछ कहा नहीं जा सकता है,इसके बावजूद बच्चों की जान को खतरे में डालकर शिक्षण कार्य किया जा रहा है,अगर संचालन अवधि में दुर्घटना हुआ तो कई मासूमों की जान जोखिम में पड़ने की संभावना बनी हुई है। बता दें कि मनिका प्रखंड के बेलवाटांड़ आंगनबाड़ी केंद्र के साथ-साथ विभिन्न पंचायतों में कई ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र हैं, जिनके भवन बेहद खतरनाक स्थिति में पहुंच चुके हैं और आंगनबाड़ी केंद्र की ऐसी जर्जर हालत होने के बाद भी संबंधित अधिकारियों द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। साथ ही इन भवनों का किसी प्रकार का कोई मेंटेनेंस नहीं कराया जा रहा है और ना ही आंगनबाड़ी केंद्रों को किसी अन्य सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट कर संचालन किया जा रहा है। जबकि इन्हीं जर्जर भवनों में आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। जिससे बच्चों की जान पर जोखिम बना रहता है। साथ ही तमाम जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों के अंदर बैठकर बच्चों को पोषण आहार और खेल-खेल में शिक्षा देने का काम किया जा रहा है। वहीं बेलवाटांड़ आंगनबाड़ी केंद्र में 30 से 40 बच्चे पढ़ाई करते हैं और पूर्व में आंगनबाड़ी केंद्र के जर्जर भवन के बरामदे की छत का एक हिस्सा गिर गया था जिससे कि एक बच्चे की सर पर काफी चोट भी लगी थी। साथ ही घटना के समय अंदर कमरे में बच्चों की संख्या कम थी और कुछ बच्चे पढ़ रहे थे, इस घटना के बाद बच्चों के मन में भी दहशत का माहौल बना हुआ था,अगर नौनिहाल वहां खेलते-कूदते होते तो स्थिति का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। वहीं मामले में विभागीय अधिकारियों की अनदेखी सामने आई है,असल में कमरे की छत का प्लास्टर झड़ गया है जिसके कारण बारिश के मौसम में छत से पानी टपकता रहता है। वहीं सेविका मीना देवी ने बताया कि जर्जर भवन को लेकर विभाग को कई बार पत्र लिख चुकी हैं और केंद्र का फोटो भी भेजा है,लेकिन कोई संज्ञान नहीं लिया गया है, जिस वजह से केंद्र की स्थिति को देखते हुए ग्रामीण भय के कारण अपने बच्चों को भेजना नहीं चाहते हैं।

### भवन के जर्जर अवस्था को लेकर जिला को भेजा गया है रिपोट: सीडीपीओ

वहीं जब इस मामले को लेकर मनिका सीडीपीओ अर्चना सिन्हा से दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि जर्जर आंगनबाड़ी भवन को लेकर जिला को रिपोर्ट भेजा गया है जैसे ही जिला से हम लोगों को फंड मिलेगा नए भवन बनवाकर बच्चों को नए भवन में शिफ्ट कर दिया जाएगा।

## विधायक के प्रयास से गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर



**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के फुलसु ग्राम में लातेहार के विधायक प्रकाश राम के प्रयास से गांव में नया 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया। मौके पर जानकारी देते हुए भाजपा नेता मोहम्मद जुनैद ने बताया कि गांव में पिछले एक माह से ट्रांसफार्मर खराब था। जिस कारण लोग अंधेरे में रहने को विवश थे। वही इस भीषण गर्मी में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिसके बाद लोगों ने इसकी शिकायत लातेहार के विधायक प्रकाश राम से किया था। जिसके बाद विधायक ने लातेहार बिजली विभाग के एसडीओ से इस संबंध में बात किया और गांव में 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया ।वहीं विधायक द्वारा इस कार्य को लेकर गांव के मो. शमीम अख्तर मोहम्मद शफीक समेत कई गांव के लोगों ने बधाई दिया है।

# फुसरो शहर में स्थायी बस स्टैंड का अभाव, मगर नगर परिषद हर साल करती है पड़ाव की नीलामी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बेरमो के फुसरो में कहीं भी बस स्टैंड नहीं है. मुख्य सड़क के किनारों को ही अस्थायी बस स्टैंड जैसा उपयोग किया जाता है। यहां रोजाना 20 से 25 बसें रुकती हैं। जहां से झारखंड के कई जिलों के अलावा बिहार के बक्सर, दाउदनगर, बलिया, औरंगाबाद, डेहरी, छपरा, सिवान आदि जगहों के लिए बसें जाती हैं। निर्मल महतो चौक के पास सड़क के किनारे विभिन्न जगहों के लिए लंबी दूरी की बसें लगती हैं।

धनबाद की ओर जाने वाले यात्रियों को फुसरो सब्जी मंडी के पास ही मुख्य सड़क के किनारे बस का इंतजार करना पड़ता है। सड़क के किनारे बसें व अन्य छोटे वाहन लगते हैं। जिस कारण यहां अक्सर सड़क जाम हो जाती है। गोमिया-हजारीबाग की ओर जाने के लिए यूको बैंक फुसरो के नजदीक तथा टाटा की ओर जाने के लिए भुवनेश्वर सिंह पेट्रोल पंप की दूसरी ओर बसें लगती हैं।

इस स्थिति में जहां-तहां यात्रियों को खड़े रह कर बसों का इंतजार करना पड़ता है। जबकि हर वर्ष नियमित रूप से बस पड़ाव की निलामी होती है।

अब सवाल उठता है कि जब स्थाई बस पड़ाव ही नहीं है तो फिर निलामी किस बस पड़ाव की होती है। यात्रीयो की सुविधा की बात करे तो यहां यह शून्य है।



**बस स्टैंड के नाम पर प्रतिवर्ष लाखों रुपये का राजस्व की वसूली करने के बाद भी यात्रियों को कोई सुविधा नहीं, सड़क को ही स्टैंड का नाम देकर प्रतिवर्ष नगर परिषद द्वारा राजस्व की जाती है वसूली**

# गोड्डा : पीडीजे ने किया चिल्ड्रन होम का निरीक्षण सुविधाओं व भवन की स्थिति का लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता




**गोड्डा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार एवं सचिव दीपक कुमार ने बुधवार को सरकंडा स्थित चिल्ड्रन होम (बालक) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सरकार व प्राधिकरण की ओर से मुहैया की जाने वाली सभी प्रकार की सुविधाओं की पड़ताल की। बाल सुधार गृह को मिलने वाली सुविधाओं समेत सफाई, स्वास्थ्य व भवन की स्थिति का जायजा लिया गया। उन्होंने बच्चों के बीच पाठ्य सामग्रियों का वितरण किया। पीडीजे ने बारी- बारी से बच्चों से बातचीत कर उनका मनोबल बढ़ाया। कहा कि बच्चों को डरने की बात नहीं है। नहीं डरने के लिए ही हम यहां आए हुए हैं। आपको यहां सभी प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। आप यहां पारिवारिक माहौल में रहकर पढ़ना-लिखने भी सीखें। कहा कि बच्चे यहां रहकर डरे नहीं और इन बच्चों का बचपन सुरक्षित रहे और ये फिर से उछलकूद कर सकें यही मुख्य उद्देश्य है। इस उम्र के बच्चे तो खेलने-कूदने में मस्त रहते हैं। चिल्ड्रन होम की ओर से जानकारी दी गई कि ये बच्चे बाल कल्याण समिति के माध्यम से सौपे गए हैं। इन बच्चों के माता-पिता के बारे में अबतक जानकारी नहीं मिली है। माता पिता की खोज के लिए काउंसिलिंग जारी है। वर्तमान में बाल गृह में छह बच्चे हैं जो विभिन्न जगहों से रिस्क्यू करके लाए गए हैं। इस अवसर पर कार्यपालक दंडाधिकारी अभय कुमार झा, विधि सह परवीक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार, एलएडीसी रीतेश कुमार सिंह, आयूष राज, पीएलवी नवीन कुमार, अविनाश कुमार, तबरेज आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### सड़क हादसे में ड्राइवर खलासी की गयी जान



बेरमो। डुमरी के केवी मोड़ के समीप सड़क हादसे में डोर स्टेप डिलीवरी वाहन का ड्राइवर और खलासी की जान चली गई है। घटना डुमरी थाना क्षेत्र की है। बताया जाता है कि झारखंड राज्य खाद निगम के डोर स्टेप डिलीवरी वाहन किसी राशन डीलर का सामान पहुंचा कर डुमरी वापस आ रहा था तभी सामने से आ रही किसी अज्ञात वाहन से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें डोर स्टेप डिलीवरी वाहन का ड्राइवर और खलासी की मौके पर ही जान चली गई। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस वाहन सहित शव को अपने कब्जे में लेकर थाने ले आई है और पूरे मामले की जांच में जुट गई। वहीं घटना के बाद दूसरा वाहन भागने में सफल रहा है। फिलहाल मृतक की पहचान जयलाल महतो ड्राइवर और असगर अंसारी खलासी के रूप में हुई है।

### बैदकारो पश्चिमी पंचायत मे मना भगवान बुद्ध जयंती



बेरमो। बैदकारो पश्चिमी पंचायत के जयनगर बसडीपु में भीम आर्मी भारत एकता मिशन फुसरो, बोकारो जिला कमिटी की ओर से भगवान बुद्ध जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गोवर्धन रविदास व संचालन जिला उपाध्यक्ष ललन राम ने किया। यहां उपस्थित लोगों ने बुद्ध जी चित्र पर माल्यार्पण कर कैंडल जलाकर त्रिशरण का पाठ किया एवं भगवान बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष रविदास व जिला उपाध्यक्ष राम ने कहा कि भगवान बुद्ध ने पूरे विश्व को अहिंसा और शांति का मार्ग बताया है, जिससे पूरा विश्व सुरक्षित रह सकता है। द्वेष अनुराग और कलह से कोई भी सुखी नहीं रहा है। अतः हमें भगवान बुद्ध के आदर्श को आत्मसात करना चाहिए। कहा कि बचपन से ही सिद्धार्थ करुणा और प्रेम के प्रति मूर्ति थे। इस दौरान बुद्धम शरणम् गच्छामि संघम शरणम् गच्छामि। अत दिपो भवाः और बौद्ध धम्म की क्या पहचान-मानव मानव एक समान आदि नारों से क्षेत्र बौद्ध मय लग रहा था। मौके पर फुलचंद रविदास, मनोज पासवान डॉ भरत महतो, नकुल रविदास, मनोज शर्मा, संजू किंडर, रंजीत कौल, चंदेश्वर महतो, राजेंद्र रविदास, कपील रविदास, मोहन रविदास, माधुरी देवी, यशोदा देवी, सीता देवी, सुमन देवी, काजल देवी, बिनोद रजक, भोला रजक आदि लोग मौजूद थे।

### मातृ सम्मेलन कार्यक्रम सफल पूर्वक आयोजित करने को लेकर हुई बैठक, लिये गये कई निर्णय



फुसरो। अनपति देवी सरस्वती शिशु विधा मंदिर फुसरो में 16 मई को मातृ सम्मेलन कार्यक्रम सफल पूर्वक आयोजित करने को लेकर विधालय के सभागार में बैठक की गयी। बैठक का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से विद्यालय के अध्यक्ष राकेश शर्मा, उपाध्यक्ष रामनरेश द्विवेदी, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल, कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन के सचिव धीरज कुमार पाण्डेय, मकोली विद्या मंदिर के अध्यक्ष अखिलेश सिंह, सचिव छेदी नोनिया, स्टाफ क्वार्टर के सचिव सुमित बंसल ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में 16 मई को होने वाले संकुल स्तरीय मातृ सम्मेलन की पूर्व समीक्षा की गयी। मातृ सम्मेलन कार्यक्रम को लेकर विभिन्न प्रकार के विभाग बाटे गए। बताया गया कि इस सम्मेलन में कस्तूरबा संकुल के 6 विद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राए की माताएं एवं अन्य महिलाए लगभग हजारो की संख्या में भाग लेगी। वक्ताओ ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमो के आयोजन से बच्चो के सर्वांगीण विकास की ओर ध्यान देता हैं ताकि हमारा बच्चे चरित्रवान व राष्ट्रभक्त बने। कहा कि आज के बच्चे कल का राष्ट्र निमार्ता है। मौके पर पूरे संकुल से 6 विधालयो में कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन के प्रभारी प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार महतो, शिशु मंदिर ढोरी के प्रधानाचार्य प्रमांनद सिंह, शिशु मंदिर मकोली के प्रधानाचार्य गणेश पाल, पिछरी के प्रधानाचार्य झरना चटर्जी एवं विद्या मंदिर तुपकाडीह के प्रधानाचार्य मंटु गिरी आदि सहित सैकडो की संख्या में आचार्य-आचार्या मौजूद थे।

### झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के प्रतिनिधियों का कुरपनिया में भव्य स्वागत



कुरपनिया। बुधवार को कुरपनिया में झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम, उपाध्यक्ष प्रणेश सोलोमन और सदस्य बरकत अली का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह प्रतिनिधिमंडल पेक निवासी अब्दुल कलाम की मॉब लिंचिंग में हुई दर्दनाक मृत्यु के बाद उनके परिजनों से मिलने के लिए पेक जा रहे थे। पेक जाने के क्रम में इस टीम के कुरपनिया पहुंचने पर यूनाइटेड मिल्ली फोरम के प्रदेश सचिव अफजल अनीस और कुरपनिया के सदर जनाब शमशेर शेख उर्फ लल्लू शेख के नेतृत्व में स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों ने आयोग के सदस्यों का भव्य स्वागत किया। स्वागत के दौरान शामिल होने वाले लोगों मे मो सलीम, विक्की, मो जावेद अंसारी, दानिश सिद्दीकी, फिरोज मल्लिक, रिफत, खुर्शीद, हारून रशीद, गोल्डन, इकबाल, शाहिद अनवर, सद्दाम, इमरान, मोहम्मद मिसाल, अफरोज और गुड्डू समेत कई अन्य लोग शामिल थे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने मॉब लिंचिंग की घटनाओं की कड़ी निंदा की और अल्पसंख्यक समुदाय के प्रति न्याय सुनिश्चित करने की मांग की। आयोग के प्रतिनिधियों ने परिजनों को न्याय दिलाने और घटना की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। घटना के पिड़ीतो के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि आयोग पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और दोषियों को सजा दिलाने के लिए हरसंभव कदम उठाया जाएगा। यह दौरा न सिर्फ प्रशासनिक संवेदनशीलता का परिचायक था, बल्कि यह भी दर्शाता है कि राज्य में अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा और अधिकारों को लेकर सजगता बढ़ रही है।

### बोकारो : अवैध शराब फैक्ट्री का उद्भेदन



बोकारो। डीसी विजया जाधव के निर्देशानुसार एवं सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन में गुप्त सूचना के आधार पर जिला उत्पाद बल के सहयोग से पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र के औलगढ़ा ग्राम में पंचायत सचिवालय के निकट मंगलवार देर रात एक निमार्णाधीन मकान में छापामारी कर एक नकली विदेशी शराब की मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इसका संचालन अंकित सिंह एवं राहुल माहथा के द्वारा नेपाल महतो के निमार्णाधीन मकान में अवैध रूप से किया जाता था जिसकी देखरेख काशी टांड़ निवासी गौतम गोप के द्वारा किया जाता था। सभी संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध झारखंड उत्पाद की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत अभियोग दर्ज किया जा रहा है। घटनास्थल से टीम ने भारी मात्रा में तैयार विभिन्न ब्रांड की अवैध शराब-60 पेटी 556 लीटर 50 लीटर स्प्रिट व शराब बनाने की सामग्री जैसे- विभिन्न ब्रांड के स्टीकर खाली बोतल विभिन्न ब्रांड के ढक्कन पंचिंग मशीन झारखंड सरकार के नकली होलोग्राम आदि जब्त किया गया। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद विजय कुमार पाल अवर निरीक्षक सदर-सह-तेनुघाट सन्नी विवेक तिर्की अवर निरीक्षक बेरमो-सह-चंदपुरा महेश दास एवं उत्पाद विभाग बल आदि शामिल थे।

### छापेमारी में चार टन अवैध कोयला जब्त



कथारा। महाप्रबंधक कथारा के निर्देशानुसार एवं क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी के सहभागिता में कथारा ओपी पुलिस दल एंव क्षेत्रीय गश्ति दल तथा कथारा कोलियरी गश्ति दल द्वारा बुधवार को कथारा कोलियरी स्थित 03 न ऊपर क्वारी, झिरकी बस्ती यादव टोला के समीप कोयला चोरों के विरुद्ध औचक छापेमारी अभियान चलाया गया। उक्त छापेमारी अभियान में करीब 4 टन अवैध कोयला जब्त कर कथारा ओपी के सुपुर्द कर दिया गया है। उक्त छापेमारी अभियान में राजेश प्रजापति, थाना प्रभारी, कथारा ओपी, केएन पाठक आदि शामिल थे।

### केबी कॉलेज बेरमो में 17 मई को जॉब प्लेसमेंट शिविर का होगा आयोजन

बेरमो। केबी कॉलेज बेरमो सिर्फ विधार्थियों को शिक्षा ही ग्रहण नही करवाती बल्कि उनके भविष्य के प्रति चिंतित भी रहती है। इसी को लेकर 17 मई को कॉलेज मे प्लेसमेंट शिविर का विशेष आयोजन किया गया है। यह प्लेसमेंट सेल एवं कैरियर काउंसलिंग सेल के संयुक्त तत्वावधान द्वारा 17 मई 2025 शनिवार को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन सुबह 10 बजकर 30 मिनट से किया जाएगा। कॉलेज के कला, वाणिज्य और विज्ञान विषयों में उत्तीर्ण विद्यार्थियों, छह सत्र के छात्र छात्राओं को रोजगार से जोड़ा जाएगा। एन आई आई टी फाउंडेशन नई दिल्ली के अमेजन, फ्लिपकार्ट आदि कंपनी इस मे भाग ले रही है। इसके लिये विधार्थियों को दो पासपोर्ट साइज फोटो, सभी सर्टिफिकेट और बायो डाटा लेकर को बुलाया गया है। कॉलेज के प्राचार्य लक्ष्मी नारायण ने कहा के बी कॉलेज बेरमो द्वारा लगातार कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन कर छात्र छात्राओं को रोजगारपरक बनाया जा रहा है। डॉ अरुण कुमार रॉय महतो प्लेसमेंट सेल के कोऑर्डिनेटर ने बताया कि योग्य अभ्यर्थियों को प्लेसमेंट सेल अपने कैरियर बनाने के लिए बार बार मौका दे रही है। डॉ प्रभाकर कुमार कैरियर काउंसलिंग सेल कॉर्डिनेटर ने कहा युवाओं का समग्र व्यक्तित्व निर्माण के बी कॉलेज बेरमो की ओर से किया जा रहा है। प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति, डॉ अरुण कुमार रॉय महतो, डॉ प्रभाकर कुमार, रविंद कुमार दास, सदन राम आदि ने कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में आने वाली कंपनी का धन्यवाद कहा है। योग्य अभ्यर्थियों का चयन कर बेरमो कोयलांचल का नाम जॉब के छेत्र में भी ले जानी है।

## स्पीड न्यूज

### बेरमो का अध्ययन मित्तल ने वाणिज्य संकाय में लहराया परचम



बेरमो। बेरमो के फुसरो निवासी पंकज मित्तल के पुत्र अध्ययन मित्तल ने वाणिज्य संकाय के 12वीं सीबीएसई बोर्ड में 97.4% अंक लाकर बोकारो जिला में तृतीय स्थान एवं पूरे झारखंड में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया,जिससे पूरे परिवार में हर्ष व्याप्त है। इस उपलब्धि पर परिवार वालो सहित क्षेत्र के लोगों ने मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। अध्ययन मित्तल का सपना श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से आगे की पढ़ाई करना और साथ में सीए की पढ़ाई करना है। बधाई देने में दिलीप मित्तल, सरिता मित्तल, कविता मित्तल, पंकज मित्तल, भावना मित्त, रोहित मित्तल, छितरमल बंसल, कृष्ण कुमार चांडक, चिरंजी लाल अग्रवाल सहित कई लोग शामिल हैं।

### सेना के सम्मान में गोड्डा में तिरंगा यात्रा का आयोजन 16 मई को

गोड्डा। आपरेशन सिंदूर के तहत जय हिंद की सेना के अदम्य साहस व शौर्य ने जिस प्रकार पाकिस्तान को घुटनों पर लाया हैं और आतंकवादियों उनके ठिकानों को ध्वस्त किया हैं उसके सम्मान में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन गोड्डा जिला मुख्यालय में शुक्रवार को हटिया चौक गोड्डा सांय 4:00 बजे शुरू होगा, जो हटिया चौक गोड्डा कारगिल चौक और समापन अशोक स्तंभ गोड्डा में किया जाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने जिले के आम जनमानस एवं तमाम युवा बंधुओं से आग्रह किया गया है राष्ट्र गौरव के इस पल के साक्षी बनने व शामिल होने आप सभी राष्ट्र भक्तो को सादर आमंत्रित किया है।

### ठाकुरगंगटी सीओ ने मेहरमा अंचल का लिया अतिरिक्त प्रभार

गोड्डा/महागामा। अनुमंडल के ठाकुरगंगटी सीओ मदन महली ने मंगलवार को डीसी जिशान कमर के निर्देश पर मदन महली ने मेहरमा प्रखंड के बीडीओ सह प्रभारी सीओ अभिनव कुमार से मेहरमा अंचल का अतिरिक्त प्रभार लिया। बताते चलें कि गोड्डा डीसी के निर्देश पर सीओ ने प्रभार लिया है। मदन महली अब ठाकुरगंगटी अंचल के अलावे मेहरमा अंचल में भी कार्यरत रहेंगे और अंचल के कार्यों को ससमय निष्पादित करेंगे। वहीं पदभार ग्रहण करते समय मौके पर ठाकुरगंगटी बीडीओ विजय कुमार मंडल सहित अंचल के सभी कर्मी उपस्थित थे।

### पाइप लाइन बिछाने के बाद नहीं किया मरम्मत

बोकारो/कसमार। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल तेनुघाट के अंतर्गत पेटरवार-कसमार संयुक्त ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के दौरान संवेदक द्वारा कई सड़कों को खोदकर क्षतिग्रस्त किया गया है। लेकिन दो-तीन वर्षो के बाद भी आजतक गड्ढों को भरकर मरम्मतीकरण नहीं किया गया। जिससे आये दिन राहगीर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा बार-बार संवेदक का ध्यान आकृष्ट करने के बावजूद इस दिशा में ना विभाग और ना ही संवेदक ध्यान दे रहे है। जेएलकेएम पार्टी के जिला अध्यक्ष अमरेश कुमार महतो ने बताया कि बरईकला ओरमो मधुकरपुर दुगार्पुर पोंडा मंजूरा बगदा टांगटोना आदि गांवों में सड़क क्षतिग्रस्त कर दिये गये हैं। नियमानुसार सड़क पर पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदे गये गढ़ों को मरम्मती भी करना है। जिलाध्यक्ष महतो ने उपायुक्त बोकारो को पत्र लिखकर संवेदक के खिलाफ कार्रवाई कर जल्द ही सड़कों की मरम्मतीकरण कराने की मांग की है।

# मुआवजा लेने के बावजूद संरचना नहीं हटा रहे रैयतों पर बोकारो प्रशासन ने चलाया बुलडोजर

## 16 से 20 मई तक खुदीबेड़ा मौजा में अतिक्रमण सरंचनाओं पर चलेगा अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** बरलंगा से कसमार भाया नेमरा पथ चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के तहत अधिग्रहित भूमि व मकान आदि संरचनाओं का मुआवजा लेने के बावजूद कसमार प्रखंड के रैयतों द्वारा संरचनाओं को हटाये नहीं जाने पर बुधवार को बेरमो एसडीओ मुकेश मछुआ के निर्देश पर प्रशासन ने मंजूरा मौजा में बुलडोजर चलाकर एक-एक रैयतों के संरचनाओं को हटा दिया। अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ के आदेशानुसार कसमार सीओ प्रवीण कुमार को वरीय दंडाधिकारी के अलावे कनीय अभियंता राजीव रंजन एवं आशीष कुमार को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त कर संरचनाओं को अतिक्रमण मुक्त अभियान में विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई। मंजूरा के हरिजन टोला स्थित मनसा मंदिर को हटाने के लिए जाने पर कुछ लोगों द्वारा रोक लगा दिया गया। इसके बाद कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर मंदिर को अन्यत्र स्थापित करने को सहमत किया। जो एक सप्ताह के भीतर मंदिर को स्थानांतरित करेंगे। वहीं अन्य कई रैयतों को भी समझाकर संरचनाओं को हटाने में अहम भूमिका निभाई। बुधवार को प्रशासन की अभियान में मंदिर और कब्रिस्तान को छोड़कर सभी संरचनाओं को हटा दिया गया। बताया कि सड़क निर्माण में अधिग्रहित धार्मिक भूमि एवं संरचनाओं के समिति को मुआवजा राशि भुगतान कर हटाया जायेगा। मंजूरा मौजा में प्रेमचंद महतो सोनाराम महतो मोहन राम महतो सुदामा महतो बनवारी प्रजापति हकीम प्रजापति सच्ची नाथ महतो संजय प्रजापति शंकर तूरी चोलाराम तूरी मुकेश तूरी देवा तूरी दिलीप तूरी गोविंद तूरी भीखन तूरी भगतू महतो आदि रैयतों के मकान आदि संरचनाओं को तोड़ कर हटाया गया। खुदीबेड़ा मौजा में 16 से 20 मई को प्रशासन द्वारा अतिक्रमण मुक्त के लिए बुलडोजर अभियान चलाया जाएगा। जिसमें अधीर चक्रवर्ती के घर से लेकर प्रयाग महतो के घर तक लगभग तीन दर्जन रैयतों की संरचनाओं को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया जायेगा। मौके पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी कनीय अभियंता राजीव रंजन व आशीष कुमार कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो कंसल्टेंट टीम हेड चंद्रभूषण कुमार जिला भू-अर्जन कार्यालय के शरत महतो एसआई मोजमिल राजस्व कर्मचारी जमील अहमद गंगा कंस्ट्रक्शन के अधिकारी नरेंद्र पांडेय गुड्डू पाठक विकास तिवारी जैप के पुलिस बल चौकीदार मिथलेश महतो समरेश महतो नीतू कुमारी आरजू खातून आदि उपस्थित थे।

# गोड्डा : वेतन नहीं मिलने से नाराज रेलवे लाइन के ठेका मजदूरों ने किया प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा/ललमटिया।** एमजीआर रेलवे लाइन केबिन में रेलवे लाइन के ठेका मजदूर ने संथाल परगना औद्योगिक मजदूर संघ के बैनर तले अप्रैल महीना का वेतन नहीं मिलने पर जोरदार प्रदर्शन किया। मजदूर संघ के सचिव रामजी साह, सहायक सचिव सोनाराम मड़ैया ने कहा कि यह सभी मजदूर फरक्का एनटीपीसी के रेलवे लाइन में ठेका मजदूर के रूप में कार्य करते हैं। मजदूर एवं एनटीपीसी प्रबंधन ठेकेदार के बीच लिखित समझौता के माध्यम से कहा गया था कि प्रत्येक महीने के 10 तारीख तक सभी मजदूर को वेतन की राशि मिल जाएगी, लेकिन अभी तक वेतन नहीं मिला है। जबकि मजदूर कठिन मेहनत से फरक्का एनटीपीसी के एमजीआर रेलवे लाइन का देखरेख करते हैं, जिससे एनटीपीसी प्रबंधन सुचारू रूप से राजमहल परियोजना से कोयल की ढुलाई करती है। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी प्रबंधन अपने समझौता को उल्लंघन कर रही है, जिससे मजदूर आक्रोशित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि 13 मई तक एनटीपीसी के ठेकेदार मजदूर को वेतन नहीं देती है, तो 14 मई के सुबह 9 बजे से मजदूर द्वारा ललमटिया केविन के पास धरना-प्रदर्शन करेंगे, इसकी सारी जिम्मेवारी प्रबंधन की होगी। मौके पर लोहा सिंह, सुलेमान हांसदा, दिलीप हांसदा, शीतल लोहार, चंदन मुर्मू, जुगल, तलकू सोरेन आदि उपस्थित थे।

# सीबीएसई 12वीं में डीपीएस बोकारो की बारुनी कॉमर्स में और साइंस में अंकिता बनी टॉपर



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** सीबीएसई की 12वीं बोर्ड परीक्षा में डीपीएस बोकारो की कॉमर्स संकाय की छात्रा बारुनी अग्रवाल ने सर्वाधिक 97.80 प्रतिशत लाकर टॉपर होने का गौरव पाया। वहीं, दूसरे स्थान पर साइंस टॉपर अंकिता साक्षी रही जिसे 97.20 प्रतिशत अंक मिले। इस वर्ष साइंस एवं कॉमर्स संकायों की परीक्षा में कुल 484 विद्यार्थी शामिल हुए थे और सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे। 88 विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत व अधिक तथा 338 को 80 प्रतिशत व इससे ज्यादा अंक मिले। अपने विद्यालय के छात्र-छात्राओं की इस उत्कृष्ट सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने विद्यार्थियों को अपने हाथों से मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। घोषित परिणाम के अनुसार विज्ञान संकाय के टॉप टेन में क्रमशः अंकिता साक्षी बंदिता माहथा व मनीष कुमार अभिनीत शरण श्रेष्ठा रूपम द्विवेदी एवं तान्या पांडेय निश्चय मेहता एवं कनिष्ठ शर्मा अनुपम शर्मा उत्कर्ष राज एवं पलक्ष सिंह अनूप झा सुरभि प्रिया एवं करुणाकर देव तथा ऋषिमा तिवारी समृद्धि सृजन व सिद्धांत शर्मा रहे। वहीं कॉमर्स संकाय के सर्वश्रेष्ठ 5 विद्यार्थियों में क्रमशः बारुनी अग्रवाल जशी कुमारी हर्षिता सिंह अभिनव सिसोदिया एवं मयंक अग्रवाल के नाम शामिल हैं।

### डीपीएस चास के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



डीपीएस चास के 12वीं विज्ञान में अदिति शुभम अंकित कुमार दुबे दीप्तांशु प्रकाश अंचित साहनी तथा नीरज चौधरी तो वाणिज्य में अमित कुमार शर्मा प्रतीचि जैन तथा सिजा अख्तर टॉपर रहे। जहां 05 विद्यार्थियों ने 90 % से अधिक अंक प्राप्त किया वहीं 21 ने 80 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किए तो 32 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा साबित की है। 10वीं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में गरिमा मंडल अंशुमन चौधरी बौद्धिक गोस्वामी अमन कुमार सुदीप दत्ता पार्थ पुजल अभिनव आनंद वंशिका राउत आदित्य हर्ष कुमारी रिया मयंक राज तथा राज आर्यन टॉपर हैं। 78 विद्यार्थियों में 9 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक और 35 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त किया है। विद्यालय का औसत परीक्षा परिणाम 76.10 % रहा है।

# बेरमो सीओ ने थाना प्रभारियों के साथ कोयला चोरी पर अंकुश लगाने को लेकर की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/बोकारो।** जिले के बेरमो प्रखंड अंतर्गत बेरमो प्रखंड कार्यालय में बेरमो सीओ संजीत कुमार सिंह ने अपने कार्यालय में सीसीएल ढोरी, बीएंडके व कथारा एरिया के सुरक्षा पदाधिकारी सहित बेरमो थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर रोहित कुमार सिंह, बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर पिंकू कुमार यादव, गांधीनगर थाना प्रभारी धनंजय कुमार सिंह के साथ बैठक किया इस बैठक में थाना क्षेत्र में अवैध कोयला खनन भंडारण वह तस्करी पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने एवं सुरक्षत्मक उपाय करने को लेकर चर्चा किया गया। सीओ संजीत कुमार सिंह ने कहा कि बेरमो मे अवैध कोयला तस्करी पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जाएगा। कहा कोयला चोरी में संलिप्त लोगों पर राज्य सरकार व सीसीएल के गाइडलाइंस के अनुसार कार्रवाई किया जाएगा कहा कि सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र मे गस्ती को तेज करते हुए कहीं भी कोयला तस्करी को लेकर अवैध गतिविधि पाया जाता है तो उस पर ठोस कार्रवाई करें। सीसीएल व पुलिस संयुक्त रूप से समन्वय बनाकर कोयला तस्करी पर रोक लगाए और जहां भी अतिरिक्त बल की जरूरत हो तो उसका उपयोग करें कोलियरी में संचालित अवैध सुरंगो को डोजरिंग करा कर बंद कराये। कहा कि कोयला तस्करी से जहां सीसीएल की क्षति होती है वहीं राज्य सरकार को भी राजस्व की क्षति होती है इस मौके पर बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, बोकारो थर्मल थाना प्रभारी पिंकू कुमार यादव, गांधीनगर थाना प्रभारी धनंजय कुमार सिंह, सीसीएल बीएंडके के सुरक्षा अधिकारी डी मांझी, कथारा क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

# सीसीएल अनुदानित विद्यालयों की मांगों को लेकर अध्यक्ष ने पूर्व विधायक से की भेंट

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** कोयला खदान शिक्षक मोर्चा के अध्यक्ष प्यारेलाल यादव के नेतृत्व में गोमिया के पूर्व विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो के आवास में बुधवार को भेंट कर पिछले वर्ष सीसीएल अनुदानित विद्यालयों केभुगतान के लिए बधाई दिए एवं सीसीएल अनुदानित विद्यालयों के मुख्य 6 बिंदुओं को रखा इस पर लंबोदर महतो ने अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि आप लोगों की मांग जायज है इस पर 28 मई को सीआईएल के चेयरमैन पीएम प्रसाद से भेंट कर सीसीएल अनुदानित विद्यालयों के कोयला खदान शिक्षक मोर्चा के अध्यक्ष प्यारेलाल यादव के द्वारा दिए गए मुख्य छह बिंदुओं पर चर्चा करने की बातें भी कहीं एवं सीसीएल के सीएमडी से जून माह में समय लेकर गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के साथ एवं एक दो शिक्षकों के साथ आपकी तमाम मांगों को विचार विमर्श कर पूरा करने का भरोसा दिलाया।

मौके पर साजेश कुमार अशोक कुमार पांडे, तीजन करमाली, अंबिका सिंह, परमबंदा कुमारी, महता सर, पूर्व विधायक के निजी सहायक विपिन कुमार मीडिया से एसपी सक्सेना भी मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## कान्स में रेड कार्पेट पर उर्वशी रौतेला का जलवा



**कान्स (फ्रांस)।** 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल के पहले दिन मंगलवार को अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने मल्टीकलर गाउन, डायमंड क्राउन और क्रिस्टल पैरेट क्लच के साथ शानदार एंट्री दर्ज कराई। उन्होंने जूडिथ लीबर का लगभग पांच हजार डॉलर (करीब 4.2 लाख रुपये) की कीमत वाला पैरेट क्लच कैरी किया।

## छत्तीसगढ़ में 31 कुख्यात नक्सली ढेर

**नयी दिल्ली।** छत्तीसगढ़ में दक्षिणी बस्तर अंचल में छत्तीसगढ़–तेलंगाना सीमा क्षेत्र में बीते 21 दिनों तक चले नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षा बलों द्वारा 31 कुख्यात नक्सली मारे गये हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को एक्स पर कहा कि नक्सल मुक्त भारत के संकल्प में एक ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करते हुए सुरक्षा बलों ने नक्सलवाद के विरुद्ध अब तक के सबसे बड़े ऑपरेशन में छत्तीसगढ़–तेलंगाना सीमा के कुर्रगुट्टालू पहाड़ पर 31 कुख्यात नक्सलियों को मार गिराया।

## सुकमा में जवान ने गोली मार की सुसाइड

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा में पदस्थ एक गोपनीय सैनिक सोढ़ी सोमरा ने बुधवार को अपने सर्विस रायफल से खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार सुकमा में पदस्थ गोपनीय सैनिक सोमरा जो भेज्जी थाना ग्राम इरावती का रहने वाला है, गंभीर रूप से घायल होने के बाद अस्पताल पहुचाया गया जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## यूपी के दो एक्सप्रेसवे पर ई-वे हब बनेगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्वांचल व बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर कुल 12 ई–वे हब के निर्माण व विकास का विस्तृत खाका तैयार किया है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने मास्टर प्लान तैयार किया है। इसके जरिए दोनों ही एक्सप्रेसवे पर उत्तम यात्री सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ई–वे हब के निर्माण व विकास को बल मिलेगा।

## ट्रंप के खुलासे पर मोदी क्यों हैं मौन : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खुलासे के बाद भी आम तौर पर मुखर रहने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर का अमेरिका के दबाव के सामने चुप्पी साधना हैरान करता है। कांग्रेस ने कहा कि ट्रंप ने खुलासा किया है कि उन्होंने प्रतिबंधों और व्यापारिक सौदों के लालच और धमकी का इस्तेमाल करके भारत को पाक के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए ब्लैकमेल कर मजबूर किया है।

## वैष्णो देवी के लिए शुरू हुयी हेलीकॉप्टर सेवा

**कटरा।** भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य गतिरोध से एक सप्ताह तक निलंबित रहने के बाद जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर के लिए हेलीकॉप्टर सेवा बुधवार को फिर से शुरू हो गई है। मंदिर बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि पिछले सात दिनों तक निलंबित रहने के बाद माता वैष्णो देवी मंदिर में हेलीकॉप्टर सेवा सुबह फिर से शुरू हो गई।

# ड्रोनों के झुंड को पलभर में तबाह करेगा भार्गवास्त्र

**एजेंसी**

- हार्ड-किल काउंटर-स्वॉर्म ड्रोन सिस्टम भार्गवास्त्र का ओड़िशा के चांदीपुर में प्रक्षेपण हुआ सफल
- 2.5 किमी तक की दूरी पर छोटे और तेज गति से उड़ने वाले ड्रोन को पहचानकर नष्ट कर सकता है भार्गवास्त्र




**नयी दिल्ली।** भारत ने ड्रोन हमलों के खिलाफ अपनी क्षमताओं को और मजबूत करते हुए अत्याधुनिक, कम लागत वाले हार्ड-किल काउंटर-स्वॉर्म ड्रोन सिस्टम भार्गवास्त्र का सफल परीक्षण किया है। यह परीक्षण बुधवार को ओडिशा के गोपालपुर स्थित सीवर्ड फायरिंग रेंज में किया गया। यह सिस्टम स्वदेशी रूप से सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड (एसडीएएल) द्वारा विकसित किया गया है और इसे भारत की रक्षा क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है, खासकर यह ड्रोन स्वॉर्म (झुंड) जैसे खतरों को निष्क्रिय करने में काफी कारगर है। परीक्षण के दौरान सिस्टम के माइक्रो रॉकेट्स ने सभी प्रदर्शन मानकों को सफलतापूर्वक प्राप्त किया। 13 मई को तीन अलग-अलग परीक्षण किए गए, जिनमें दो व्यक्तिगत रॉकेट दागे गए और एक साल्वो मोड में, जहां दो रॉकेट केवल दो सेकंड के अंतर में दागे गए। सभी रॉकेट्स ने तय लॉन्च मापदंडों को पूरा किया।

भार्गवास्त्र 2.5 किमी तक की दूरी पर छोटे और तेज गति से उड़ने वाले ड्रोन को पहचानकर उन्हें नष्ट कर सकता है। इसका पहला रक्षा स्तर बिना दिशा-निर्देशन वाले माइक्रो रॉकेट्स पर आधारित है, जो 20 मीटर के घातक दायरे में कई ड्रोन को खत्म कर सकते हैं।

दूसरा स्तर गाइडेड माइक्रो मिसाइल पर आधारित है, जो सटीकता के साथ लक्ष्यों पर वार करती है। यह प्रणाली ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों (5,000 मीटर से अधिक ऊंचाई) में भी प्रभावी ढंग से काम करने में सक्षम है। इसका डिजाइन मॉड्यूलर है, जिसमें सॉफ्ट-किल तकनीकों जैसे जैमिंग और स्पूफिंग को भी शामिल किया जा सकता है।

यह भारत की मौजूदा नेटवर्क-सेंट्रिक वॉरफेयर प्रणाली से भी पूरी तरह लैस है। इसमें उन्नत सी4आई (कमांड, कंट्रोल, कम्युनिकेशन्स, कंप्यूटर एंड इंटेलिजेंस) तकनीकें शामिल हैं। रडार 6 से 10 किमी तक की दूरी पर सूक्ष्म हवाई खतरों का पता लगाने में सक्षम हैं। एसडीएएल ने इसे पूरी तरह स्वदेशी तकनीक बताया है, जिसमें रॉकेट और माइक्रो-मिसाइल दोनों का विकास देश में ही किया गया है। कंपनी का कहना कि दुनियाभर में जहां कई देश ऐसी तकनीकें विकसित कर रहे हैं, वहीं 'भार्गवास्त्र' जैसी लागत-कुशल और मल्टी-लेयर्ड प्रणाली अभी तक कहीं भी तैनात नहीं की गई है।

यह परीक्षण न केवल मेक इन इंडिया पहल के तहत एक और मील का पत्थर है, बल्कि देश की हवाई सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

## उत्तर प्रदेश के जेवर में लगेगा देश का छठा सेमीकंडक्टर प्लांट

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारत सेमीकंडक्टर मिशन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में एक और सेमीकंडक्टर यूनिट की स्थापना को मंजूरी दी है। इस यूनिट की स्थापना से देश में सेमीकंडक्टर निर्माण क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में देश का छठा सेमीकंडर प्लांट स्थापित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि यह यूनिट एचसीएल और फॉक्सकॉनह्य का संयुक्त उपक्रम है। इसे यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट के पास स्थापित किया जाएगा।

# भारत की तरफ अंगुली उठाने वालों के जनाजे में रोने वाले भी नहीं होंगे

## भारत के जवानों ने पाकिस्तान के हौसले किए पस्त : योगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- दुनिया ने पाकिस्तान व उसके आकाओं के बेशर्मी भरे उस चेहरे को भी देखा, आतंकियों के जनाजे में वहां के नेता व सैन्य अफसर भी हुये शामिल
- आतंकवाद के पालने-पोसने वाले और उनके परिवार से जुड़े लोगों को भारतीय सेना ने वीभत्स कृत्य की सजा दी



लखनऊ में शौर्य तिरंगा यात्रा में भाग लेते सीएम योगी व अन्य।

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि यह तय है कि भारत की तरफ जो भी उंगली उठाएगा और बहन-बेटियों के सम्मान के विरुद्ध सुरक्षा में सेंध लगाने का कार्य करेगा, उसके जनाजे में कोई रोने वाला भी नहीं मिलेगा। लखनऊ में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा को लेकर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के जवानों ने पाकिस्तान के हौसले पस्त किए। दुनिया ने पाकिस्तान व उसके आकाओं के बेशर्मी भरे उस चेहरे को भी देखा, जिसमें आतंकियों के जनाजे में वहां के नेता व सैन्य अधिकारी भी शामिल हुए। योगी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना के शौर्य को सलामी देने के लिए अपने सरकारी आवास से तिरंगा यात्रा को रवाना किया।

हाथ में तिरंगा लेकर मुख्यमंत्री ने यात्रा का नेतृत्व किया। उन्होंने प्रदेशवासियों की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, जवानों, पूर्व सैनिकों, नौजवानों का अभिनंदन किया।उन्होंने कहा कि पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को सलाम करते हुए बहादुर जवानों का अभिनंदन करने के लिए उतावला दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान विफल राष्ट्र है और 70-75 वर्षों में उसने केवल आतंकवाद के बीज बोए हैं। पाकिस्तान ने अपनी विफलता की कहानी ही दुनिया को बताई है। आतंकवाद को दिए जा रहे प्रश्रय इस बात को साबित करते हैं कि आतंकवाद एक दिन पाकिस्तान को भी निगल देगा। खोखला हो चुका पाकिस्तान आज जिस प्रकार का दुस्साहस कर रहा है, ऑपरेशन सिंदूर उसका जवाब था। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह तय है कि भारत की तरफ जो भी उंगली उठाएगा और बहन-बेटियों के सम्मान के विरुद्ध सुरक्षा में सेंध लगाने का कार्य करेगा, उसके जनाजे में कोई रोने वाला भी नहीं मिलेगा। भारत की आन-मान-शान की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हमारी सरकार ने सारे प्रमाण दिए, उसके बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो अंततः ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया। उन्होंने कहा कि पहले ही दिन 100 से अधिक आतंकवादियों व प्रत्यक्ष रूप से आतंकवाद के विषबेल को पालने-पोसने में योगदान देने वाले उनके परिवार से जुड़े लोगों को वीभत्स कृत्य की सजा दी गई। सभी ने भारतीय सेना के पराक्रम व शौर्य का लोहा माना।

## भारत में ग्लोबल टाइम्स व सिन्हुआ का अकाउंट ब्लॉक

**नयी दिल्ली।** भारत सरकार ने बुधवार को चीन के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक और डिजिटल कदम उठाया। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और पाकिस्तानी दुष्प्रचार फैलाने के आरोप में चीन के सरकारी मीडिया आउटलेट्स ग्लोबल टाइम्स और सिन्हुआ न्यूज एजेंसी के एक्स अकाउंट को भारत सरकार ने ब्लॉक कर दिया है। भारत सरकार ने चीन की सरकारी मीडिया एक्स हैंडल को ब्लॉक करने का फैसला ऑपरेशन सिंदूर के खिलाफ चलाई जा रही गलत और फर्जी खबरों को बढ़ावा देने की वजह से लिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था की चिंताओं का हवाला देते हुए यह कदम उठाया। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े ग्लोबल टाइम्स और सिन्हुआ दोनों ही झूठी खबरों और पाकिस्तान के फर्जी दावों को बढ़ावा दे रहे थे। इसमें बहावलपुर के पास एक भारतीय राफेल लड़ाकू विमान को गिराए जाने को लेकर गलत सूचना भी शामिल थी। ब्लॉक करने से पहले चीन में भारतीय दूतावास ने ग्लोबल टाइम्स को एक्स पर एक सख्त चेतावनी जारी की थी।

# जम्मू-कश्मीर में बिहार के दो जवान हुये शहीद



कुछ महीने रांची में पदस्थापित नालंदा के बीएसएफ जवान सिकंदर राउत कुपवाड़ा में पाक की गोलीबारी में शहीद हो गये

**पटना।** बिहार के दो जवान जम्मू-कश्मीर में शहीद हुए। नालंदा जिले के उतरथु गांव निवासी बीएसएफ जवान सिकंदर राउत जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा सेक्टर में पाकिस्तान की गोलीबारी में शहीद हो गए। सिकंदर राउत कुछ महीने पहले तक रांची में पदस्थापित थे। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए उन्हें कुपवाड़ा बुलाया गया। वहां तैनाती के दौरान एक आतंकी मुठभेड़ में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई और देश ने एक और जांबाज सपूत को खो दिया। सिकंदर राउत के शहादत की खबर उनकी पत्नी को मोबाइल फोन पर एसएमएस के जरिए मिली। शहीद सिकंदर राउत के चचेरे भाई रामरतन राउत ने बताया कि सिकंदर को कुछ महीने पहले ही रांची से कुपवाड़ा भेजा गया था। वे हमेशा देश सेवा के लिए तत्पर रहते थे लेकिन इस बार उनकी वापसी शव के रूप में हो रही है। सिकंदर राउत का पार्थिव शरीर 15 मई को गांव लाया जाएगा, जहां उन्हें पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाएगी।

वहीं नवादा जिले के रूपौ थाना अंतर्गत पांडेयगंगौट गांव निवासी

### कारगिल में नवादा के मनीष की ड्यूटी के दौरान हुयी मौत

अशोक राम के पुत्र व भारतीय सेना के जवान मनीष कुमार ड्यूटी के दौरान बुधवार को शहीद हो गए। वे लगभग 22 वर्ष के थे। उनके निधन की दुःखद खबर के बाद उनके गांव एवं प्रखंड में गहरा शोक है। शहीद जवान मनीष कुमार के पिता अशोक राम,माता सुशीला देवी,पत्नी सहित अन्य परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। हालांकि उन्हें अपने बेटे पर गर्व भी है। जानकारी के अनुसार मृतक मनीष कुमार जम्मू कश्मीर के कारगिल में पदस्थापित थे एवं ड्यूटी के दौरान ही बुधवार को उनकी मौत हो गई। फिलहाल उनके निधन के ठोस कारणों का पता नहीं चल पा रहा है। घटना की सूचना ड्यूटी स्थल से मृतक के घरवालों को फोन के माध्यम से प्राप्त हुई,जिसके बाद इलाके में माहौल गमगीन हो गया।



## राष्ट्रपति ने की ऑपरेशन सिंदूर में सेनाओं की वीरता की सराहना

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सीमापार से संचालित आतंकवाद के खिलाफ चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेनाओं की वीरता, समर्पण और सफलता की सराहना की है। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने बुधवार को यहां एक साथ श्रीमती मुर्मु से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात कर उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के विषय में जानकारी दी। राष्ट्रपति तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर हैं। जनरल चौहान के साथ थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह तथा नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने राष्ट्रपति को पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ की गयी कार्रवाई की जानकारी दी।

# ऑपरेशन सिंदूर : वीर सैनिकों के सम्मान में जगमग हुए देशभर के सभी रेलवे स्टेशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के अदम्य शौर्य और पराक्रम के सम्मान में देश भर के रेलवे स्टेशन जगमगा उठे। भारतीय रेल ने वीर सैनिकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए यह अनूठा आयोजन किया। इस मौके पर कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से असम तक के रेलवे स्टेशनों पर राष्ट्रभक्ति का अलग जोश देखने को मिला। इस दौरान तिरंगे की रोशनी में नहाए रेलवे परिसर देशभक्ति के गीतों से गूंज उठे। वहीं स्टेशनों पर लगी स्क्रीनों पर राष्ट्रभक्ति से जुड़े विजुअल्स ने यात्रियों को राष्ट्र प्रेम की भावनाओं से भर दिया। इस ऑपरेशन की सफलता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय रेल ने देश के विभिन्न हिस्सों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया, जिसने देशवासियों के मन मस्तिष्क में राष्ट्रप्रेम और सेना के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत किया। इसके अलावा भारतीय रेल ने तिरंगा यात्रा के साथ तमाम स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के जरिए भी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को जनमानस तक पहुंचाया। रेल की इस पहल ने ना केवल सेना के रणबांकुरों का अभिनंदन किया, बल्कि आम जनता को भी ऑपरेशन सिंदूर की गौरव गाथा से जोड़ा। यह आयोजन दशार्ता है कि देश का प्रत्येक नागरिक अपने वीर सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद न्याय की अखंड प्रतिज्ञा को पूरा करने के लिए शुरू हुआ ऑपरेशन सिंदूर सेना की वह गौरव गाथा है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा।

## प्रधानमंत्री 30 मई को आयेंगे बिहार

- पटना- सासाराम, वाराणसी - रांची फोरलेन, नवीनगर पावर प्लांट और बिहटा एयरपोर्ट का करेंगे शिलान्यास

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 मई को बिहार के रोहतास जिले के बिक्रमगंज आएंगे। बुधवार को उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इसकी जानकारी दी। चौधरी ने बताया कि मोदी पटना-सासाराम फोरलेन परियोजना की नींव रखेंगे। इसके अलावा वाराणसी -रांची फोरलेन, नवीनगर पावर प्लांट व बिहटा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण का करेंगे शिलान्यास।




# खुदरा व थोक महंगाई घटने से चढ़ा शेयर बाजार

## सेंसेक्स 182 और निफ्टी 89 अंक उछला

**एजेंसी**

- 4125 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, 2855 में लिवाली, 1121 में बिकवाली और 149 में कोई बदलाव नहीं हुआ



**मुंबई।** देश में इस वर्ष अप्रैल में खुदरा और थोक महंगाई घटने से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दरों में और कटौती करने की उम्मीद बढ़ने से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 182.34 अंक छलांग लगाकर 81,330.56 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 88.55 अंक की बढ़ोतरी लेकर 24666.90 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.19 प्रतिशत उछलकर 44,327.28 अंक और स्मॉलकैप 1.63 प्रतिशत की तेजी के साथ 49,978.95 अंक हो गया। बीएसई में कुल 4125 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2855 में लिवाली जबकि 1121 में बिकवाली हुई वहीं 149 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए कुल 2960 कंपनियों के शेयर रखे गए। इनमें से 2183 तेजी जबकि 694 गिरावट रही वहीं 83 के भाव स्थिर रहे। अनाज और शाक-सब्जियों की कीमतों में नरमी के कारण भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई इस वर्ष अप्रैल में गिरकर 3.16 प्रतिशत पर आ गयी। इससे पिछले महीने मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति 3.34 प्रतिशत और पिछले साल अप्रैल में 4.83 प्रतिशत रही थी। इसी तरह खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट और ईंधन की दरों में नरमी से अप्रैल में देश की थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित थोक महंगाई मार्च के 2.05 प्रतिशत घटकर तेरह माह के निचले स्तर 0.85 पर आ गई। निवेशकों को महंगाई में गिरावट से आरबीआई की अगली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दरों में कटौती किए जाने की उम्मीद बढ़ गई है। बैंकिंग की 0.34 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 समूहों में लिवाली का जोर रहा। इस दौरान धातु 2.46, कमोडिटीज 1.49, सीडी 0.77, ऊर्जा 1.23, एफएमसीजी 0.16, वित्तीय सेवाएं 0.10, हेल्थकेयर 0.63, इंडस्ट्रियल्स 1.73, आईटी 1.37, दूरसंचार 1.14, यूटिलिटीज 0.19, ऑटो 0.86, कैपिटल गुड्स 1.49, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.16, तेल एवं गैस 1.46, पावर 0.73, रियल्टी 1.71, टेक 1.20, सर्विसेज 0.37 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.38 प्रतिशत उछल गए।

विश्व बाजार में मिलाजुअल रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.53, जर्मनी का डैक्स 0.49 और जापान का निक्केई 0.14 प्रतिशत लुढ़क गया। वहीं, हांगकांग का हैंगसेंग 2.30 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.86 प्रतिशत चढ़ गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 130 अंक की तेजी के साथ 81,278.49 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 81,691.87 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह दोपहर तक 80,910.03 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। पिछले दिवस के 81,148.22 अंक के मुकाबले 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,330.56 अंक पर पहुंच गया।

